kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-308 | शनिवार, 13 दिसम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



हमने दो साल की समीक्षा की और आगामी तीन वर्ष के कार्यों का लक्ष्य तय किया है। हमने तय किया कि मंत्री विभागवार प्रेजेंटेशन दें। लॉ एंड ऑर्डर को लेकर सबसे बड़ी प्रॉब्लम थी। 35 साल पुरानी माओवाद की चुनौती से निपटने का केंद्रीय गृह मंत्री ने लक्ष्य तय किया।
डॉ. मोहन यादव

प्रधानमंत्री ने शिवराज पाटिल के निधन पर जताया शोक 11

विशेष बच्चों को मातृत्व देना सबसे बड़ा पुण्यः रेखा आर्या 12

केंद्र सरकार 11,718.24 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन के साथ जनगणना 2027 कराएगी

# केंद्र ने जनगणना के लिए बजट की दी मंजूरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्र सरकार 11,718.24 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन के साथ जनगणना 2027 कराएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके मुताबिक पहली बार जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल होगी। इसे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से किया जाएगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में किया जाएगा- पहला चरण अप्रैल से सितंबर 2026 तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण फरवरी 2027 में संपन्न होगा। पहली बार जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल होगी। इसे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से किया जाएगा। मोबाइल ऐप के माध्यम से डाटा इकट्ठा किया जाएगा और केंद्रीय पोर्टल के माध्यम से पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी। जनगणना को विभिन्न मंत्रालयों को विविध उद्देश्यों के लिए स्पष्ट, मशीन रीडेबल और एक्शनेबल फॉर्मेट में उपलब्ध भी कराया जाएगा।



जनगणना

❒ जनगणना की प्रश्नावली और इसकी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से एक अधिसूचना जारी की जाएगी : अश्विनी वैष्णव

उन्होंने बताया कि जनगणना 2027 का पहला चरण- हाउसलिस्टिंग एवं हाउसिंग जनगणना अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच चलाया जाएगा। दूसरा चरण, यानी जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में होगा। हालांकि लद्दाख, जम्मू-कश्मीर के दुर्गम क्षेत्रों और हिमाचल एवं उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों में यह चरण सितंबर 2026 में संचालित किया जाएगा। पूरे देश में इस विशाल अभियान को पूरा करने के लिए लगभग 30 लाख फील्ड कर्मियों की नियुक्ति की जाएगी, जिनमें शिक्षक, पर्यवेक्षक और विभिन्न स्तरों के अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह पहली जनगणना होगी जिसमें मोबाइल ऐप, डिजिटल प्रश्नावली और केंद्रीय मॉनिटरिंग पोर्टल (सीएमएमएस) का उपयोग किया जाएगा। इससे न केवल डाटा संग्रह की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि रीयल-टाइम निगरानी भी आसान होगी। जनता को स्वयं अपनी जानकारी भरने का विकल्प भी मिलेगा। सुरक्षा के लिए विशेष डिजिटल प्रावधान किए गए हैं। जनगणना 2027 के लिए विकसित 'एचएलबी क्रिएटर' वेब मैप एप्लिकेशन ● शेष पेज 11 पर

### कोलसेतु के लिए कोयला लिंकेज की नीलामी नीति को मंजूरी

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने निर्बाध, कुशल और पारदर्शी उपयोग (कोलसेतु) के लिए कोयला लिंकेज की नीलामी की नीति को मंजूरी दे दी है। इसके तहत किसी भी औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए कोयले का उपयोग करने को लेकर 'कोलसेतु' नामक एक नई विंडो बनाई गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने आज इस नीति को मंजूरी दी। यह नई नीति सरकार के कोयला क्षेत्र के सुधारों की शृंखला का हिस्सा है। यह नीति 2016 की एनआरएस (नॉन–रेगुलेटेड सेक्टर) लिंकेज नीलामी नीति में 'कोलसेतु' नामक एक अलग विंडो जोड़कर, किसी भी औद्योगिक उपयोग और निर्यात के लिए ● शेष पेज 11 पर

## किसानों की आत्महत्या के आंकड़ों में नहीं जाना चाहता यह अमानवीय होगा : शिवराज

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नयी दिल्ली । केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यसभा में किसानों की आत्महत्या के आंकड़े साझा करने से इनकार करते हुए कहा कि यह अमानवीय होगा। पंजाब से आम आदमी पार्टी के संत बलबीर सिंह ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न में पूछा था कि पिछले 15 साल में देश में कितने किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने उसका राज्यवार विवरण भी मांगा था। इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि एक भी आत्महत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण कई बार अलग.अलग पेशों में काम करने वाले आत्महत्या करते हैं। उन्होंने कहा किसानों की आय बढ़ाने के लिए हम हरसंभव प्रयत्न कर रहे हैं। मैं आत्महत्या के आंकड़ों में नहीं जाना चाहता। वह अमानवीय होगा क्योंकि तब कितनी होती थीए अब कितनी होती है यह कहना दुर्भाग्यपूर्ण होगा। लेकिन हमारा संकल्प है कि एक.एक व्यक्ति मानवीय गरिमा के साथ अपना जीवन जिये और उसमें हम कोई कोर.कसर नहीं छोड़ेंगे। आत्महत्या के कई कारण होते हैंए कई बार विद्यार्थी भी कर लेते हैंए पेशेवर भी कर लेते हैंए व्यापारी भी कर लेते हैंए गृहिणियां भी कर लेती हैं।

एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री चौहान ने बताया कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि के समग्र विकास के लिए काम कर रही है। साल 2014 की तुलना में उत्पादन 44 प्रतिशत बढ़ा है। सरकार उत्पादन की लागत घटाने के भी उपाय कर रही है। किसानों को दो लाख करोड़ रुपये उर्वरक सब्सिडी के रूप में दी जा रही है। किसान सम्मान निधि योजना के तहत ● शेष पेज 11 पर

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली, अगली सुनवाई 23 दिसंबर को

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ बयानबाजी को लेकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एक मानहानि मामले की सुनवाई शुक्रवार को टल गई। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने समय लेने के कारण आज सुनवाई स्थगित हो गई। कोर्ट ने अब अगली सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की तिथि तय की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह होनी थी, लेकिन अधिवक्ता के समय लेने के कारण सुनवाई टाल दी गई। अब 23 दिसम्बर को राहुल गांधी के अधिवक्ता गवाह रामचंद्र दुबे से जिरह करेंगे। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। हनुमानगंज निवासी मिश्रा का आरोप है कि 2018 के कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी ● शेष पेज 11 पर

### सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तानः अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान तमिलनाडु की डीएमके सरकार में हिंदुओं और सनातन धर्म के खिलाफ बढ़ते भेदभाव के माहौल पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने मदुरै की उस घटना का उल्लेख किया, जिसमें हिंदू भक्तों पर तमिलनाडु पुलिस ने इसलिए बेरहमी से लाठीचार्ज किया क्योंकि वे भगवान मुरुगन के छह घरों में से एक, पवित्र थिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर पारंपरिक कार्तिगई दीपम जलाने की मांग कर रहे थे। लोकसभा में बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा ह्लडीएमके के राज में तमिलनाडु बदकिस्मती से सनातन धर्म के खिलाफ एक सिंबल बन गया है। तमिलनाडु सरकार के मंत्री खुलेआम सनातन ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की कोशिश, हथियार सहित घुसपैठिया गिरफ्तार

जम्मू। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पारगवाल क्षेत्र में एक घुसपैठिए को पकड़ा है। उसके पास से एक हथियार भी बरामद किया गया है। बीएसएफ के अनुसार जवानों ने सीमा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधि देखते ही तुरंत कार्रवाई की और घुसपैठिए को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान अब्दुल खालिक के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ के बाद उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस पोस्ट पारगवाल (पुलिस स्टेशन खौर) को सौंप दिया गया है। पुलिस इस मामले में पूछताछ कर रही है, ताकि उसके इरादों और किसी संभावित नेटवर्क का पता लगाया जा सके। सुरक्षा एजेंसियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है।

### विजेंद्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री को 'शताब्दी-यात्रा' कॉफी टेबल बुक भेंट की

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में शुक्रवार को मुलाकात की और उन्हें दिल्ली विधानसभा की प्रस्तुति 'शताब्दीऽयात्रा, वीर विठ्ठलभाई पटेल' शीर्षक से प्रकाशित कॉफी टेबल बुक भेंट की। यह कॉफी टेबल बुक केंद्रीय विधानसभा के प्रथम भारतीय निर्वाचित अध्यक्ष वीर विठ्ठलभाई पटेल को समर्पित है। यह पुस्तक 1925 से 2025 तक भारत की संसदीय यात्रा का ऐतिहासिक दस्तावेज प्रस्तुत करती है। पुस्तक के संबंध में जानकारी देते हुए गुप्ता ने प्रधानमंत्री को बताया कि यह कॉफी टेबल बुक भारत की एक सदी लंबी संसदीय एवं लोकतांत्रिक विकास यात्रा का व्यापक संकलन है। इसमें दुर्लभ अभिलेखीय तस्वीरें, ऐतिहासिक दस्तावेज और वे महत्वपूर्ण घटनाएं शामिल हैं जिन्होंने बीते सौ वर्षों में भारतीय लोकतंत्र की दिशा तय की। पुस्तक की एक प्रमुख विशेषता 2025 में आयोजित अखिल भारतीय अध्यक्ष सम्मेलन का विस्तृत विवरण है, जिसका आयोजन केंद्रीय विधानसभा के प्रथम भारतीय अध्यक्ष विठ्ठलभाई पटेल के निर्वाचन की शताब्दी के उपलक्ष्य में किया गया था। यह सम्मेलन भारत की आधुनिक संसदीय परंपराओं की नींव रखने वाले इस ऐतिहासिक क्षण को श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित किया गया।

## इंडिगो संकटः डीजीसीए ने 4 उड़ान संचालन निरीक्षकों को पदमुक्त किया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो के संकट के 11 वें दिन नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शुक्रवार को चार उड़ान संचालन निरीक्षकों (एफओआई) को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया। इसके बाद ये सभी अधिकारी अपने मूल कंपनियों में वापस लौट जाएंगे।

डीजीसीए द्वारा हटाए गए एफओआई में ऋषभ राज चटर्जी (संविदा सहायक मुख्य उड़ान संचालन निरीक्षक), सीमा झामनानी (वरिष्ठ उड़ान संचालन निरीक्षक), अनिल कुमार पोखरियाल और प्रियम कौशिक (दोनों संविदा उड़ान संचालन निरीक्षक) शामिल हैं। आदेश में इन निरीक्षकों के सरकारी ई-मेल और ई-ऑफिस खातों को तत्काल निष्क्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। उड़ान संचालन निरीक्षक देश में हवाई सुरक्षा ढांचे के अहम हिस्सा होते हैं और विमान कंपनियों का निरीक्षण, पायलट परीक्षाएं तथा कॉकपिट में अचानक जांच जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाओं का निर्वहन करते हैं। ये अधिकारी इंडिगो के ऑपरेशनल चेक, सेफ्टी ओवरसाइट और नियमों के क्रियान्वयन की सीधी निगरानी कर रहे थे। इस बीच, इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एल्बर्स शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन डीजीसीए के सामने पेश होंगे। गुरुवार को उनसे करीब दो घंटे तक ऑपरेशंस, क्रू मैनेजमेंट, रिफंड और मुआवजे से जुड़े सवालों पर पूछताछ की गई थी। उल्लेखनीय है कि इंडिगो की उड़ानों के रद्द होने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को बेंगलुरु हवाईअड्डे से इंडिगो की 54 उड़ानें रद्द हुईं, जिनमें 31 आगमन और 23 प्रस्थान उड़ानें शामिल थीं। इससे पहले गुरुवार को दिल्ली और बेंगलुरु में 200 से ● शेष पेज 11 पर

### सीबीआई ने बड़े साइबर क्राइम नेटवर्क का किया भंडाफोड़, 6 आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उत्तर प्रदेश के नोएडा में अमेरिकी नागरिकों से करीब 68 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया। सीबीआई की इस कार्रवाई में अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) का भी सहयोग रहा। सीबीआई के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों के नाम शुभम सिंह (उर्फ डॉमिनिक), डेल्टानलियन (उर्फ माइकल), जॉर्ज टी जामलियानल (उर्फ माइल्स), एल. सेमिनलें हाओकिप (उर्फ रॉनी), मंगखोलुन (उर्फ मैक्सी) और रॉबर्ट थांगखंखुआल (उर्फ डेविड/मुनरोइन) हैं। ये आरोपित अमेरिकी सरकारी एजेंसियों, जैसे ड्रग एन्फोर्समेंट एजेंसी (डीईए), एफबीआई और सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन (एसएसए) के अधिकारियों के नाम पर कॉल सेंटर चलाकर लोगों को ठगते थे। एजेंसी ने बताया कि इन आरोपितों ने साल 2022 से 2025 तक अमेरिकी नागरिकों को यह धमकी ● शेष पेज 11 पर

## उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चुनाव कार्यक्रम घोषित

### आज होगा नामांकन व वापसी और 14 को मतदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद के लिए बहुप्रतीक्षित चुनाव की घोषणा कर दी गई है। इसके तहत 13 दिसंबर को नामांकन दाखिल करने, उनकी जांच होने और उसी दिन नाम वापसी होगी। यदि एक से अधिक प्रत्याशी मैदान में होंगे तो 14 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा और उसके बाद मतगणना कर नए अध्यक्ष की घोषणा भी कर दी जाएगी। संभव है कि 3 दिसंबर को ही नए अध्यक्ष का चेहरा स्पष्ट हो जाएगा। उत्तर प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक विनोद तावड़े और पीयूष गोयल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे और पूरी चुनाव प्रक्रिया उन्हीं के पर्यवेक्षण में संपन्न कराई जाएगी। भाजपा उत्तर प्रदेश के संगठन के चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय ने बताया ?कि 13 दिसंबर को दोपहर 1 से 2 बजे तक प्रदेश मुख्यालय में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे और उसी दिन शाम तक नामांकन पत्रों की जांच और वापसी की समय सीमा तय की गई है। उन्होंने बताया कि अगर सिर्फ एक उम्मीदवार नामांकित होता है, तो सर्वसम्मति से चुनाव होगा लेकिन अगर नाम वापसी के बाद एक से अधिक उम्मीदवार होते हैं तो अगले दिन 14 दिसंबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा और इसी दिन शाम को मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। इसके साथ ही राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का भी चयन होगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल अंतिम फैसला सुनाएंगे।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय लखनऊ में बताया कि चुनाव में प्रांतीय परिषद के सदस्य, सांसद, विधायक, जिला-महानगर अध्यक्ष सहित सभी प्रमुख नेताओं को लखनऊ ● शेष पेज 11 पर

मुख्यमंत्री योगी ने बाराबंकी में किसान पाठशाला का किया शुभारम्भ

# राज्य में नए कृषि युग का शुभारंभ, अन्नदाताओं को सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बाराबंकी के दौलतपुर गांव में रबी सत्र की 8वीं किसान पाठशाला का शुभारंभ किया तथा12 प्रगतिशील किसानों और अन्य कई किसानों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महज 11 फीसदी भूमि ही खेती योग्य है, परंतु देश के खाद्यान्न की आपूर्ति अकेले यूपी 21 फीसदी करता है।गेंहू उत्पादन में 35 प्रतिशत योगदान यूपी दे रहा है, जो देश में प्रथम है।और यह पीएम मोदी के विजन से सम्भव हो पाया,जब बीज से बाजार तक की सुविधा किसानों को सुलभ हुई।यही नहीं बीज से बाजार की दूरी को पाटने के साथ ही धरती माता के स्वास्थ्य और पर्यावरण को सुरक्षा भी प्रदान की गई।



उत्तर प्रदेश ने पिछले 8 सालों में कृषि विकास की दर को 8.6% से बढ़ाकर 17.7% पहुंचाया है। तकनीक और अच्छी किस्म का बीज किसानों को उपलब्ध हों, इसके लिए प्रदेश में लगातार कार्य हो रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा, पिछले 8 सालों में हम लोगों ने गन्ना किसानों को ?2 लाख 92 हजार करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य रिकार्ड भुगतान किया है। उन्होंने कहा 2017 से पहले लागत अधिक थी और अन्नदाता किसानों को लाभ कम होता था।सिंचाई परियोजनाओं की रफ्तार अत्यंत धीमी थी, बिचौलियों का वर्चस्व बना था।आज डीबीटी के माध्यम से पारदर्शी भुगतान हो रहा है, बिचौलिया मुक्त खाद्यान खरीद की व्यवस्था प्रभावी है। सीएम श्री योगी ने कहा कि आज प्रदेश के अंदर 79 कृषि विज्ञान केंद्र सक्रिय हैं, जिसमें कई कृषि विज्ञान केंद्र तो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में कार्य कर रहे हैं. साथ ही बुंदेलखंड के जनपद पहले जल, सिंचाई के लिए तरसते थे. आज पर्याप्त मात्रा में वहां जल संसाधन उपलब्ध है, और अन्नदाता किसान इन सुविधाओं का लाभ भी ले रहे हैं. इसके साथ ही ओडीओपी, एस एसजी , ड्रोन दीदीयां ये सभी रोजगार के प्रदेश में सशक्त माध्यम बनें हैं।

प्रगतिशील किसानों का सम्मान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील किसान पदम श्री राम शरण वर्मा सहित ● शेष पेज 11 पर

## नेशनल ज्यूडिशियल कॉफ्रेंस आज से दो सौ से अधिक जज लेंगे हिस्सा

एजेंसी



जोधपुर। सरहदी जिला जैसलमेर इस सप्ताह देश के न्यायिक इतिहास जगत एक बड़े कार्यक्रम के आयोजन की मेजबानी करने जा रहा है। नेशनल ज्यूडिशियल एकेडमी (एनजेए) के जरिए आयोजित जोधपुर वेस्ट जोन-1 क्षेत्रीय सम्मेलन के लिए देश की न्यायपालिका के दिग्गज इस मरुस्थलीय शहर में एकत्रित हुए है। आगामी 13 और 14 दिसंबर को होने वाले इस दो दिवसीय सम्मेलन में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत सहित सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्ट्स के 25 से अधिक शीर्ष न्यायाधीश सहित करीब दो सौ से अधिक जज शिरकत कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण क्षेत्रीय सम्मेलन से ठीक एक दिन पहले आज राजस्थान हाई कोर्ट की फुल कोर्ट मीटिंग आयोजित की गई। सुबह लगभग 11 बजे शुरू हुई यह बैठक दोपहर बाद तक चली, जिसमें राज्य की न्यायिक स्थिति, लंबित मामलों की बढ़ती संख्या, तकनीकी सुधारों की आवश्यकता और न्याय व्यवस्था के सामने खड़ी प्रमुख चुनौतियों पर गहन चर्चा की गई। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन शहर के प्रतिष्ठित होटल रंगमहल में किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य न्यायिक प्रणाली में टेक्नोलॉजी के बेहतर इस्तेमाल को सुनिश्चित करना और टेक्नोलॉजी बेस्ड जस्टिस सिस्टम को मजबूत करना है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में न्यायिक कामकाज का एक बड़ा हिस्सा डिजिटल माध्यम से होगा, इसलिए यह सम्मेलन न्यायिक सुधारों की दिशा तय करने में मील का पत्थर साबित हो सकता है। दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान ई-कोर्ट्स, डिजिटल केस मैनेजमेंट, वर्चुअल हियरिंग, डाटा सुरक्षा और सबसे महत्वपूर्ण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे दूरदर्शी विषयों पर कई सत्र आयोजित होंगे। इन सत्रों में न्यायपालिका में तकनीक के उपयोग ● शेष पेज 11 पर

# यूपीएसआईएफएस में साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फॉरेंसिक कोर्स संपन्न

**आईजी सुभाष दुबे बोले—पुलिसिंग में कौशल और बेहतर मानसिक, शारीरिक स्थिति अनिवार्य**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस ) लखनऊ में आईफोरसी (14सी), गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित साप्ताहिक साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फॉरेंसिक कोर्स शुक्रवार को संपन्न हुआ।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक, महिला एवं बाल सुरक्षा (1090) उत्तर प्रदेश सुभाष दुबे उपस्थित रहे। संस्थान के अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।कोर्स में उत्तर प्रदेश सहित दिल्ली, हरियाणा, झारखंड, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु से कुल 40 अधिकारियों ने भाग लिया।मुख्य अतिथि सुभाष दुबे ने अधिकारियों को कोर्स पूर्ण करने पर बधाई देते हुए कहा कि पुलिसिंग में कौशल सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सीखने की प्रक्रिया कभी पूरी नहीं होती और हर प्रशिक्षण नई समझ प्रदान करता है। दुबे ने अधिकारियों को सलाह दी कि प्रशिक्षण के साथ-साथ अपनी मानसिक और शारीरिक स्थिति को बेहतर रखना भी आवश्यक है, क्योंकि वही उन्हें समाज के लिए प्रभावी रूप से काम करने में सक्षम बनाता है। उन्होंने ठ्ष्ट्त्रक्क को उत्कृष्ट संस्थान बनाने में निदेशक डॉ. जी. के. गोस्वामी के प्रयासों की सराहना भी की। इसके बाद प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।इस मौके पर अपर निदेशक राजीव मल्होत्रा ने वर्तमान समय में पुलिस विभाग में तकनीकी कौशल के महत्व पर जोर दिया और कहा कि आधुनिक पुलिसिंग तकनीक के बिना मजबूत नहीं हो सकती।कार्यक्रम के अंत में प्रशासनिक अधिकारी अतुल यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया और पाठ्यक्रम के समन्वय के दौरान आई चुनौतियों को साझा किया।समापन समारोह में एआर विवेक कुमार, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक बृजेश सिंह, फैकल्टी मनीष राय, गिरिजेश राय, शैलेन्द्र सिंह, पलक और कार्तिकेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# माघ मेले की सुरक्षा में तैनात होंगे 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मी

**मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के सुचारू आवागमन और भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों को इस बार सॉफ्ट स्किल की विशेष ट्रेनिंग भी दी जा रही है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेले 2025-26 में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। मेले की सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए लगभग 10 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है। कई चरणों में पुलिस बल मेले में पहुँच चुका है और 20 दिसंबर तक पूरी फोर्स की तैनाती पूर्ण कर ली जाएगी। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के सुचारू आवागमन और भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों को इस बार सॉफ्ट स्किल की विशेष ट्रेनिंग भी दी जा रही है, ताकि वे सौम्य और संवेदनशील व्यवहार के साथ अपनी ड्यूटी निभा सकें।दूसरे स्तर पर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अधिकारियों की बड़ी टीम तैनात की गई है। मेले की निगरानी के लिए 7 एएसपी, 15 डिप्टी एसपी, 50 इंस्पेक्टर और 400 से अधिक सब इंस्पेक्टरों को विभिन्न सेक्टरों में जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा ढाई हजार से ज्यादा हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल, 1500 से अधिक होमगार्ड तथा 17 कंपनी प्छ्ए को भी मेले में लगाया जा रहा है। ये सभी अधिकारी और कर्मचारी घाटों, मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौबीस घंटे निगरानी रखेंगे।उच्च सुरक्षा स्तर को ध्यान में रखते हुए इस बार मेले में विशेष सुरक्षा एजेंसियों की भी तैनाती होगी। गट्ठक्क ट्टक्टक्क और जल पुलिस की टीमें लगातार सक्रिय रहेंगी और नदी क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी। साथ ही इट्ट कमांडो पूरे मेला क्षेत्र में विशेष निगरानी रखेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। प्रशासन का कहना है कि माघ मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालु पूरी तरह सुरक्षित माहौल में अपनी आस्था के अनुसार स्नान और पूजा कर सकेंगे।

## उत्तर मध्य रेलवे ने कबाड़ बिक्री से कमाए 200.17 करोड़, जीरो स्क्रैप मिशन में बड़ी उपलब्धि

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे ने ज्ञ्जीरो स्क्रैप मिशनक्क के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11 दिसंबर 2025 तक कुल 200.17 करोड़ रुपये मूल्य का स्क्रैप बेचकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह आय पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 5.27% अधिक है। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के निर्देशन में तीनों मंडलों और रेलवे कारखानों में पड़े अनुपयोगी सामग्री को तेजी से हटाकर बिक्री की जा रही है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इस अभियान से कार्यस्थल और यार्ड अधिक सुव्यवस्थित हुए हैं तथा जीरो स्क्रैप का लक्ष्य मिश

## ग्राम चौपाल व निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

रायबरेली। ग्राम पंचायत रायपुर नेरवा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी अंजलि वर्मा ग्राम प्रधान रति पाल रावत कृषि रक्षा इकाई से ऋषि चौरसिया रामदेव चंद्रभान मायाराम एवं ग्रामवासी मौजूद रहे चौपाल में दो शिकायत आई । जिनको मौके पर निस्तारण कर दिया गया और वही बहुउद्देशीय पंचायत भवन में आर्यावर्त आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर .द्वारा निशुल्क आंखों की जांच की गई । कई मरीज को चिन्हित कर उनकी आंख के ऑपरेशन के लिए आर्यावर्त आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रायबरेली ले जाया गया। जिनकी संख्या 10 के लगभग है और 50 मरीजो की जांच की गई निशुल्क दवा ड्रॉप और चश्मा वितरण किया गया जिसमें डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में उनके टीम द्वारा आंखों की जांच की गई जिसमें सैकड़ो की तादाद में लोग मौजूद रहे।

## माघ मेला-2026 में दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को निःशुल्क उपकरण मिलेंगे

प्रयागराज। माघ मेला-2026 में आने वाले दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। दैनिक जीवन में उपयोगी कृत्रिम अंग, कैलिपर, व्हीलचेयर, ट्राइसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरणों के निःशुल्क वितरण हेतु भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर विशेष सहयोग करेगा। इसी संदर्भ में जिला विकास अधिकारी/प्रतिनिधि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संगम सभागार, कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी सहित एलिम्को के वरिष्ठ प्रबंधक उपस्थित रहे। एलिम्को अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में उपकरण वितरण शिविर एवं प्रदर्शनी लगाने के लिए उपयुक्त भूमि आवंटन का अनुरोध किया। इस पर जिला विकास अधिकारी ने महाकुंभ-2025 की तरह इस वर्ष भी विशेष कैम्प, उपकरण प्रदर्शनी और ऑन-स्पॉट परीक्षण एवं वितरण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में ऐसे दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन्हें उपकरणों की तत्काल आवश्यकता है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माघ मेला क्षेत्र में निर्धारित स्थान पर साफ-सफाई, बिजली, पानी एवं आवागमन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जाएँ। प्रशासन का लक्ष्य अधिक से अधिक लाभार्थियों तक यह सुविधा पहुँचाना है। बैठक के अंत में सभी विभागों को संयुक्त रूप से अभियान को सफल बनाने का दायित्व सौंपा गया।

## एडीएम नगर ने की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध कार्य के निर्देश

प्रयागराज। अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद की सभी प्रमुख निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गंगा एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु निगम, प्रांतीय खंड और लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं की भौतिक प्रगति का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। यूपीडा के सहायक अभियंता ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे का कुल संरेखण 594 किमी है, जो मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों से गुजरता है। प्रयागराज में इसकी लंबाई 15.647 किमी है तथा परियोजना 93.27% पूर्ण हो चुकी है। कुछ ग्राम सभाओं के काश्तकार भूमि अधिग्रहण को लेकर असंतुष्ट हैं, जिनके निस्तारण हेतु एडीएम नगर ने उपजिलाधिकारी सोरांव व विभागीय अभियंताओं को संयुक्त रूप से समाधान कराने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग खंड ने जानकारी दी कि 5 करोड़ से अधिक लागत की दो परियोजनाएं 98% पूर्ण हैं। एडीएम नगर ने जसरा बाईपास पर बने गड्ढों को तत्काल मोटरेबल बनाने को कहा। सेतु निगम द्वारा नैनी-मानिकपुर सेक्शन पर बनाए जा रहे रेल उपरिगामी सेतु का 63% कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने रेलवे स्टॉक होल्डर को भी अगली बैठक में उपस्थित कराने के निर्देश दिए। प्रांतीय खंड एवं लोक निर्माण विभाग की पाँच से अधिक परियोजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा हुई। एडीएम नगर ने सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में गुणवत्ता से समझौता न किया जाए तथा सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे कराए जाएँ।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक: स्कूली वाहनों पर सख्ती और दुर्घटनाओं में कमी का लक्ष्य

प्रयागराज। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संगम सभागार में आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि नवंबर 2024 की तुलना में नवंबर 2025 में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या 120 से बढ़कर 136 हो गई है। एडीएम ने इसे चिंताजनक बताते हुए आगामी माह में 50% दुर्घटनाओं में कमी लाने का लक्ष्य तय किया। एडीएम ने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि बिना फिटनेस के चल रहे स्कूल वाहनों पर तत्काल नोटिस जारी कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अलोपीबाग फ्लाईओवर एवं पत्थर गिरजाघर के पास महाकुंभ के दौरान रखे गए बोल्डरों को हटाकर पैदल आवाजाही के लिए मार्ग खोलने में विभागीय लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई गई। इसके लिए एसीपी ट्रैफिक, पीडीए, टीआई और परिवहन विभाग को एक सप्ताह का समय दिया गया है। एनएचएआई को निर्देशित किया गया कि एम्बुलेंस की उपलब्धता के आधार पर जूम बैठक कर थाना व ब्लॉक स्तर पर त्वरित सूचना प्रसारित की जाए, ताकि दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर में इलाज उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को राष्ट्रीय मार्गों के पास ट्रामा सेंटरों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। एडीएम नगर ने विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समयबद्ध रूप से अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## आईजीआरएस में प्रयागराज को मिली 32वीं रैंक, एडीएम नगर ने टीम को किया सम्मानित

प्रयागराज। जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के लिए बनाए गए ऋक्ष्ट्ट पोर्टल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद प्रयागराज को प्रदेश में 32वीं रैंक प्राप्त हुई है। इस उपलब्धि पर अपर जिलाधिकारी (नगर) एवं नोडल अधिकारी ऋक्ष्ट्ट द्वारा पूरी टीम को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एडीएम नगर ने कहा कि यह उपलब्धि प्रशासनिक पारदर्शिता, समयबद्ध निस्तारण और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने बताया कि ऋक्ष्ट्ट पर प्रतिदिन हजारों शिकायतें दर्ज होती हैं, जिनका त्वरित समाधान जनता के विश्वास को मजबूत करता है। प्रयागराज की बेहतर रैंकिंग पूरे जिले की टीम की मेहनत का परिणाम है। एडीएम ने अधिकारियों से कहा कि शिकायत निस्तारण की गति और गुणवत्ता को और बेहतर किया जाए, ताकि प्रयागराज अगले मूल्यांकन चक्र में शीर्ष रैंकिंग में जगह बना सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और विभागीय समन्वय को मजबूत किया जाए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ऋक्ष्ट्ट टीम के सदस्य उपस्थित रहे। एडीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि आगे भी टीम इसी निष्ठा और दक्षता से कार्य कर जनपद को नई ऊँचाइयों पर पहुंचेगी।

## प्रयागराज में काशी तमिल संगमम दल का भव्य स्वागत, महापौर और डीएम ने किया अभिनंदन

प्रयागराज। काशी तमिल संगमम यात्रा दल के शुक्रवार को प्रयागराज आगमन पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह ने तिलक लगाकर, माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। वीआईपी घाट पर आयोजित विशेष समारोह में टीम के सदस्यों को गंगाजल भी भेंट किया गया। कार्यक्रम में अभिलेखागार विभाग द्वारा पांडुलिपियों और ताड़पत्र के प्राचीन ग्रंथों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे अतिथियों ने बड़ी रुचि से देखा। एनसीजेडसीसी की ओर से प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को आध्यात्मिक और उत्साहपूर्ण बना दिया। महापौर ने इसे उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि काशी तमिल संगमम प्रधानमंत्री द्वारा एक भारत-श्रेष्ठ भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने प्रयागराज पहुंचे दल के सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यह यात्रा सांस्कृतिक आदान-प्रदान का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है। अतिथियों को सुसज्जित नावों से संगम ले जाया गया, जहां उन्होंने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के त्रिवेणी संगम का दर्शन और स्नान किया। संगम क्षेत्र के मनोहारी दृश्य और सैंड आर्ट को देखकर सदस्य अभिभूत हो उठे। इसके बाद दल के सदस्यों ने लेटे हनुमान मंदिर, शंकर विमान मण्डपम और स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन किए। नगर मजिस्ट्रेट और प्रशासनिक टीम ने जिलाधिकारी के निर्देशन में पूरी यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

# माघ मेला 2025-26: साधु-संतों और संस्थाओं के लिए भूमि आवंटन की तिथियां घोषित

**निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 दिसंबर को अरैल, नागवासुकी मार्ग और हरिशचंद्र मार्ग के लिए भूमि आवंटन किया जाएगा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेला 2025ऽ26 की तैयारियों के बीच साधु-संतों, संस्थाओं एवं प्रयागवाल/तीर्थपुरोहितों को भूमि आवंटन की प्रस्तावित तिथियां जारी कर दी गई हैं। अपर मेलाधिकारी, माघ मेला ने बताया कि इस वर्ष भी परंपरानुसार विभिन्न मार्गों/क्षेत्रों में तिथिवार भूमि आवंटन किया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 दिसंबर को अरैल, नागवासुकी मार्ग और हरिशचंद्र मार्ग के लिए भूमि आवंटन किया जाएगा। 16 दिसंबर से प्रयागवाल/तीर्थपुरोहितों को भूमि आवंटन शुरू होगा। इसी दिन गंगोली शिवाला मार्ग, ओल्ड जीटी मार्ग, अलोपशंकरी मार्ग और तुलसी मार्ग के लिए भी आवंटन किया जाएगा। 17 दिसंबर को समयामाई मार्ग, सूरदास मार्ग, गणपति मार्ग और कबीर नगर के लिए भूमि आवंटन प्रस्तावित है। 18 दिसंबर को अक्षयवट मार्ग, संगम वापसी मार्ग, लाल सड़क, परेड क्षेत्र, हर्षवर्धन मार्ग एवं अन्नपूर्णाऽरामानुज मार्ग के लिए आवंटन निर्धारित है। 19 दिसंबर को त्रिवेणी मार्ग, काली मार्ग, संगम अपर मार्ग, सरस्वती मार्ग, महावीर मार्ग, मोरी मार्ग, गाटा मार्ग सहित अन्य संस्थाओं को आवंटन किया जाएगा। अंतिम चरण में 20 दिसंबर को समुद्रकूप मार्ग, इंटरलॉकिंग मार्ग सेक्टर-4, भारद्वाज मार्ग, संगम लोअर मार्ग और शास्त्री गाटा के लिए भूमि आवंटन किया जाएगा। अपर मेलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सुविधा पर्ची प्राप्त करने हेतु पहचानयुक्त फोटो और आधार कार्ड अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जिन संस्थाओं ने पूर्ववर्षों में प्राप्त टिन, टेंटेज या फर्नीचर वापस नहीं किया है, उन्हें इस वर्ष किसी प्रकार की सुविधा या भूमि आवंटन नहीं दिया जाएगा। आवंटन के दो दिन बाद सुविधा पर्चियों का वितरण किया जाएगा।

## निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की संशोधित तिथियां जारी

रायबरेली। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वार सम्प्रति चल रहे अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से सम्बन्धित कार्यक्रम की तिथियों को संशोधित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा घोषित संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 26 दिसम्बर, 2025 तक गणना अवधि निर्धारित की गई है। कंट्रोल टेबल का अपडेट व ड्राफ्ट रोल तैयार करना की अवधि 27 दिसम्बर से 30 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित की गई है। निर्वाचन नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन अब 31 दिसंबर, 2025 को होगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 31 दिसम्बर, 2025 से 30 जनवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। 31 दिसम्बर, 2025 से 21 फरवरी, 2026 तक नोटिस चरण में गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 28 फरवरी, 2026 को किया जाएगा।

# विचाराधीन बंदी कल्लू की मौत पर मजिस्ट्रियल जांच शुरू, 22 दिसंबर तक साक्ष्य मांगे गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिला कारागार चित्रकूट में निरूद्ध विचाराधीन बंदी कल्लू पुत्र नोहर (57 वर्ष), निवासी करछना, प्रयागराज की उपचार के दौरान हुई मृत्यु की मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। बंदी कल्लू की मृत्यु दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11:55 बजे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय, प्रयागराज में उपचार के दौरान हुई थी। इस प्रकरण की जांच हेतु जिला प्रशासन ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर, कर्वी को मजिस्ट्रेट नामित करते हुए मृतक की मृत्यु के कारणों की विस्तृत जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए हैं।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सर्वसाधारण को सूचित किया है कि यदि किसी भी व्यक्ति के पास इस घटना से संबंधित कोई महत्वपूर्ण साक्ष्य, जानकारी अथवा बयान है, तो वह स्वयं उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज करा सकता है। इच्छुक व्यक्ति 22 दिसंबर 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में उप जिलाधिकारी कार्यालय, कर्वी (चित्रकूट) में उपस्थित होकर आवश्यक साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रशासन का कहना है कि बंदी की मृत्यु से संबंधित हर पहलू की निष्पक्षता, पारदर्शिता और संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार जांच की जाएगी। जांच में मेडिकल रिपोर्ट, जेल प्रबंधन की रिपोर्ट, अस्पताल अभिलेखों सहित प्रत्यक्षदर्शियों के बयान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि यदि किसी के पास घटना से जुड़ी जानकारी हो तो वे जांच प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करें।

## सोरांव थाने में नाबालिग के अपहरण का मामला, परिजनों ने किया घेराव

प्रयागराज। सोरांव थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के अपहरण के दो महीने बाद भी पुलिस कार्रवाई न होने से नाराज परिजनों ने गुरुवार को थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि उनकी नाबालिग बेटी को दो युवकों ने अपहरण कर लिया, जिसकी रिपोर्ट समय पर दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस अभी तक बच्ची तक नहीं पहुँच सकी है। परिवार का कहना है कि पुलिस की लापरवाही के कारण बच्ची की सुरक्षा को गंभीर खतरा है। परिजनों ने थाना प्रभारी पर अपराधियों से मिलीभगत का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि पुलिस गंभीरता से प्रयास करती तो बच्ची अब तक बरामद हो जाती। थाने में जुटे परिजनों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई करने की बात कही। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है और लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। मामला अब उच्च अधिकारियों के संज्ञान में पहुंच चुका है और परिवार निष्पक्ष जांच की मांग पर अड़ा हुआ है।

# उप्र पेंशनरों की गुहार: सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स ने सरकार से उठाई लंबित मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स कल्याण संघ उत्तर प्रदेश ने राज्य सरकार को एक ज्ञापन सौंपकर पेंशनरों की लंबित समस्याओं पर ध्यान आकर्षित किया है। संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि केंद्र और प्रदेश सरकार के बार-बार संज्ञान में लाने के बावजूद इन मुद्दों का समाधान नहीं हो रहा है।

ज्ञापन में 12 से अधिक मांगें उठाई गई हैं, जिनमें राशिकरण कटौती की अवधि कम करना, अतिरिक्त पेंशन बढ़ोतरी, चिकित्सा प्रतिपूर्ति पर आयकर कटौती रोकना और पुरानी पेंशन बहाली जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। संघ ने इन समस्याओं के समाधान के लिए ''आप्त ध्यानाकर्षण कार्यक्रम'' शुरू करने की बात कही है। संघ के जनपद अध्यक्ष राघवेंद्र बहादुर सिंह और जनपद सचिव श्यामेन्द्र सिंह द्वारा हस्ताक्षरित इस ज्ञापन में कहा गया है कि संघ प्रदेश के 20 हजार से अधिक सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स का प्रतिनिधित्व करता है, जो राजकीय विभागों, निगमों, परिषदों और निकायों से रिटायर हुए हैं। ये पेंशनर सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज सेवा में सक्रिय हैं, जैसे निर्धन कन्या विवाह, वृद्धाश्रम, स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रमों में योगदान दे रहे हैं। ज्ञापन में?? किया गया है कि पेंशनरों ने अपने जीवन का सर्वश्रेष्ठ समय राष्ट्र निर्माण, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, प्रशासन, स्वास्थ्य और लोक कल्याण में समर्पित किया है, जिससे देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इसलिए सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि पेंशनर अपनी हिस्सेदारी से वंचित न रहें। ज्ञापन का आधार प्रयागराज में 11 नवंबर 2025 को हुई प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक है, जहां इन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। संघ ने पहले भी मंडल/शाखा स्तर से ज्ञापन भेजे हैं और सरकार के विभिन्न पत्रों का हवाला दिया है, जैसे वित्त विभाग के पत्र दिनांक 31 मई 2023, संघ के पत्र दिनांक 27 सितंबर 2025 और उप मुख्यमंत्री का पत्र। इसके बावजूद समस्याओं का निराकरण न होने पर संघ ने मुख्यमंत्री से इन मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।प्रमुख मांगें और समस्याएं: विस्तार से समझेंज्ञापन में पेंशनरों की 12 से अधिक समस्याओं को विस्तार से उठाया गया है।


**उत्तर रेलवे**

**ई—निविदा सूचना**

उप—मुख्य अभियंता/नि0—अयोध्या/उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बंद ई—निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर उप—मुख्य अभियंता/नि0—अयोध्या/के अधीन, सालारपुर गुड्स शेड (एस एल आर पी), के सुधार कार्य के संबंध में गुड्स शेड का निर्माण, नाली (ड्रेन), वाटर बूथ, छोटे प्लेटफॉर्म शेल्टर तथा अन्य सहायक कार्य आदि। |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 08 (आठ) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 1029.97 लाख |
| धरोहर राशि | रु. 6,65,000.00 |
| ई—निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | निविदाएँ दिनांक 12.01.2026 को 11.30 बजे तक आईआरईपीएस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती हैं। तथा दिनांक 12.01.2026 को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनांक 22.12.2025 से आईआरईपीएस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनांक 29.12.2025 से 12.01.2026 तक ई—निविदा अपलोड की जा सकती है। |

संख्या 254—टेण्डर/उप—मुख्य अभियंता/नि0—अयोध्या/लखनऊ
दिनांक: 11.12.2025 3839/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई—निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-46-2025-26 |
| कार्य का नाम | सिग्नलिंग वर्क फॉर स्ट्रेंग्थेनिंग ऑफ सिग्नलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर इन एल.के.ओ.-एस.एल एन-जे.बी.डी. सेक्शन ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थर्न रेलवे इन व्यू ऑफ अपकमिंग इंस्पेक्शन। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,51,49,485.38 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु. 2,25,800.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 90 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 02.01.2026 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

• ठेकेदारों को ई—निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.— 106—सिग—टेंडर—46/2025—26 दिनांक 12.12.2025 3853/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु **ई—निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम)** आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-41-2025-26 | | |
| कार्य का नाम | सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद सी.टी.आर./ टी.टी.आर. वर्क इन दा सेक्शन ऑफ ए.डी.एस.टी.ई./ ए.वाई.सी. ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थर्न रेलवे। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 51,36,407.64 | निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | ₹ 1,02,700.00 | कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | | | 05.01.2026 15.30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे. प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/ लखनऊ | | |

ठेकेदारों को ई—निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं।
• समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
• मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
• निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराषि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106-सिग-टेन्डर-41/2025-26 दिनांक: 11.12.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3855/2025

**उत्तर रेलवे**

**ई—ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी०एस०, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई—ऑक्शन से संबंधित सूचनाः—

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ—उ०रे०—मण्डल—वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-SLN-TW-163-25-1 (Parking-Two-Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 10.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.12.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-BSB-TW-176-25-1 (Parking-Two-Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 10.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.12.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PARKING-LKO-ON-MX-177-25-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 10.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.12.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.12.2025 समय 10:50 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3840/2025

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई—प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ—226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई—निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51255849 | EOT Crane 30/5 Ton as per Specification Attached | 4 Nos. | 22.01.2026 |

निविदा शर्तें—1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं: 51255849 दिनांक: 11.12.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3826/25

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल उद्घाटन से पहले वेस्ट ज़ोन पुलिस हाई अलर्ट

### डीसीपी वेस्ट विश्वजीत श्रीवास्तव ने भारी पुलिस बल के साथ किया क्षेत्रीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ । राष्ट्र प्रेरणा स्थल के भव्य उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर वेस्ट ज़ोन पुलिस सतर्क मोड में है। 25 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन करेंगे, जिसे देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस ने व्यापक तैयारियों की समीक्षा की।डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने मंगलवार को भारी पुलिस बल के साथ राष्ट्र प्रेरणा स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों का गहन निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित, एसीपी चौक राजकुमार सिंह, एसीपी काकोरी शकील अहमद और एसीपी ट्रैफिक भी मौजूद रहे।

### डीसीपी पश्चिमी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल, दुबग्गा क्षेत्र, जॉगर्स पार्क और आईआईएम रोड तक सुरक्षा इंतज़ामों व यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने भीड़ नियंत्रण, रूट डायवर्जन, संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाने और वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुगम यातायात सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस दौरान इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान, इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव कुमार वर्मा, इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय और इंस्पेक्टर काकोरी अपनी टीमों के साथ मौजूद रहे।डीसीपी वेस्ट ने सभी पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर ड्यूटी करने और कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस का कहना है कि उद्घाटन समारोह के दिन सुरक्षा और यातायात के लिए विशेष बंदोबस्त किए जाएंगे।

## सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़े गए 2361 लोग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विभिन्न इलाकों में खुलेआम शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई की है। इस दौरान 5276 व्यक्तियों की चेकिंग की गई, जिनमें 2361 पर चालान कार्रवाई हुई। सयुंक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था बबलू कुमार ने शुक्रवार को बताया कि लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने शहर के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार देर शाम से रात तक सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, हुड़दंग और अव्यवस्था के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 5276 व्यक्तियों की चेकिंग की गई, जिनमें 2361 पर चालान कार्रवाई हुई। सबसे अधिक सख़्ती पश्चिमी जोन में दिखाई गई, जहां 1643 लोगों की जांच के बाद 689 चालान किए गए। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में ही 465 लोगों को रोककर जांच की गई और 206 चालान किए गए। मध्य जोन के हजरतगंज में 310 लोगों की चेकिग में 212 पर कार्रवाई हुई, जबकि उत्तरी जोन के मड़ियावं में 250 की जांच में 142 चालान किए गए। पूर्वी जोन के गोमतीनगर में 208 लोगों में से 51 और दक्षिणी जोन के मोहनलालगंज में 200 में से 35 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई।

# घर में घुसकर प्रेमी ने प्रेमिका को मारी गोली, आरोपित फरार

### देर रात दो बजे नशे की हालत आरोपित प्रेमी आकाश कश्यप घर में जबरन घुस आया और गाली-गलौज शुरू कर दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात को एक युवती पर उसके प्रेमी ने गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। पारा थाना के उपनिरीक्षक अजय यादव ने बताया कि सदरौना कांशीराम कॉलोनी में 21 वर्षीय युवती अपनी बहन और भांजी के साथ किराए के घर में रहती है।

देर रात दो बजे नशे की हालत आरोपित प्रेमी आकाश कश्यप घर में जबरन घुस आया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने तमंचा निकालकर लगातार दो फायर किए जिसमें एक गोली युवती के कंधे और दूसरी हाथ में लगी। गोली की आवाज और चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपित कमरे की कुंडी बाहर से बंद कर भाग निकला। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवती को तुरंत लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उपनिरीक्षक अजय यादव ने बताया कि घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं और आरोपित के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में प्रेम-प्रसंग से जुड़ा विवाद सामने आया है। करीब एक साल से दोनों का प्रेम-प्रसंग चल रहा, लेकिन युवक की आपराधिक प्रवृत्ति और नशे की लत के चलते युवती उससे दूरी बनाने लगी थी, जिससे आरोपी लगातार युवती को अलग-अलग नंबरों से परेशान कर रहा था। आरोपित की गिरफ्तारी के पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

# ज्योतिनगर लेप्रोसी सेंटर में 35 वर्षों से नि:स्वार्थ सेवा दे रहे डॉ. विवेक

### हर सोमवार शुक्रवार करते हैं मरीजों की जांच,मुफ्त वितरित होती हैं दवाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज के ज्योतिनगर स्थित लेप्रोसी सेंटर वर्षों से मानवीय सेवा की अनोखी मिसाल बन गया है, जहां त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक कुमार पिछले 35 वर्षों से लगातार जरूरतमंदों का निःशुल्क उपचार कर रहे हैं। सीमित साधनों के बीच भी उनका सेवा भाव आज भी पहले दिन जैसा ही अटूट है।हर सोमवार और शुक्रवार को वे सेंटर पहुंचकर मरीजों की विस्तृत जांच करते हैं और उनकी जरूरत के मुताबिक दवाएं भी मुफ्त उपलब्ध कराते हैं। शुक्रवार को आयोजित शिविर में करीब 40 मरीजों का परीक्षण किया गया।जांच कराने पहुंचे मरीजों ने बताया कि डॉ. विवेक अत्यंत व्यवस्थित तरीके से काम करते हैं। मरीजों की प्राथमिक जांच उनकी टीम करती है और रोग इतिहास तैयार करती है। इसके बाद डॉ. विवेक खुद हर मरीज की समस्या का गहराई से मूल्यांकन करते हैं।मरीजों के अनुसार डॉक्टर सावधानियां, दवा का सही उपयोग, गलत उपचार के दुष्प्रभाव और रोग की आगामी प्रक्रिया तक सब कुछ धैर्यपूर्वक समझाते हैं, जिससे मरीजों में जागरूकता बढ़ती है। इसी वजह से दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग उनके पास इलाज के लिए पहुंचते हैं।डॉ. विवेक ने मरीजों से कहा कि किसी भी त्वचा रोग या दूसरी समस्या में बिना विशेषज्ञ की राय के दवा न लें। उन्होंने चेतावनी दी कि गलत दवा कई बार बीमारी को ठीक करने के बजाय और गंभीर बना देती है। उनका कहना है कि समय पर विशेषज्ञ उपचार मिलने से अधिकांश त्वचा रोग आसानी से नियंत्रित हो जाते हैं।लेप्रोसी सेंटर के कर्मचारियों ने बताया कि डॉ. विवेक की निरंतर सेवा से अब तक हजारों मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। तीन दशक से अधिक समय तक लगातार मुफ्त इलाज देना उनके समर्पण और मानवीय भावना का बड़ा उदाहरण है।स्थानीय निवासियों ने कहा कि आज के समय में डॉ. विवेक जैसे सेवा भाव रखने वाले चिकित्सक बहुत कम देखने को मिलते हैं। ज्योतिनगर में उनका निरंतर योगदान जनकल्याण की उल्लेखनीय मिसाल बन चुका है।डॉ. विवेक की यह निःस्वार्थ सेवा न सिर्फ क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ा रही है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनी हुई है।

# करोड़ों की जमीन विवाद में हुई थी किसान की हत्या, खुलासा


### छठा आरोपी दिलीप गिरफ्तारफर्जी आईडी से रची गई थी अपहरण और हत्या की पूरी साजिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निगोहां, लखनऊ। दखिना गांव के लापता किसान शिव प्रकाश उर्फ कबीर हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मामले में फरार चल रहे छठे आरोपी दिलीप कुमार को देवी खेड़ा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दिलीप नगराम का निवासी बताया जा रहा है। इससे पहले मुख्य आरोपी प्रॉपर्टी डीलर सुजीत श्रीवास्तव समेत पाँच आरोपियों को पुलिस पहले ही सलाखों के पीछे पहुँचा चुकी है। जांच में सामने आया है कि करोड़ों की विवादित जमीन हाथ से निकल जाने के डर से बौखलाए आरोपियों ने 15 नवंबर को किसान शिव प्रकाश का अपहरण किया और कार में ही गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। वारदात को छिपाने के लिए शव को उन्नाव के बीघापुर क्षेत्र में ले जाकर पेट्रोल डालकर जला दिया गया, ताकि पहचान न हो सके। आरोपियों ने पूरी साजिश फर्जी आईडी पर मोबाइल और सिम लेकर रची थी, जिसके जरिए उन्होंने किसान से दोस्ती बढ़ाई और उसे अपने जाल में फंसाया। विरोध करने पर उसे जबरन कार में बैठाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सर्विलांस, लोकेशन ट्रैकिंग और तकनीकी इनपुट के आधार पर घटनाओं की कड़िया जोड़कर पूरे मामले का खुलासा किया। थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि सभी आरोपी अब जेल भेजे जा चुके हैं।

## सड़क हादसे में छात्रा की मौत



सरोजनी नगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता । इलाके में गुरुवार सुबह सड़क हादसे में एक छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई, राहगीरों से जानकारी पाकर परिजनों ने उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां पर इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ हादसे से संबंधित कारवाई शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार इलाके के ही अमौसी गांव निवासी सुजीत सिंह की पुत्री प्रियांशी सिंह (13 वर्ष) पास के ही एक निजी विद्यालय में पढ़ती है। प्रियांशी रोज साइकिल से स्कूल जाती है हमेशा की तरह गुरुवार सुबह स्कूल जाते समय एक तेज रफ्तार ईको वैन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई और शुक्रवार को ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताते हैं कि टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रियांशी उछलकर सिर के बल सड़क पर जा गिरी और गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं हादसे के बाद ईको वैन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत छात्रा के परिजनों को सूचित किया, जिन्होंने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। पुलिस दुर्घटना की जांच पड़ताल करते हुए फरार वैन चालक का पता लगा रही है।

## दबंगों ने रंजिश के चलते महिला को पीटा

लखनऊ। क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है, कि गांव के कुछ दबंग लोग अपनी कर से मेरी बांझी चौराहा स्थित मिठाई की दुकान पर पहुंचे,और मेरे पति को पूछा कि सूरज का है। तो मैने कहा कि मुझे नहीं मालूम है।इस पर वीरपाल यादव अपने दो साथी कैलाश व सिद्धू सभी निवासीगण यादव खेड़ा मजरा मसीढा हमीर के मेरे साथ अभद्रता करने लगे। जब मैने विरोध किया तो उक्त लोग मेरे साथ मारपीट की और.अभद्रता करने के साथ दुकान में तोड़ फोड़ भी करने लगे।जब मेरे जेठ राजेश कुमार,पहुंचे तो उन्हें भी मार पीट कर घायल कर दिया। जाते समय जन से मारने की धमकी देकर चले गये।

## मलिहाबाद में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू

मलिहाबाद। लोक कल्याण की भावना को लेकर शुक्रवार से श्री गोपेश्वर गौशाला मलिहाबाद में सात दिवसीय श्रीमद् भागवद गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ किया गया। कथावाचक आचार्य स्वामी माधव शरण के श्रीमुख से पहले दिन की कथा सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। आयोजन समिति के श्रवण कुमार गुप्ता और शैलेष कुमार गुप्ता ने बताया कि इस कथा का आयोजन लोक कल्याण की भावना से किया गया है। गौशाला परिसर स्थित दिव्य सरोवर के निकट बने आकर्षक मंच के सम्मुख बने सत्संग हाल मे शुक्रवार को प्रथम दिवस की कथा का आयोजन किया गया। इसका समापन 18 दिसम्बर को किया जायेगा। पहले दिन श्रोताओं की भारी भीड़ रही।

## एसटीएफ ने नेपाल बॉर्डर पर फर्जी आधार कार्ड गिरोह के मास्टर माइंड को दबोचा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) ने ऑनलाइन फर्जी जन्म/निवास प्रमाणपत्र बनाकर नेपाल बॉर्डर के आस-पास फर्जी तरीके से आधार कार्ड तैयार करने वाले संगठित गिरोह के मास्टर माइंड को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए अभियुक्त के पास से दो मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, दो एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड के अलावा चेक बुक, बायोमेट्रिक स्कैनर, रेटिना स्कैनर, वेब कैमरा, 87 मोबाइल फोन से स्कैन की गई दस्तावेजों की प्रतियां बरामद किए हैं।गिरफ्तार आरोपी प्रमोद कुमार मुजफ्फरपुर (बिहार) का निवासी है और वर्तमान में बहराजऽनेपाल बॉर्डर इलाके में सक्रिय था। एसटीएफ ने उसे शुक्रवार सुबह रजनवा नेपाल बार्डर थाना मुर्तिहा, बहराइच क्षेत्र से दबोचा है।एसटीएफ को सूचना मिली थी कि यह गैंग लंबे समय से नेपाल बॉर्डर पर सक्रिय है और फर्जी आधार कार्ड बनवाने के लिए भारतीय नागरिकों की संवेदनशील जानकारी गलत तरीके से जुटा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने साइबर टीम की मदद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार लोकेशन बदल रहा था और नेपाल भागने की कोशिश में था। पूछताछ में उसने पूरा नेटवर्क, बैंक खातों और भुगतान के तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी है। एसटीएफ के अनुसार, जांच में सामने आया कि आरोपी ऑनलाइन डिजिटली कुटरचित जन्म/निवास प्रमाणपत्र तैयार कर फर्जी आधार कार्ड बनाने के लिए लोगों से भारी रकम वसूलता था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह प्रति आधार कार्ड 2,000 से 2,500 रुपये लेता था और पिछले तीन महीनों में लगभग 2,000ऽ2,500 आधार कार्ड संशोधन/न्यू आधार कार्ड तैयार कर चुका है। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि वह 18 वर्ष से कम उम्र के कई व्यक्तियों के भी फर्जी दस्तावेज बनवाकर आधार कार्ड बनवा रहा था।एसटीएफ के मुताबिक, बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। आधार कार्ड बनाने की पोर्टल आईडी-पासवर्ड उपलब्ध कराने वाले सहयोगियों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।एसटीएफ का मानना है कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय फर्जी दस्तावेज गिरोह का बड़ा मॉड्यूल ध्वस्त हुआ है।

## नए मतदाता बनाने को सभी जिलों में चलाएं अभियान : सीईओ

लखनऊ। मतदाता सूची के विशेष प्रगाण पुनरीक्षण (एसआईआर) की तारीख 26 दिसंबर तक बढ़ाई गई है। ऐसे में एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे युवाओं और अपने पूर्व पते से स्थानांतरित होने के कारण गणना प्रपत्र न पाने वाले लोगों को फॉर्म-6 भरवाकर मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा की ओर से सभी जिलों को निर्देश दिए गए कि वह नए मतदाता जोड़ने पर पूरा फोकस करें। कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने से न छूटे। ऑफलाइन के साथ ही ऑनलाइन फॉर्म पोर्टल प्धप्द्न्प.द्गदद्ब.द्धफ.द्बद्ध के माध्यम से भरा जा सकेगा।फॉर्म-6 के साथ घोषणा पत्र व 13 तरह के दस्तावेजों में से कोई एक स्व सत्यापित दस्तावेज लगाना होगा। जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, शैक्षिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, कर्मचारी व पेंशनभोगी को सरकार की ओर से जारी आदेश की कॉपी, एक जुलाई 1987 से पहले सरकार, स्थानीय प्राधिकरणों, बैंकों, डाकघरों, एलआईसी व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्बारा जारी पहचान पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर और सरकार की ओर से जारी भूमि व मकान आवंटन प्रमाण पत्र आदि शामिल हैं। सभी डीएम को निर्देश दिए गए हैं कि बीएलओ के पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म-6 उपलब्ध रहें यह सुनिश्चित किया जाए।

# पीड़ित भाजपा कार्यकर्ता ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर टिकनिया मऊ गांव निवासी आर डी रावत ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है उसे आयोग से भी न्याय नहीं मिला और पुलिस लगातार मनमानी कर रही है। पीड़ित आरडी रावत का कहना है की मारपीट के झूठे मामले में पुलिस ने चार्जशीट लगा दी।

वह अधिकारियों के चक्कर लगाता रहा लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। आज मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि जब सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता को न्याय नहीं मिल रहा है तो आम जनता को कैसे मिलेगा। पीड़ित ने मांग की है कि इस मुकदमे की विवेचना सीआईडी या किसी एसआईटी से कराई जाए। पीड़ित का कहना है कि क्राइम नंबर 131/ 2025 के तहत मारपीट का एक झूठा क्रॉस केस उसके व परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ गोसाईं पुलिस ने दर्ज कर दिया था। इसके पश्चात तत्कालीन थाना प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी का अन्यत्र तबादला हो चुका है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री के शिकायत पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

# भंवरेश्वर धाम के सेवक से बने जनता के सरपरस्त अब राजनीति में सुनील बाबा की नई भूमिका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । तीन जनपदों की सरहद पर बसे पवित्र भंवरेश्वर मंदिर के अध्यक्ष और समाजसेवा के प्रतीक सुनील बाबा अब जनता की पुकार पर राजनीति के मैदान में उतर रहे हैं।

उन्नाव जनपद के हिलौली ब्लॉक की ग्राम पंचायत असरेंदा के निवासी सुनील बाबा ने अपने क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य चुनाव लड़ने का मन बनाया है। पिछले चालीस वर्षों से निस्वार्थ सेवा को जीवन का लक्ष्य बनाकर चलने वाले सुनील बाबा को क्षेत्र में ख्लसेवक संतङ्क के रूप में जाना जाता है। असहाय, गरीब, और संकट में पड़े लोगों के लिए उनके द्वार हमेशा खुले रहे । कभी जरूरतमंद कन्याओं की शादी में पिता बनकर खड़े हुए, तो कभी किसी परिवार के दुख-दर्द में कंधा बनकर साथ चले।भंवरेश्वर धाम समेत विभिन्न क्षेत्रों में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा मंदिर का सौंदर्यीकरण , मरम्मत व विस्तार , आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। धार्मिक सेवा के साथ-साथ उन्होंने समाजसेवा को भी अपनी साधना बना लिया।

पीने के पानी की समस्या दूर करने के लिए गांवों में लगे नलों को रिबोर करने के साथ कई जगह नये नल लगवाए, टूटी सड़कों समेत कच्चे मार्ग की मरम्मत कराई और लोगों की दैनिक परेशानियों को हल करने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। इसी वजह से जनता उन्हें सम्मानपूर्वक ख्लजनसेवक बाबा कहती है।

### जब क्षेत्र की जनता ने एक स्वर में पुकारा

हमें ऐसा प्रतिनिधि चाहिए, जो हमारे दुख-दर्द को अपना समझे, तो सुनील बाबा ने विनम्रता से इसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि ख्लमेरा उद्देश्य राजनीति नहीं, लोक-सेवा है। मंदिर में भगवान की पूजा की, अब जनता की सेवा ही मेरी आराधना होगी। आज असरेंदा और आसपास के गांवों में एक ही आवाज गूंज रही है

### भंवरेश्वर धाम का सेवक, अब जनता का सच्चा प्रतिनिधि

उनके पीछे सैकड़ों समर्थकों की कतार और जनता का अटूट विश्वास खड़ा है। सुनील बाबा का त्याग, सरल स्वभाव, विनम्रता और करुणा उन्हें लोगों के दिलों में वह स्थान देते हैं, जो किसी पद से नहीं, बल्कि आशीर्वादों से मिलता है।

# निगोहा में क्रिकेट का महाकुंभ—एनपीएल सीजन-2 का धमाकेदार शुभारंभ

### पूर्व खेल मंत्री अनुराग भदौरिया ने किया उद्घाटन, पहले ही दिन युवा प्रतिभाओं का जलवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । ग्रामीण खेल प्रतिभाओं का सबसे बड़ा मंच बन चुका निगोहा प्रीमियर लीग (गप्ख्र) सीजन-2 शुक्रवार को भव्य आयोजन के साथ शुरू हुआ। निगोहा कस्बे के एसएनटी मैदान में आयोजित इस नौ दिवसीय क्रिकेट महोत्सव का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री (खेल विभाग) अनुराग भदौरिया ने एसबीएन इंटर कॉलेज के छात्रों के साथ फीता काटकर और टॉस उछालकर किया। उद्घाटन समारोह में हजारों की संख्या में खेल प्रेमी जुटे, जिसने माहौल को उत्साह और जोश से भर दिया। टूर्नामेंट के आयोजक शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के उभरते खिलाड़ियों को मंच देना ही इस लीग की सबसे बड़ी प्रेरणा है। इस बार भी 16 टीमें मैदान में उतरी हैं, जिससे प्रतियोगिता और भी रोमांचक हो गई है। मुख्य अतिथि अनुराग भदौरिया ने कहा, खेल न सिर्फ शरीर और मन को मजबूत बनाते हैं, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का सबसे बड़ा माध्यम भी हैं। ग्रामीण युवाओं में अपार प्रतिभा छिपी है, जरूरत है केवल सही मंच की।

### पहले दिन के मुकाबलों में रोमांच चरम पर

पहला मैचः माती बनाम बछरावां के बीच हुआ माती ने शानदार खेल दिखाते हुए बछरावां को मात दी जिसमें मैन ऑफ द मैच के लिए निखिल (माती) दमदार बल्लेबाजी के लिए सम्मानित किए गए।

### दूसरा मैचः करोरा और एसएस निगोहा के साथ खेला गया

करोरा की टीम ने 131 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य केवल 6 ओवर में हासिल कर सबको चौंका दिया। मैन ऑफ द मैच में आकाश (करोरा) घोषित हुए जो मात्र 15 गेंदों में 62 रन जड़कर तहलका मचा दिया। उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम संरक्षक एवं वरिष्ठ सपा नेता अमरपाल सिंह, अजय सिंह, निशु मिश्रा, रवींद्र तिवारी उर्फ सोनू, विकास सिंह, पंकज मिश्रा, अंकित मिश्रा, भावी प्रत्याशी नवीन मिश्रा, सर्वेश बाजपेई उर्फ मिंटू, टिंकू द्विवेदी, राजन गुप्ता सहित क्षेत्र के कई सम्मानित लोग उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि समेत समाजसेवियों को आयोजक शैलेंद्र सिंह ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। निगोहा प्रीमियर लीग सीजन-2 ने पहले ही दिन साबित कर दिया कि यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं का उत्सव है – जहां हर चौका-छक्का सपनों को नई उड़ान देता है।

# अंतिम चरण में लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के उद्घाटन की तैयारियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के भव्य उद्घाटन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 दिसंबर को इसका लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में दो लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है ।

इतनी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात और जनसुविधाओं की व्यापक रूपरेखा तैयार कर ली है। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत और पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सेंगर ने सभी विभागों के साथ बैठक कर तैयारियों की बिदुवार समीक्षा की। बैठक में लखनऊ, लखीमपुर, हरदोई, सीतापुर और बाराबंकी के जिलाधिकारी, साथ ही एलडीए , नगर निगम और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। लखनऊ जिलाधिकारी ने प्रस्तुति देकर संपूर्ण व्यवस्थाओं की रूपरेखा रखी, जबकि परिवहन से जुड़ी तैयारियां परिवहन विभाग के साथ समन्वय में तय की गईं।कार्यक्रम में आने वाले लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए सभी जिलों की बसों को रंग-कोड किया जाएगा। रूट, पार्किंग और भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी संबंधित जिले के डीएम और पुलिस अधिकारियों को सौंपी गई है। सभी जिलों को 15 दिसंबर तक बसों, सुपरवाइजर्स और नोडल अधिकारियों का विवरण भेजने के निर्देश दिए गए हैं।पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) तरुण गाबा ने सुरक्षा ढांचे का निरीक्षण करते हुए पुलिस और खुफिया एजेंसियों को एक विस्तृत सुरक्षा योजना तैयार करने का निर्देश दिया। प्रमुख मार्गों, पार्किंग क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके अलावा एक कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है, जबकि आपात स्थितियों से निपटने के लिए रैपिड रिस्पांस सिस्टम को मज़बूत किया गया है।

# डीएम ने मैथ पार्क का किया उद्घाटन, केक काटकर मनाया बच्चों का जन्मदिन, किया भोज

**डीएम ने जेवां व बसखेड़ा बुजुर्ग में समस्याओं का लिया जायजा, नाहिल कृषि फार्म का किया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विकासखंड पुवायां अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवां, ग्राम बसखेड़ा बुजुर्ग में तालाब, नाली, सड़क एवं श्मशान घाट आदि समस्याओं एवं कृषि विभाग के राजकीय कृषि बीज सम्वर्द्धन प्रक्षेत्र नाहिल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पूर्व माध्यमिक विद्यालय जेवां के परिसर में मैथ पार्क का फीता काटकर उद्घाटन किया और विद्यालय परिसर में सहजन पेड़ का रोपण किया। साथ ही नवम्बर माह में जन्म दिवस वाले छात्र-छात्राओं का केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा बच्चों के साथ बैठकर तिथि भोज किया। इस दौरान बच्चों ने अपने हाथों से बनाई गई वस्तुएं डीएम को भेंट कीं। डीएम ने बसखेड़ा बुजुर्ग में समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि तालाब के आसपास से अवैध अतिक्रमण हटवाएं। तालाबों की खुदाई एवं साफ सफाई कराएं। पानी निकासी के लिए नाली निर्माण करें। श्मशान घाट में टीन शेड डलवाएं। कहा कि एक माह में सभी कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग के राजकीय कृषि बीज सम्वर्द्धन प्रक्षेत्र नाहिल के निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि आगामी वृक्षारोपण के सत्र में कृषि फार्म पर जामुन एवं सहजन के पेड़ों को लगाया जाए। इस अवसर पर बीएसए दिव्या गुप्ता, एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल, जिला कृषि अधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने खजुरिया खास में निर्माणाधीन विद्यालय व इंडोर मिनी स्टेडियम का किया निरीक्षण

**निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करें: जिलाधिकारी**

**विकास कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं, जिलाधिकारी ने निर्माण स्थलों पर किया निरीक्षण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. द्वारा आज तहसील सदर के ग्राम खजुरिया खास स्थित निर्माणाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय एवं राजकीय इंटर कॉलेज, सीतापुर में इंडोर मिनी स्टेडियम परियोजना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों /प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि समस्त निर्माण कार्य गुणवत्तापरक, मानक अनुरूप एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराए जाएँ। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही उन्होंने निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों एवं उपलब्ध संसाधनों का भी अवलोकन किया।

# डॉ. कमलेश गौतम की पुस्तक का हुआ विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। अंतर्राष्ट्रीय तटस्थता दिवस के पर एसएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) आरके आजाद ने वाणिज्य विभाग के प्रो. कमलेश गौतम और अपर्णा त्रिपाठी द्वारा संपादित पुस्तक का विमोचन किया। वाणिज्य और मानविकी में नवीन प्रवृत्तियां शीर्षक से प्रकाशित पुस्तक में देश के 43 विद्वानों के लेख और शोध-पत्र सम्मिलित किए गए हैं।

344 पृष्ठों की पुस्तक की भूमिका बरेली और मुरादाबाद मंडल के क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार ने लिखी है। पुस्तक में महिला सशक्तिकरण, ई-कॉमर्स, ग्रामीण विकास, शैक्षिक सुधार, वर्तमान राजनीतिक घटनाओं, आधुनिक व्यावसायिक रणनीतियों, हरित प्रबंधन, कृषि की आधुनिक प्रवृत्तियों, संसाधनों के क्षेत्रीय वितरण, आधारभूत संसाधनों, नागरिक अधिकारों, डिजिटल इंडिया, धन भुगतान के आधुनिक तरीकों, उपभोक्ता के मनोवैज्ञानिक व्यवहारों, छात्रों के व्यवहार पर संगीत के प्रभाव, कौशल विकास, सैन्य कार्यवाहियों, मानव संसाधन प्रबंध, कार्य जीवन संतुलन, नेतृत्व का प्रभाव, सांस्कृतिक संरक्षण कानून, वर्तमान वातावरण में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां आदि ज्वलंत विषयों पर लेख हैं। पुस्तक का परिचय देते हुए डॉ. कमलेश ने कहा कि साहित्य का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य तत्कालीन समस्याओं को प्रकट करना और उनके समाधानों को खोजने तथा लोगों को संघर्षों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना होता है। अतः आज अंतर्राष्ट्रीय तटस्थता दिवस पर यह पुस्तक अपनी सार्थक विषय सामग्री के साथ समाज को समर्पित की गई है। आज का दिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व शांति और कूटनीतिक समाधानों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। इस दौरान वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. आदित्य कुमार सिंह, डॉ. शालीन कुमार सिंह, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. गौरव सक्सेना, डॉ. विजय तिवारी आदि मौजूद रहे। वहीं, महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने डॉ. कमलेश गौतम को उनकी इस उपलब्धि के लिए आशीर्वाद दिया और प्रबंध समिति के सचिव डॉ. एके मिश्रा ने भी शुभकामनाएं देते हुए अपनी इस साहित्यिक यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाने का आवाहन किया।

## सकरन की ग्रामपंचायत बरासिंघा में फर्जी जॉब कार्ड का खेल उजागर

सकरन, सीतापुर। सकरन में मनरेगा फर्जीवाड़ा है कि नहीं ले रहा थमने का नाम ऐसा ही एक मामला ग्रामपंचायत ग्राम पंचायत बरासिंघा में उजागर हुआ है जहां ग्रामप्रधान ने अपने बुजुर्ग व पैरालीसिस के मरीज पिता व एक संस्था में रेगुलर शिक्षण कार्य कर रहे अपने पुत्र के नाम फर्जी जॉब कार्ड जारी करवा मनमाने तरीके से हजम कर ली बड़ी सरकारी रकम।दोनों पैरों से कमजोर पिता सोनेलाल व महमूदाबाद में पढ़ाई कर रहे अपने पुत्र विवेक कुमार के नाम फर्जी जॉब कार्ड धनराशि आहरित करने वाले फर्जीवाड़े के मसीहा बन चुके रोजगार सेवक व तकनीकी सहायक सहित ग्रामप्रधान के काले करनामों के संरक्षक बन चुके एपीओ सकरन कब लेते हैं संज्ञान या यूँ ही ऐसे लोगों को देते रहेंगे अभयदान।मामला उजागर होने पर जब ग्रामप्रधान से फोन के माध्यम से संपर्क किया गया तो फोन ही रिसीव नहीं किया गया,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ने बताया अभी हम सीतापुर कार्यालय में हैं जानकारी प्राप्त हुई है जाँच कि जाएगी।

# एसपी ने परेड की सलामी ली, आटा चक्की व तेल कोल्हू का किया उद्घाटन

**शाहजहांपुर पुलिस जनता की सुरक्षा, शांति एवं सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध–एसपी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसपी ने पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला आरक्षियों को प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

परेड के निरीक्षण के दौरान एसपी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को अनुशासन, एकरूपता, समयपालन एवं जनसंपर्क में संवेदनशीलता बनाए रखने के निर्देश दिए। कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी का व्यवहार ही विभाग की छवि को परिभाषित करता है, अतः हर परिस्थिति में अनुशासित एवं प्रोफ़ेशनल आचरण अनिवार्य है। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में स्थापित आटा चक्की एवं तेल कोल्हू का विधिवत उद्घाटन किया। कहा कि इन सुविधाओं के माध्यम से पुलिस कर्मियों को शुद्ध खाद्य सामग्री एवं बेहतर कल्याणकारी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन के पश्चात एसपी ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण किया। जिसमें डायल-112 कंट्रोल रूम, जीडी कार्यालय, हथियारागार, बैरकें एवं सुपर-22 का निरीक्षण शामिल रहा। एसपी ने अभिलेखों की व्यवस्था, कर्मियों की सुविधाएं एवं रिस्पांस टाइम पर विशेष ध्यान देने के निर्दे दिए। उन्होंने साप्ताहिक अर्दली रूम में लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर उनका यथासंभव समाधान करने के भी निर्देश दिए। कहा कि जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था के साथ-साथ संवेदनशीलता, अनुशासन, पारदर्शिता और प्रोफ़ेशनलिज्म का पालन करते हुए सेवा भाव के साथ कार्य करना चाहिए। शाहजहांपुर पुलिस जनता की सुरक्षा, शांति एवं सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुवायां, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक एवं आरटीसी मेजर उपस्थित रहे।

# एसपी खीरी ने की पुलिस लाइन परेड व कार्यालयों की जांच

**निरीक्षण के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को समयबद्ध कार्य, बेहतर अनुशासन, पारदर्शिता और जनता के प्रति संवेदनशीलता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए**

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी में पुलिस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) खीरी ने रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया। साप्ताहिक परेड के दौरान उन्होंने जवानों की उपस्थिति, अनुशासन, ड्रेस कोड, परेड अभ्यास एवं उनकी तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने जवानों को आवश्यक दिशाऽनिर्देश भी दिए। उन्होंने परेड में कमियों को सुधारने पर जोर देते हुए कहा कि प्रशिक्षण और अनुशासन पुलिस बल की मजबूती का आधार हैं।

इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में स्थित विभिन्न कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रजिस्टरों, अभिलेखों और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अवलोकन कर उनके संधारण की स्थिति की जांच की। एसपी ने अभिलेखों को व्यवस्थित और अद्यतन रखने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आवश्यक स्थिति में सूचनाएं तुरंत उपलब्ध हो सकें।

निरीक्षण के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को समयबद्ध कार्य, बेहतर अनुशासन, पारदर्शिता और जनता के प्रति संवेदनशीलता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान पुलिस लाइन में सक्रियता का माहौल रहा और जवानों ने भी पूरी तत्परता के साथ परेड में भाग लिया।

# बंदी की मौत पर मजिस्ट्रियल जांच एसडीएम सदर होंगे जांच अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। जिला कारागार में विचाराधीन बंदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के मामले में अब मजिस्ट्रियल जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला मजिस्ट्रेट ने इस प्रकरण की गहन जांच के लिए उप जिलाधिकारी (एसडीएम) सदर को जांच अधिकारी नामित किया है।मृतक विचाराधीन बंदी सुरेश वर्मा (उम्र लगभग 50 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय परमेश्वर वर्मा, निवासी माधवपुरवा थाना धौरहरा, 27/28 नवंबर 2025 की रात्रि करीब 4:10 बजे जिला कारागार खीरी में बैरिक संख्या 11 के शौचालय में गमछे से फंासी लगाकर आत्महत्या करने की घटना सामने आई थी। घटना के बाद कारागार प्रशासन ने उसकी सूचना उच्चाधिकारियों को प्रेषित की, जिसके बाद मजिस्ट्रियल जांच के आदेश जारी हुए।आदेश के अनुपालन में एसडीएम सदर ने 16 दिसंबर पूर्वाह्न 11 बजे की तिथि जांच के लिए निर्धारित की है। उन्होंने मामले से संबंधित सभी व्यक्तियों, अधिकारियों एवं गवाहों से अपेक्षा की है कि वे निर्धारित समय पर कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय में उपस्थित होकर अपने साक्ष्य व अभिकथन प्रस्तुत करें।अधिकारियों के अनुसार मजिस्ट्रियल जांच के माध्यम से घटना की वास्तविक परिस्थितियों, सुरक्षा व्यवस्था, संभावित लापरवाही व अन्य पहलुओं का परीक्षण किया जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई तय होगी।

## खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता कार्यक्रम 15 दिसम्बर को

सीतापुर । जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जगदीश ने सूचित किया है कि दिनांक-15.12.2025 को जिला ग्रामोद्योग कार्यालय जनपद-सीतापुर द्वारा ग्राम-कन्नपुर, धोंधी, ब्लाक-परसेण्डी, तहसील-लहरपुर, सीतापुर में विपणन विकास सहायता कार्यक्रम (एस0सी0एस0पी0) के अन्तर्गत बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि मा0 विधायक लहरपुर श्री अनिल कुमार वर्मा जी, विशिष्ट अतिथि श्री रजनीश कुमार शुक्ल, खण्ड विकास अधिकारी परसेण्डी, सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं समस्त बैंक शाखा प्रबंधक कसरैला उपस्थित होकर अपने स्तर से सरकारी योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों को प्रदान करेंगे। कार्यालय की ओर से उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (घ्ड्ढक्क्न)एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना (ख्रख्रक्क्ट्ठ) एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना (ख्रख्रखट्ठ ) के बारे में विधिवत जानकारी दी जायेगी, उक्त से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने हेतु आप सादर आमंत्रित हैं।

## बाबू सुंदर सिंह ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में रूसी भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



निगोहां, लखनऊ। निगोहां स्थित बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स (BSSGI) द्वारा संचालित रूसी भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ, जिसमें 72 विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। महानिदेशक डॉ. के. के. सिंह और विशेष अतिथि प्रो. नतालिया व्लादिमिरोव्ना श्मेलेवा ने भाषा ज्ञान और अंतरराष्ट्रीय अवसरों पर अपने प्रेरक विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने रूसी भाषा में अपने अनुभव साझा किए, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्थान के अध्यक्ष श्री आनंद शेखर सिंह ने छात्रों को वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। अंत में निदेशक डॉ. आलोक कुमार शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## 37 वर्ष से फरार चल रहा आजीवन कारावास का वांछित गिरफ्तार

शाहजहांपुर। एसओजी और सर्विलांस टीम ने 37 वर्ष से फरार चल रहे आजीवन कारावास के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार, बीती 23 अगस्त 1986 को थाना तिलहर क्षेत्र के मोहल्ला पक्का कटरा में सम्पत्ति बंटवारे के विवाद को लेकर राजेश उर्फ राजू ने सुनार गंगाधीन और ओमप्रकाश रस्तोगी पर तेजाब फेंक दिया था। जिसमें ओमप्रकाश गंभीर रूप से झुलस गए थे और गंगाधीन भी जल गए थे। इस संबंध में ओमप्रकाश के पुत्र संजय कुमार ने आरोपी राजेश उर्फ राजू के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी और इस मामले में कोर्ट ने 30 मई 1988 को अभियुक्त राजेश उर्फ राजू को धारा 326 में आजीवन कारावास तथा धारा 307 में 07 वर्ष की सजा सुनाई थी। अभियुक्त ने हाईकोर्ट में अपील दायर कर जमानत प्राप्त कर ली। जिसके बाद वर्ष 1988 से अब तक अभियुक्त फरार चल रहा था। अभियुक्त सजा से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा। अभियुक्त गोला लखीमपुर खीरी में किराए पर रहा। बाद में वह कई राज्यों के धार्मिक स्थलों पर 2-4 माह रुककर पहचान छिपाता रहा। अंत में वह गायत्री शक्ति पीठ, ककरौआ जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश में परिव्राजक/बाबा के वेश में छिपकर रह रहा था। पुलिस ने अभियुक्त को गायत्री शक्ति पीठ ककरौआ से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक आधार नंबर पर बने दो आधार कार्ड बरामद किए। जिसमें एक में पता मोहल्ला कपूरथला लखीमपुर खीरी और दूसरे में पता रामपार्क निकट हनुमान मंदिर लोनी गाजियाबाद लिखा है। पुलिस ने थाना तिलहर में स्थानीय लोगों और उसके पुत्र कृष्ण मोहन उर्फ अनुज द्वारा फोटो के माध्यम से उसकी पइचान की पुष्टि की। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के खिलाफ न ही कोई कुर्की की कार्रवाई की गई और न ही उस पर कोई ईनाम घोषित था। अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में भी कोतवाली लखीमपुर में जुआ अधिनियम और गुण्डा एक्ट के मुकदमें दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय सीजेएम के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया।

# डीएम ने कंपोजिट विद्यालय मल्टीस्टोरी शिवपुर का औचक निरीक्षण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत आज जिलाधिकारी , जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा कंपोजिट विद्यालय मल्टीस्टोरी, शिवपुर (कंाशीराम आवास इन्द्रपुर,वाराणसी) का औचक निरीक्षण किया गया और बूथवार (अनुपस्थित एवं शिफ्टेड तथा मृत्यु) श्रेणी के मतदाताओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली गई।

उन्होंने एएसडी के तहत भरे गए एसआईआर प्रपत्रों को भी चेक किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित बीएलओ से कहा कि जिन मतदाताओं के एस आई आर फॉर्म अभी जमा नहीं हुए हैं उनके घर-घर पहुंचकर कर सत्यापन करें और फॉर्म अपलोड करते समय नाम कटे मतदाता का कारण सहित डिटेल रिपोर्ट साझा करें। कोई भी पात्र मतदाता का नाम नहीं छूटना चाहिए। यदि किसी मतदाता का नाम त्रुटिवश इट्टक श्रेणी में मार्क किया गया है तो उसे तत्काल रोल बैक करें, इस बात का सभी लोग ध्यान रखें।उन्होंने कहा कि आपके द्वारा बूथवार गणना प्रपत्र वितरित किये गये उसे 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग कराते हुए जिन मतदाताओं द्वारा अब तक अपने गणना प्रपत्र वापस जमा नही किये हैं या ऐसे मतदाता जो अनुपस्थित थे या दूसरे स्थान पर शिफ्ट हुए हैं या जिसकी मृत्यु हो गयी है या दोहरी प्रविष्ठि है,ऐसे लोगो के गणना प्रपत्र इट्टक (अनुपस्थित एवं शिफ्टेड तथा मृत्यु) डाला गया है उन सभी इट्टक मार्क मतदाताओं के घर जाकर पुनः चेक कर सत्यापन करा लिया जाय और स्थानीय परिवार या संबंधित परिवार या किसी पड़ोसी व्यक्ति के हस्ताक्षर करवा ले। उन्होंने एएसडी श्रेणी में मार्क मतदाताओं के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

# महिला जिला अस्पताल में पहली बार डॉ. सिमरन ने किया जटिल ऑपरेशन

**गायनी विशेषज्ञ की कौशल से दो महिलाओं को मिली नई जिंदगी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर, खीरी। महिला जिला अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं को नई दिशा मिली है। यहां मेडिकल कॉलेज की गायनी विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. सिमरन वर्मा ने डॉ. ईशु और डॉ. श्वेता के साथ, तथा एनेस्थीसिया टीम के डॉ. ए.के. गुप्ता और डॉ. अनिकेत के सहयोग से पहली बार बच्चेदानी और अंडाशय की गांठ के जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए।डॉ. सिमरन स्त्री रोग सर्जरी, एंडोस्कोपिक गाइनकोलॉजी और हाई-रिस्क केसेस में विशेष दक्षता रखती हैं, जिसका लाभ अब जिले की महिलाओं को सीधे मिल रहा है। अस्पताल में यह उपलब्धि एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, क्योंकि अब तक यहां ऐसी उन्नत सर्जरी नहीं की जाती थीं, जिसके चलते मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगा इलाज करवाना पड़ता था।पहले ऑपरेशन में लखीमपुर निवासी 42 वर्षीय रामदेवी की बच्चेदानी में बनी गांठ को हटाया गया, जबकि दूसरे ऑपरेशन में सीतापुर जनपद के सरैया गांव की 30 वर्षीय आशमां बानो के अंडाशय की गांठ को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। दोनों मरीज अब स्वस्थ हैं।इस उपलब्धि का श्रेय मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. वाणी गुप्ता के मार्गदर्शन और सक्रिय पहल को दिया जा रहा है। उनके निर्देशन में महिला जिला अस्पताल में यह उन्नत सुविधा शुरू हो सकी है। नई सुविधा शुरू होने से मरीजों और उनके तीमारदारों को आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी और दूर-दराज के अस्पतालों के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे। महिला जिला अस्पताल में जटिल सर्जरी की शुरुआत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा प्रयास है कि जिले की महिलाओं को उन्नत चिकित्सा सुविधाएं यहीं उपलब्ध हों, ताकि उन्हें महंगे निजी अस्पतालों का सहारा न लेना पड़े। हम स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्यरत हैं। डॉ. वाणी गुप्ता,प्रधानाचार्या, मेडिकल कॉलेज।

# प्रदेश में पाली हाऊस में सब्जियों एवं फूलों की खेती करने से किसानों की आय में हो रही है वृद्धि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। प्रदेश में वर्तमान में बेमौसम सब्जियों की उपलब्धता बाजारों में हो रही है। इसका कारण है कि सब्जियों को बाँछित तापमान व आवश्यक मौसम देते हुए पॉली हाउस में सब्जियों की फसल बोकर उत्पादन किया जा रहा है।

पॉली हाउस एक विशिष्ट आकार की संरचना होती है, जिसको 200-400 माइक्रॉन मोटाई वाली पराबैगनी किरणों से अवरोधी, सफ़ेद रंग की पारदर्शी प्लास्टिक चादर से ढका जाता है। पॉलीहाउस का आकार इतना बड़ा बनाया जाता है कि इसमें आसानी से अंदर जाकर परिकर्षण क्रियायें की जा सकें। पॉलीहाउस का निर्माण जी.आई. पाइप, बांस एवं लकडी की सहायता से किया जाता है। जीआई पाइप द्वारा बनाया गया पॉलीहाउस 20-25 वर्ष तक टिकाऊ होता है, जबकि बांस व लकड़ी से बना पॉलीहाउस 3-4 वर्ष तक ही टिकाऊ रह सकता है। पॉलीथीन 2-3 वर्ष तक काम में लाई जा सकती है। इस प्रकार के

**पॉली हाउस एक विशिष्ट आकार की संरचना होती है, जिसको 200-400 माइक्रॉन मोटाई वाली पराबैगनी किरणों से अवरोधी, सफ़ेद रंग की पारदर्शी प्लास्टिक चादर से ढका जाता है**

पॉलीथीन में पारदर्शिता इतनी होती कि लगभग 70-80 प्रतिशत सूर्य का प्रकाश मौसम के हिसाब से छनकर फसलों को मिलता है। प्रदेश में उन्नतशील कृषकों द्वारा पॉलीहाउस बनाकर खेती की जा रही है। पॉलीहाउस का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्य से भी किया जाता है क्योंकि यह तकनीकी सामान्य खेती की अपेक्षा थोड़ी महंगी है।

सब्जियों व फूलों की खेती में पॉलीहाउस की बड़ी महत्वपूर्ण उपयोगिता है। विपरीत दशाओं (बेमौसम) में सब्जियों व फूलों की खेती करना, फसलों को आवश्यक एवं संरक्षित वातावरण प्रदान करना, फसलों में लगने वाले कीड़े-मकोड़ों व रोगों से सुरक्षा, नर्सरी उगाने के लिये सर्वात्तम, प्रति इकाई क्षेत्र में उपज वृद्धि व जातियों का विकास एवं शुद्ध संकर बीज उत्पादन, फसल समय में परिवर्तन करना, अच्छे गुणवत्तायुक्त उत्पाद, कृषि फसल परीक्षण महत्वपूर्ण वरदान, शहरी एवं सीमांत किसानों के लिए यह विधि लाभकारी होती है।

पॉलीहाउस की कुछ सीमायें भी हैं जैसे पॉलीहाउस बनवाने में किसानों को पहले पूंजी ज्यादा लगानी पड़ती है, यह केवल व्यावसायिक एवं बागवानी फसलों की दृष्टि से ही उपयोगी है अन्य फसलों को उगाने के लिए पॉलीहाउस विधि का उपयोग नहीं किया जा सकता। पॉलीहाउस में फूलों की व्यावसायिक खेती करके किसान अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश में सब्जियों एवं फूलों का कम उत्पादकता का मुख्य कारण खेती का खुले वातावरण में किया जाना तथा कृषकों द्वारा सब्जी उत्पादन में परम्परागत विधियों एवं तकनीकों का अपनाया जाना है। खुले वातावरण में अनेक प्रकार के जीवित व अजीवित कारकों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जाता है। फलस्वरूप उनकी उत्पादकता एवं गुणवत्ता प्रभावित होती है। जीवित कारकों में मुख्य रूप से विभिन्न प्रकार के रोग, अनेक प्रकार के कीड़े, विभिन्न प्रकार के भूजनित व वायुजनित कवक तथा जीवाणु प्रमुख है। ये जीवित कारक अधिकतर वर्षाकालीन मौसम में उगाई जाने वाली फसलों को अधिक नुकसान पहुंचाते है। जबकि अत्यधिक आर्द्रता विभिन्न प्रकार के कवक एवं जीवाणु जनित रोगों के प्रकोप में सहायक होती है। इसी प्रकार प्रकाश की कमी से पौधों में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया नहीं हो पाती है, जिसका प्रभाव पौधों की वृद्धि, विकास, उपज एवं गुणवत्ता पर पड़ता है। पॉलीहाउस खेती का मुख्य उदेश्य फसलों को जीवित या अजीवित कारकों से बचाकर प्रतिकूल वातावरण व प्रतिकूल परिस्थितियों में भी गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन प्राप्त करना है।

पॉलीहाउस खेती विधि सामान्यतः परम्परागत खुले खेत की तुलना में 5 से 10 गुना अधिक उत्पादन प्राप्त होता है। प्रतिकूल वातावरण में गुणवत्तायुक्त फसलों का उगाना, फसलों को लम्बी अवधि तक उगाकर फल/सब्जियों की उपलब्धता को बाजार में निरन्तर बनाये रखा जाना, अधिक लाभ के लिए बे-मौसमी फसल उत्पादन प्राप्त करना, संरक्षित खेती के माध्यम से रोजगार के अधिक अवसर प्राप्त होते है। संरक्षित उत्पादन तकनीक विभिन्न प्रकार की जलवायु वाले क्षेत्रों में विभिन्न फसलों की पैदावार बढाने के लिए उपयोगी है।

पॉली हाउस द्वारा फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक मुख्यतः सब्जी व फूलों के उत्पादन हेतु उचित व उपयुक्त संरक्षित प्रौद्योगिकी की आवश्यकता इस क्षेत्र की जलवायु पर निर्भर करती है। इसके अतिरिक्त किसानों की आर्थिक स्थिति टिकाऊ व उच्च बाजार की उपलब्धता तथा बिजली की उपलब्धता आदि कारक भी इसको निर्धारित करते हैं। विभिन्न फसलों के वर्षभर बे-मौसम, स्वस्थ व रोग रहित पौधे तैयार करने हेतु मुख्यतः वातावरण अनुकूलित पॉलीहाउस, प्राकृतिक वायु से चलित पॉलीहाउस, कम लागत वाली पॉलीहाउस, वाक-इन-टनल कीट अवरोधी नेट हाउस, लो टनल पॉलीहाउस आदि को आवश्यकतानुसार वर्ष भर उपयोग में लिया जा सकता है।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर को लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। गोतस्कर और पुलिस के बीच बृहस्पतिवार शाम सात बजे मुठभेड़ हो गई। दोनों ओर से हुई फायरिंग में तस्कर के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। तस्कर के पास से तमंचा कारतूस व गोकशी में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण बरामद हुए हैं।

पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम पता थाना क्षेत्र के गांव करौतिया निवासी नवासे पुत्र वैसर अली बताया है। उसके खिलाफ गोकशी के चार मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस आरोपी को आज कोर्ट में पेश करेगी। सीओ सिटी रजनेश उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र के गांव करौतिया के जंगल में सात नवंबर को गोकशी की घटना को अंजाम देने के बाद करौतिया निवासी नवासे घटना को अंजाम देने के बाद भाग गया था। चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस तीन आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी थी। बृहस्पतिवार की शाम सात बजे सूचना मिली कि नवासे जंगल में गोकशी की घटना को अंजाम दे सकता है। वह जंगल की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर राजेश कौशिक पुलिस बल के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे। वहां एक व्यक्ति आता दिखा। पुलिस ने उसको रुकने का इशारा किया, जिस पर आरोपी ने तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी अपने बचाव में फायरिंग की। गोली आरोपी के पैर में लगी, जिससे वह गिर गया। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल लाया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि गोकशी कर वह परिवार का पालन करता है। इसी उद्देश्य से वह जंगल में आवारा पशुओं की तलाश में निकला था। पुलिस से मुठभेड़ हो गई। उनके खिलाफ गोकशी समेत अन्य धाराओं में चार मुकदमे दर्ज हैं।

# न्यू डिवाइन सीसीटीवी सिस्टम द्वारा आयोजित किया गया पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। न्यू डिवाइन सीसीटीवी सिस्टम संस्था द्वारा जिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यह आयोजन जोगीपुरा में कैन्विज टाइम्स दैनिक अखबार के कार्यालय के समीप किया गया था। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ खिलाड़ी महेंद्र पाल सिंह द्वारा किया गया प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्ग में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजयी प्रतिभागियों को सचिव जिला ओलंपिक संघ मधुकर मिश्रा द्वारा माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।

वहीं उपस्थित मीडिया कर्मियों जिनमे वरिष्ठ पत्रकार एसपी शर्मा, कैन्विज टाइम्स के ब्यूरो चीफ आरएस मिश्रा, युवा जिला पत्रकार आशु शर्मा तथा मनोज शर्मा संस्था के सचिव द्वारा माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम की बात की जाए तो बालिकाओं की प्रतियोगिता में 48 किलोग्राम भार में रोशनी को प्रथम, मानसी शर्मा को द्वितीय, शिफा को तृतीय, 53 किलोग्राम भार वर्ग में वंशिका यादव प्रथम, कुमकुम द्वितीय, रितु तृतीय, 58 किलोग्राम भार वर्ग में मोहिनी सैनी प्रथम, 69 किलोग्राम भार वर्ग में महक प्रथम, 70 किलोग्राम भार वर्ग में इजमा फातिमा प्रथम, पलक पटेल द्वितीय, भारोत्तोलन पुरुष वर्ग की बात की जाए तो 56 किलो भार वर्ग में बिजनेस प्रथम, कन्हैया द्वितीय, वीरपाल तृतीय, 60 किलोग्राम भार वर्ग में ध्रुव सक्सेना प्रथम,बाबू द्वितीय, 60 किलोग्राम भार जूनियर वर्ग में सचिन प्रथम, तथा लव कुश द्वितीय, सीनियर भार वर्ग में दीपचंद प्रथम, अमन द्वितीय तथा अंकित तृतीय स्थान पर रहे। 65 किलोग्राम भार में इकरार अली प्रथम, रौनक द्वितीय, हरिओम भी द्वितीय रहे। 65 किलोग्राम सीनियर भार वर्ग में रवि प्रथम, 79 किलोग्राम भार वर्ग में अक्षय शंखधर प्रथम,तथा अजय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। 94 किलोग्राम भार वर्ग में अंकित कश्यप को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का समापन संस्था सचिव राजीव कुमार द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए और सभी प्रतियोगियों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभाशीष के साथ बधाई देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस, सिपाही के साथ मारपीट, आरोपी कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। बुधवार रात 12 बजे एक कार खड़े ट्रक में टकरा गई थी। पुलिस को सूचना मिली तो चीता मोबाइल सवार दो सिपाही मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि जानकारी लेते समय कार चालक ने सिपाही के साथ मारपीट कर दी। सिपाही की शिकायत पर सिविल लाइंस पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वहीं आरोपी कार चालक ने भी सिपाही पर अभद्रता करने व मारपीट करने के आरोप में पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। उसहैत थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा जलालपुर निवासी रजत प्रताप सिंह पुत्र राजीव कुमार सिंह हाल में बरेली सिविल लाइंस में रह रहे हैं। बुधवार की रात वह एक शादी समारोह में अपने साथियों के साथ बदायूं आए थे। देर रात घर लौटते समय सिविल लाइंस क्षेत्र के मिशन स्कूल के पास उनकी कार ट्रक के पीछे घुस गई। हादसे में कार सवार युवक बाल-बाल बच गए, लेकिन कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद जब तक सवार कार से बाहर निकले तब तक चालक ट्रक भगा ले गया। रजत ने थाना पुलिस को

**आरोपी कार चालक ने भी सिपाही पर अभद्रता करने व मारपीट करने के आरोप में पुलिस को शिकायती पत्र दिया है**

हादसे की सूचना दी थी। क्राइम इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि रात करीब 12 बजे थाने के सीयूजी नंबर पर फोन आया था। बताया था कि मिशन स्कूल के पास उनकी कार ट्रक से टकरा गई है। सूचना मिलने पर उन्होंने चीता मंडी को मौके पर भेज दिया। सिपाही लवलेश अपने एक अन्य साथी के साथ मौके पर पहुंचा। मामले की जानकारी ले रहे थे कि कार सवार बरेली निवासी रजत प्रताप सिंह पुत्र राजीव सिंह ने सिपाही लवलेश के साथ मारपीट शुरू कर दी।

जब तक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तब तक आरोपी भी कार छोड़कर मौके से भाग चुके थे। कार को कब्जे में लेकर थाने पर पहुंचाया। कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। पीड़ित सिपाही के शिकायती पत्र पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है। कार ट्रक के पीछे से भिड़ गई थी। सरकारी काम में बाधा व सिपाही से मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने व सिपाही के साथ मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस का आरोप है कि युवक ने नशे की हालत में उत्पात मचाया। इसी वजह से कार ट्रक से टकरा गई थी। आरोपी के पिता ने सिपाही पर लगाए गंभीर आरोप

रजत के पिता राजीव कुमार सिंह जिले के प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। वह भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनका आरोप है कि बेटे की कार ट्रक से टकरा गई थी। हादसे की वजह से वह घबराया हुआ था। बेटे ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सिपाहियों से ट्रक पकड़ने को कहा तो सिपाहियों ने दो हजार रुपये की मांग की। इसी के चलते दोनों में बहस हो गई। सिपाही ने मारपीट कर दी। सिपाही के साथ मारपीट का आरोप निराधार है। वह थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर सिपाही की जांच कराके कार्रवाई कराएंगे। सिपाही की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। -डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी, बदायूं।

## दीप सराय का लोकार्पण/उद्धाटन बच्ची ने फ़ीता काट कर किया

संभल। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने एवं जनता की सुरक्षा हेतु थाना नखासा की नवीन पुलिस चौकी दीपा सराय का लोकार्पण/उद्धाटन जिलाधिकारी संभल राजेन्द्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना के साथ मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत स्थानीय बच्ची द्वारा फीता काटकर कराया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) जनपद सम्भल कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार व अन्य अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## डीएम ने निर्माण कार्यो को लेकर की समीक्षा बैठक

सम्भल , बहजोई। आज कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं जिला विकास अधिकारी राम आशीष की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने कहा कि आयुष विभाग के अन्तर्गत 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय, राजकीय इंटर कॉलेज शाहपुर डसर,लसकारिया, नगर विकास तथा नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन के अन्तर्गत बबराला में वाटर सप्लाई जल निगम शहरी, ग्राहक गैस संरक्षण केंद्र रोड सेफ्टी के अंतर्गत सड़के, सुरक्षात्मक का कार्य एवं ऊंचे तटबंध वाले भागों में क्रैश बैरियर एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्य लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत जिला विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ससमय लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके अंतर्गत अन्य निर्माण कार्यों को लेकर भी चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं कार्यदायी संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में नीति आयोग आकांक्षात्मक विकासखण्ड से संबंधित विभिन्न विभागों के इंडीकेटर के संबंध में समीक्षा बैठक

सम्भल, बहजोई। आज कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में नीति आयोग आकांक्षात्मक विकासखण्ड से संबंधित विभिन्न विभागों के इंडीकेटर के संबंध में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा विभाग,आईसीडीएस विभाग के इंडीकेटर पर चर्चा की गयी। स्वास्थ्य विभाग के इंडीकेटर्स पर चर्चा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा आयुष्मान गोल्डन कार्ड, तथा संस्थागत प्रसव को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि डेटा को चेक किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी ग्राम में माह में दो बार भ्रमण करें तथा इंडीकेटर्स को संतृप्त कराएं। कृषि विभाग के इंडीकेटर्स पर चर्चा की गयी, एफ पी ओ के गठन तथा एफ पीओ को शासन द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी तथा एफपीओ की पात्रता की शर्तों पर चर्चा की गयी। पीएम किसान सम्मान निधि के विषय में भी बताया गया। पशुधन विभाग के अन्तर्गत पशु टीकाकरण पर चर्चा की, पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत ओडीएफ प्लस ग्राम तथा ठोस एवं गीला कचरा उठान , साफ़ सफाई आदि पर चर्चा की गयी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के इंडीकेटर्स पर भी वार्ता की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों की प्रगति सही नहीं है उनको कारण बताओं नोटिस जारी किया जाए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष ,अपर मुख्य चिकित्साधिकारी विश्वास अग्रवाल, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला पंचायत अधिकारी आशीष सिंह सहित समस्त नामित नोडल अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गली में निकलने को लेकर विवाद, सास-बहू समेत किशोरी घायल

गुन्नौर। कोतवाली क्षेत्र के गांव मखदूमपुर में शुक्रवार सुबह गली से निकलने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। पुरानी रंजिश के कारण बढ़े इस मामले में सासऽबहू सहित एक किशोरी घायल हो गई।

ग्राम निवासी ज्ञानश्री (50) के अनुसार सुबह करीब सात बजे वह गली से गुजर रही थीं, जबकि उनकी पुत्रवधु भारती (20) घर के गेट के बाहर साफ-सफाई कर रही थी। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने आपत्ति जताते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर कहासुनी बढ़ी और बात मारपीट तक पहुंच गई। आरोप है कि इस दौरान ईंटऽपत्थर भी चलाए गए, जिससे ज्ञानश्री और भारती के सिर में चोटें आईं। उधर दूसरे पक्ष की किशोरी अंजली (15) भी घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। मामले की जांच की जा रही है।

# सर्राफा की दुकान से सोने की चैन चुराकर ले जाने वाला बाल अपराधी गिरफ्तार, माल बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मोहित कुमार गुप्ता पुत्र चन्द्र प्रकाश गुप्ता निवासी पक्का ताल विद्या कृष्णा नगर थाना सिविल लाईन जनपद बदायूँ की सर्राफा की दुकान मैसर्स जुगल किशोर पहलादी लाल के नाम से हलवाई चौक पर है। दिनाँक 28.11.2025 को समय करीब 11.30 बजे एक व्यक्ति मोहित कुमार गुप्ता उपरोक्त की सर्राफा की दुकान पर सोने की चैन खरीदने आया था।

देखने के बहाने से अज्ञात चोर 03 सोने की चैन चुराकर ले भाग गया था, जिस सम्बन्ध मे थाना कोतवाली पर मु0अ0स0 293/25 धारा 305 बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्द पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



बदायूँ, डा0 बृजेश कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर बदायूँ, विजयेन्द्र द्विवेदी एंव क्षेत्राधिकारी नगर, रजनीश कुमार उपाध्याय के पर्यवेक्षण में जनपद में चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में दिये गये निर्देशो के क्रम मे त्वरित कार्यवाही करते हुए सर्राफा बाजार मे हुई घटना को अंजाम देने वाले व्यक्ति की सीसीटीवी केमरे से घटना कर्ता का फोटो लेकर सीसीटीवी के माध्यम से शिनाख्त की गयी जिसकी पहचान देवेन्द्र पुत्र नत्थू लाल निवासी बिहारीपुर की गोटिया थाना कुवरगांव जनपद बदायूँ के रूप मे हुई जो दिनांक 05.12.2025 को मा0 न्या0 मे हाजिर हुआ जिसको आज दिनांक 12.12.2025 को पुलिस कस्टडी रिमांड मे लेकर सोने की चैन अभियुक्त देवेन्द्र उपरोक्त के बताये स्थान अभियुक्त की सुसराल भवानीपुर थाना उझानी से बरामद की गयी बरामदगी के आधार पर धारा 317(2),3 (5) बीएनएस की वृद्दि की गयी। अभियुक्त को पुनः मा0 न्या0 के समक्ष पेश किया गया।

# गणित परिषद के चुनाव शाहीन अध्यक्ष वर्तिका राणा महामंत्री निर्वाचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय बदायूं में सत्र 2025 - 26 के लिए गणित परिषद का पुनर्गठन संयोजक डॉ सचिन राघव एवं चुनाव अधिकारी डॉ राकेश कुमार जायसवाल की देखरेख में सम्पन्न हुआ। विभिन्न पदों को प्राप्त करने के लिए कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों ने ही नामांकन करने का अवसर दिया गया।

अध्यक्ष पद पर सर्वाधिक मत प्राप्त कर शाहीन निर्वाचित हुईं। उपाध्यक्ष पद पर प्रिन्स कुमार एवं इसरा अंसारी को जीत हासिल हुई। महामंत्री पद पर वर्तिका राणा ने सफलता प्राप्त की जब कि संयुक्त मंत्री लिए नंदिनी एवं आराम सिंह ने जीत हासिल की। कार्यकरिणी सदस्य के रूप में पुनीत

**अध्यक्ष पद पर सर्वाधिक मत प्राप्त कर शाहीन निर्वाचित हुईं। उपाध्यक्ष पद पर प्रिन्स कुमार एवं इसरा अंसारी को जीत हासिल हुई**

वर्मा, शनिल सिंह, गरिमा सिंह एवं सत्यम सक्सेना को मनोनीत किया गया। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार ने पदाधिकारियों को पद एवं कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार द्वितीय, डॉ संजीव राठौर, डॉ दिलीप वर्मा, डॉ संजय कुमार, डॉ गौरव कुमार सिंह एवम डॉ प्रियंका सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

## 31 दिसम्बर 2025 तक बढ़ी निर्माण श्रमिक नवीनीकरण तिथि

बदायूँ। सहायक श्रमायुक्त श्वेता गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्होंनें 04 वर्ष या उससे अधिक अवधि से अपना श्रमिक पंजीयन नवीनीकरण नहीं कराया है। उन निर्माण श्रमिकों को लंबित नवीनीकरण हेतु तिथि विस्तार 31 दिसम्बर 2025 तक कर दिया गया है। उन्होंने जनपद बदायूँ में बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत समस्त निर्माण श्रमिकों को सूचित किया है कि जिन पंजीकृत निर्माण श्रमिकों द्वारा 04 वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकरण नही कराया गया है, वे अपने पंजीयन का नवीनीकरण स्वयं से उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की बेवसाइट नचइवबूण्पद अथवा किसी नजदीकी जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से 31 दिसम्बर 2025 तक अनिवार्य रूप से करा लें, अन्यथा उनके पंजीयन को निष्क्रिय सूची में सम्मिलित कर दिया जायेगा। ऐसी स्थिति में बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ भी प्राप्त नहीं कर पायेंगे।

# 14 दिसम्बर को आयोजित होगा पल्स पोलियो अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ । सीएमओ ने जानकारी देते हुए बताया कि एसएनआईडी पल्स पोलियो अभियान 14 दिसम्बर 2025 को आयोजित किया जायेगा, जिसमें 0-5 वर्ष तक के बच्चों को 02 बूंद पोलियो की ड्राप पिलायी जायेगी।

जिसके अंतर्गत जन जागरुकता हेतु एक रैली का शुभारम्भ दिनांक 12 दिसम्बर 2025 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं से सदर विधायक महेशचन्द गुप्ता एवं मुख्य चिकत्सा अधिकारी डॉ0 रामेश्वर मिश्रा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। रैली में स्कूली बच्चों, अध्यापक द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से भगवान परशुराम चौक, रोड़वेज, पुलिस लाइन, वन विभाग से होते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत 14 दिसम्बर 2025 को बूथ गतिविधियां, 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक हाउस टू हाउस गतिविधियां, दिनांक 22 दिसम्बर 2025 को बी टीम एक्टिविटी सम्पादित की जायेगी। रैली में राजकीय इण्टर कालेज, हाफिज सिद्दकी इस्लामियाँ इण्टर कालेज, कुंवर रुकुम सिंह वैदिक इण्टर कालेज आदि के छात्र एवं अध्यापक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, एस.एम.ओ. डब्ल्यू एचओ, यूनीसेफ कोर्डिनेटर, डी.एच.ई.आई.ओ., अर्बन कोर्डिनेटर आदि उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने किया विश्वविद्यालय का शैक्षिक भृमण

बदायूँ। पीध एमध श्री पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कॉलेज नागपुर नूरपुर बिसौली के कक्षा 9 से 12 तक के समस्त ( 264 )छात्र/छात्राओं को तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टुख्रठ) मुरादाबाद में विभिन्न विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण कोर्सेज (जैसे इंडोर स्टेडियम, अल्ट्रा टेक सीमेंट मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, बायोलॉजिकल लेबोरेट्री, बी एस सी एम एस सी व पी एच डी) आदि विभागों का शैक्षिक भ्रमण कराया गया।

# संयुक्त विकास आयुक्त ने निरीक्षण कर प्रतिभागियों का किया मार्ग दर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। आसफपुर स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव , प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार व प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय के नेतृत्व में चलाए जा रहे बी आर पी का संचालित एक मासीय सर्टिफिकेशन कोर्स के आवासीय प्रशिक्षण में अलीगढ़ के संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव ने निरीक्षण किया।

इस दौरान संयुक्त विकास आयुक्त ने सभी बी आर पी प्रतिभागियों को मार्ग दर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर आला अधिकारी मंशा राम यादव ने सभी प्रतिभागियों को लगन एवं पूर्ण निष्ठा के साथ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूर्ण कर भविष्य में होने वाले ऑडिट कार्यक्रमों का औचित्य पूर्ण एवं तथ्य परक प्रपत्र / रिपोर्ट प्रस्तुत करने व भविष्य में सोशल ऑडिट की गुणवत्ता एवं उपयोगिता बढ़ाने की ओर इंगित किया । उन्होंने प्रतिभागियों को ड्राफ्ट प्रतिवेदन करते समय तथ्य परक साक्ष्य सलंग्न करते हुए रिपोर्ट को औचित्य पूर्ण बनाने हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया । निरीक्षण के दौरान आलाधिकारी ने संस्थान परप्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पांच जनपदों से सभी बी आर पी प्रतिभागियों से कार्यक्रम से संबंधित मूलभूत सुविधाओं जैसे रहनऽसहन व खानऽपान जैसी आवश्यक जानकारी ली । इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने संस्थान की मूल भूत सुविधाओं पर रचनात्मक हवाला देते देते हुए संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार, प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय सहित संस्थान के स्टाफ की भूरि ऽ भूरि प्रशंसा की।

इस कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक विनय कुमार सिंह , प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार , प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी हरीश उपाध्याय , आकाश कुमार सहभागिता कर रहे हैं । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अलीगढ़ , इटावा , हापुड़ , शामली व बागपत पांच अंतर्जनपदीय बी आर पी प्रतिभागी जयकृष्ण श्रीवास्तव , जय शिव मिश्र , हरिशंकर , मौहर सिंह , रूप रानी , मधु शर्मा ,सुनीता , प्रतिभा राघव , अवरार अहमद , गीता सिंह मुकेश कुमार शर्मा , हंस राज सिंह , ईश्वर पाल , इंद्र पाल सिंह चौहान , राजकुमार , सत्यवती , राकेश कुमार , सुनील दत्त शर्मा , विपिन कुमार शर्मा , सुधीर कुमार , तरन्नुम , नरेंद्र कुमार , बृजेश कुमार , सुघर सिंह , वीर पाल , सोपाली , भगवान सिंह , खजन सिंह , मनोज कुमार , श्यौराज सिंह , तेज पाल ,प्रदीप कुमार , सुभाष चंद्र , शैलेन्द्र कुमार व सरनाम सिंह आदि मौजूद रहे । यह जानकारी क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने दी।

## 14 दिसम्बर को आयोजित होगा पल्स पोलियो अभियान

बदायूँ। सीएमओ ने जानकारी देते हुए बताया कि एसएनआईडी पल्स पोलियो अभियान 14 दिसम्बर 2025 को आयोजित किया जायेगा, जिसमें 0-5 वर्ष तक के बच्चों को 02 बूंद पोलियो की ड्राप पिलायी जायेगी। जिसके अंतर्गत जनजागरुकता हेतु एक रैली का शुभारम्भ 12 दिसम्बर 2025 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूं से सदर विधायक महेशचन्द गुप्ता एवं मुख्य चिकत्सा अधिकारी डॉ0 रामेश्वर मिश्रा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। रैली में स्कूली बच्चों, अध्यापक द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से भगवान परशुराम चौक, रोड़वेज, पुलिस लाइन, वन विभाग से होते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर सम्पन्न हुई। पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत 14 दिसम्बर 2025 को बूथ गतिविधियां, 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक हाउस टू हाउस गतिविधियां, दिनांक 22 दिसम्बर 2025 को बी टीम एक्टिविटी सम्पादित की जायेगी।

# जिलाधिकारी ने अलाव व रैनबसेरा का निरीक्षण कर जरूरत मंदों किया कम्बल वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । शीतलहर से आमजन को राहत पहुँचाने हेतु जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बृहस्पति वार की देर रात्रि शहर के विभिन्न स्थलों का नि रीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया,जिला धिकारी ने बस स्टैंड,जिला अस्पताल,गुरुनानक चौराहा सहित कई प्रमुख स्थानों पर स्थित रैनब सेरों एवं अलाव स्थलों का निरीक्षण किया और ठंड से बचाव के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान उन्होंने रैनबसेरे में मौजूद असहाय एवं जरूरतमंद लोगों से सं वाद कर उनकी समस्याएँ जानीं तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्था ओं के बारे में जानकारी ली।जिलाधिकारी ने मौ के पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शीतलहर को देखते हुए अलाव की व्यव स्था हर महत्वपूर्ण स्थान पर सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो इस अवसर पर उन्होंने जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित कर राहत प्रदान की जिलाधि कारी प्रियंका निरंजन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में रात्रि भ्रमण अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने कहा कि रात्रिकालीन भ्रमण से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि कहीं कोई व्यक्ति खुले में ठंड से पीड़ित न हो और प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई गई सभी व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से सं चालित हों।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीतलहर के दृष्टिगत किसी भी प्रका र की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा राजस्व, स्वास्थ्य,नगर निकाय और आपदा प्रबं धन से संबंधित सभी विभाग पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करें।सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में रैनबसेरों की नियमित मॉनिटरिंग करें, अलाव की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखें तथा जरूरतमंदों को समय पर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराएँ जिला धिकारी ने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य शीतलहर के दौरान किसी भी नागरिक को क ठिनाई न होने देना है और इसके लिए हर संभ व कदम उठाए जा रहे हैं।उन्होंने आमजन से अपील की कि वह जरूरतमंद लोगों को रैन बसेरों तक पहुँचाने में सहयोग करें,ताकि अधि क से अधिक लोग राहत का लाभ उठा सकें।

# राजकीय हाई स्कूल रामपुर टेपरा में करियर मेला सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक करियर मेले का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विविध करियर विकल्पों से अवगत कराना तथा उनके भीतर आत्मविश्वा स व लक्ष्य निर्धारण की समझ विकसित करना था।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, जिला मंत्री सहदेव सिंह, जिला नोडल (करियर गाइडेंस) ममता चौधरी, शिक्षक बंधु इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय श्रीवास्त व प्रदेश उपाध्यक्ष (प्रधानाचार्य परिषद) शिवेंद्र सिंह, व्यवसायिक विशेषज्ञ राम मोहन चौधरी, राष्ट्रीय स्कूली क्रिकेट चयनकर्ता विजय सिंह, मुख्यमंत्री सुरक्षा के आरक्षी भीम सिंह, भारती य सेना से श्रीकांत सिंह, सहायक अध्यापक दिलीप कुमार मौर्य, तथा कंपोजिट विद्यालय रामपुर टेपरा की प्रधानाध्यापिका सुश्री संतोष कौशल विशेष अतिथि के रूप में



उपस्थित रहे।अतिथियों ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर अवसरों,जीवन कौशल,अनुशासन,लक्ष्य निर्धा रण और सकारात्मक सोच के महत्व पर मार्गद र्शन दिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछ कर महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ल्लकैरियर हबङ्क रहा,जहाँ पो स्टर, मॉडलों और पुस्तकों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी प्रदर्शित की गई।इस गति विधि में विद्यार्थियों की उत्साही भागीदारी देख ने योग्य रही।विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार श्रीवास्तव,शिक्षक समर प्रताप सिंह अध्यक्ष, राजकीय शिक्षक संघ श्रीकांत वर्मा, तथा विद्यालय स्टाफ–अतुल सिंह, बृजेश तिवारी आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसकी निरंत रता की अपेक्षा व्यक्त की। यह करियर मेला विद्यार्थियों में नए सपनों, नए लक्ष्यों और उज्ज्व ल भविष्य की सोच विकसित करने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

# फर्जी दस्तावेजों से जमीन पर कब्जा करने वाले आरोपी को ईओडब्लू ने किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में बड़े पैमाने पर हुए जमीन घोटाले के संबंध में आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन ( ईओडब्लू ) उत्तर प्रदेश की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में फर्जी दस्तावेजों के सहारे जमीन प र कब्जा करने के आरोप में राम कैलाश पांडे को गिरफ्तार किया गया है।आरोपी ने गोंडा के निबंधन कार्यालय सदर में अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से मूल दस्तावेजों से छेड़छाड़ कर फर्जी अभिलेख तैयार किए थे। राम कैलाश पांडे के खिलाफ लखनऊ के एस आईटी थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और फर्जीवाड़े सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।इस मामले की जांच लखनऊ एसआईटी और आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन उत्तर प्रदेश द्वारा की जा रही है पिछले चार महीनों में इस मामले में कई अन्य गिरफ्ता रियां भी हुई हैं।इनमें बारह अगस्त को सरजू प्रसा द, सात अक्टूबर को मसरूर अहमद, नौ अक्टूबर को शिवशरण पांडे और चार नवंबर को अंबिका प्रसाद शामिल हैं।अब फरार चल रहे राम कैलाश पांडे को भी गिरफ्तार कर लि या गया है।इस जमीन फर्जीवाड़े का खुलासा तत्कालीन गोंडा डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल के कार्यकाल में हुआ था।उन्होंने एक टीम गठित कर जांच कराई थी।जिसमें पचास से अधिक जमीन फर्जीवाड़े के मामले सामने आए थे।इन सभी मामलों को लेकर गोंडा के नगर कोतवा ली में पचास से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए थे,जिनकी जांच अब एसआईटी लखनऊ और आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन उत्तर प्रदेश को सौंप दी गई है।

# खोराहसा से लेकर मुन्नन खां चौराहे तक मिट्टी की ट्रालियां सड़क पर धड़ल्ले से दौड़ रही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले में पुलिस प्रशासन की सरपरस्ती में इन दिनों गोंडा-फैजाबाद रोड खोराहसा से लेकर मुन्नन खां चौराहे तक मिट्टी के अवैध खनन का धंधा परवान पर है।खनन माफिया धरती का सीना छलनी कर अवैध कालोनियों में भराव कर रहे हैं।खनन फावड़े के बजाय जे सीबी से हो रहा है,अनुमति से अधिक स्थानों पर हो रहा है, जितने गहराई तक खुदाई की अनुमति है,उसके दोगुना खोदा जा रहा है।और यह सब राजनीतिक और कुछ प्रभावशाली लो गों की मिलीभगत से चल रहा है।जिले के आ ला अधिकारियों तक को इस बात की सूचना होने के बावजूद अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई खनन माफियाओं के खिलाफ नहीं की गई।खोराहसा पुलिस चौकी क्षेत्र के पांडेपुरवा ड़डवा कानून गो, तिवारी पुरवा,आदि गाँवो में

खनन माफिया एनजीटी के आदेशों को पूरी तरह हवा में उड़ाते हुए पुलिस,प्रशासन और खनन विभाग तीनों से सेटिंग कर धड़ल्ले से अपना काम कर रहे हैं,शहर में



बन रही कालो नियों में भराव के नाम पर दिन ध्-रात खनन कर दर्जनों ट्रालियां पुलिस चौकी के सामने से सड़कों पर दौड़ रहे हैं।मिट्टी खनन की शिकाय तें लोगों ने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से कीं, लेकिन खनन माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती हैं। इस कारण खनन माफिया भराव के नाम पर ठेका ले रहे हैं।देहात कोतवा ली थाना क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन का कारो बार बड़े स्तर पर चल रहा है।रात भर सड़कों पर मिट्टी से भरी ट्रालियां दौड़ती रहती हैं। तिवा री बजार पुलिस चौकी,दर्जीकुआँ पुलिस चौकी सद्भावना पुलिस चौकी,मिश्रौलिया पुलिस चौ की क्षेत्र के आसपास गांवो में बड़े पैमाने पर मि ट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है।इतना ही नहीं अनुमति से दोगुना स्थानों पर अवैध खनन और वो भी जेसीबी से किया जा रहा है।यही न हीं जितनी गहराई तक खुदाई की अनुमति मि ली है,उससे दोगुना से ज्यादा खुदाई करने के कारण बहुत स्थानों पर खाई बन गई हैं।

...तो भूमि हो जाएगी बंजर

जानकारों का कहना है कि अवैध मिट्टी खनन के कारण खेतों से उर्वरा मिट्टी समाप्त होती जा रही है।यही हाल रहा तो अधिकतर भूमि बंजर हो जाएगी।वही मिट्टी खनन के लिए जेसीबी से खनन करने की मंजूरी नहीं दी जाती है।रायल्टी जमा करने के बाद भी जेसीबी से खनन करने की मंजूरी न देते हुए प्रशासन सिर्फ फावड़े से ही मिट्टी उठाने की अनुमति देता है।इसके बाव जूद खुलेआम जेसीबी से खनन किया जा रहा है। खनन माफिया प्लाटिंग करने वालों से हर ट्राली के हिसाब से ठेका कर लेते हैं। सूत्र बता रहे हैं कि खनन माफिया से हर ट्राली के हिसाब से पुलिस और ख नन विभाग पैसा लेता है जि स वजह से उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाब ती है।शिकायत पर अगर कोई अधिकारी कार्र वाई करने की रणनीति तैयार करते हैं तो सबसे पहले सूचना खनन माफिया तक पहुंच जाती है सरकारी मानकों को दरकिनार कर मनमर्जी खु दाई से सरकार को भी करोड़ों का नुकसान हो रहा है।जिले के आलाअधिकारियों तक को इस बात की सूचना होने के बावजूद भी तक कि सी प्रकार की कार्रवाई खनन माफियाओं के खिला फ कार्यवाई नहीं होती है,वही मिट्टी के खनन के लिए खनन विभाग की अनुमति जरूरी है। इस के लिए निर्धारित प्रारूप पर डीएम,एडीएम, ख नन अधिकारी और बीडीओ के नाम पर एप्ली केशन देनी होती है।आवेदक को जिस स्थान से मिट्टी लाई जा रही है,उसकी खतौनी के अनुसार भू स्वामी का भी पूरा ब्योरा देना होता है। यह भी सूचना देनी होती है कि कितनी मिट्टी का खनन हो रहा है,जहां मिट्टी खोदी जा रही है, वहां से निर्माण स्थल कितनी दूर है।मिट्टी ढोने वाले वाहन का नंबर,चालक का नाम और उस का मोबाइल नंबर भी बताना होता है।

## बैंक परिसर में लगा वृहद रक्तदान शिविर

नानपारा, बहराइच। नगर के स्टेशन रोड स्थित नानपारा एचडीएफसी बैंक परिसर में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें रक्तवीर अमरदीप त्रिपाठी , पुष्कर अवस्थी, सौरभ सिंह, अभिषेक गुप्ता, हेमंत द्विवेदी ने रक्तदान किया । रक्तदान शिविर के आयोजन में अमरदीप त्रिपाठी एवं वर्तिका शर्मा की विशेष भूमिका रही। महाराजा सुहेलदेव ऑटोमन स्टेट मेडिकल कॉलेज एंड महर्षि बालार्क हॉस्पिटल बहराइच के ब्लड बैंक के चिकित्सकों की टीम के तत्वावधान में मुख्य चिकित्सक नूर मोहम्मद के नेतृत्व में संपन्न हुआ।




# अवैध तरीके से गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों को बक्शा नहीं जायेगा : एआरटीओ प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । एआरटीओ प्रशासन आर.सी.भारतीय के द्वारा देर रात्रि बजाज चीनी मिल कुंदरखी यूनिट के अंतर्गत एक विशेष अभियान चलाया गया,जिसमें कृषि ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध तरीके से गन्ना परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कृषि ट्रैक्टरों में अनधिकृत पं जीकृत ट्रॉला लगाने के जरिए गन्ना परिवहन को नियंत्रित करना और कृषि कानूनों की अनु पालन सुनिश्चित करना था।इस अभियान के दौ रान, एआरटीओ अधिकारियों ने देखा कि कई ट्रैक्टर जो केवल कृषि कार्य के लिए पंजीकृत थे,उन्हें कमर्शियल तरीके से ओवरहाइट गन्ना लोड करने के लिए उपयोग किया जा रहा था। विशेषकर,दो कृषि पंजीकृत ट्रैक्टरों में बड़े साइ ज के ट्रॉला संलग्न कर अवैध रूप से गन्ना परि वहन किया जा रहा था,यह स्पष्ट था कि ये ट्रैक्ट र कृषि उद्देश्यों के बजाय वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित कर दिए



गए थे,जो कि न के वल कानून का उल्लंघन करता है बल्कि कृषि क्षेत्र में अनुशासन और सुरक्षा को भी खतरे में डालता है।एआरटीओ प्रशासन ने पूर्व निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वाले ट्रैक्टरों और ट्रॉ ला को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए। संबं धित वाहनों के खिलाफ आवश्यक कानूनी का र्यवाही की गई है,ताकि इस प्रकार की अनाधि कृत गतिविधियों को रोका जा सके।प्रशासन ने किसानों और परिवहन मजदूरों को इस संबंध में जागरूक करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि सभी किसान केवल मान्यता प्राप्त और पं जीकृत वाहनों का ही उपयोग करें,एआरटीओ प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि किसी भी प्रकार के अवैध परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## उर्वरक तस्करी का प्रयास विफल, 20 बोरी उर्वरक बरामद



नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । एसएसबी 59वीं वाहिनी नानपारा ने कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के निर्देशानुसार सीमा चौकी चितलहवा की ऑप्स टीम द्वारा की गई प्रभावी नाका ड्यूटी के दौरान उर्वरकों की तस्करी के प्रयास को विफल किया। मिली जानकारी के अनुसार प्रातः लगभग 03:45 बजे सीमा स्तंभ संख्या 672/2 के निकट नाका के दौरान तीन संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधि देखी गई, जो साईकिल के माध्यम से भारतीय क्षेत्र से नेपाल की ओर उर्वरक की बोरियां ले जाने का प्रयास कर रहे थे। नाका पार्टी द्वारा चुनौती दिए जाने पर सभी व्यक्ति साइकिल सहित अंधेरे का लाभ उठाकर नेपाल की ओर भाग निकले। इसके बाद क्षेत्र की तलाशी ली गई, जिसमें भारतीय क्षेत्र में कुल 20 बोरी उर्वरक बरामद किए गए। इनमें भारत यूरिया (45 किग्रा प्रति बोरी) की 15 बोरी और सिंगल सुपर फॉस्फ़ेट (50 किग्रा प्रति बोरी) की 5 बोरी शामिल थीं। बरामदगी के उपरांत मौके पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई और जब्त सामग्री को कृषि कार्यालय बहराइच को विधिक कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया। इस सफल कार्रवाई का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक (सामान्य) पद्मा चेत्तिया ने अपनी टीम के कुल पांच कार्मिकों के साथ किया। 59वीं वाहिनी द्वारा सीमा पर तस्करी रोकथाम और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान निरंतर रूप से जारी हैं।

## नेत्र शिविर में चिकित्सकों ने दो सौ बारह मरीजों का किया परीक्षण

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । विकास खण्ड सिंहपुर की ग्राम पंचायत जेहटा उसरहा स्थित पंचायत भवन के प्रांगण में शुक्रवार को इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र मुंशीगंज के तत्वाधान मे निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सकों द्वारा दो सौ बारह मरीजों की नेत्रों का परीक्षण कर तेरह मरीजों को नजर का चश्मा दिया गया और एक सौ पैंतालिस लोगों को आपरेशन के लिये चिन्हित किया गया। क्षेत्र के गांव उसरहा निवासी समाज सेवी गोपी चंद्र बाजपेई की निगरानी में अनवरत कई वर्षो से नेत्र शिविर आयोजित किया जाता है।इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय एव अनुसंधान केन्द्र मुंशीगंज के चिकित्सकों द्वारा शुक्रवार को प्रातः साढ़े नौ बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक निःशुल्क नेत्र जांच की गई जिसमें एक सौ पैंतालिस मरीजों को मोतियाबिंद आपरेशन के लिये चिन्हित कर मरीजों को अस्पताल आने की तारीख दी गई और दो सौ बारह मरीजों ने अपना नेत्र परीक्षण कराया साथ ही तेरह मरीजों को नजर का चश्मा प्रदान किया गया।नेत्र शिविर के सहआयोजक अभिषेक गोपी बाजपेयी ने बताया कि मरीजो की निःशुल्क जांच एवं सर्जरी के बाद उचित लेंस का चश्मा दवा भी दिया जाता है।अभिषेक गोपी बाजपेयी ने क्षेत्रीय लोगों से अपील की है कि वह नेत्र जांच शिविर में आकर अपनी आंखों की जांच करवाएं और इसका लाभ उठायें।इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय आशीष सिंह,के एस यादव,कल्पनाथ यादव,डा. अंकित सिंह,अलका,शबाना द्वारा मरीजों की आंखों की जांच पड़ताल की गई। इस मौके पर गोपी चंद्र बाजपेई ,अभिषेक बाजपेई,दीपू शुक्ला,राम कुमार तिवारी,जितेन्द्र तिवारी,शुभम मिश्र, अंतिम सिंह, रवि तिवारी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 34 लाख की धोखाधड़ी

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । डिजिटल अरेस्ट के नाम पर एक व्यक्ति से 34.45 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। शास्त्रीनगर निवासी सुरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने साइबर क्राइम थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है, जिसने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर ठगी की। सुरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें 3 अक्टूबर को एक फोन आया था। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस अधिकारी (सीबीआई अधिकारी) बताया और उन पर झूठे आरोप लगाए। उसने दावा किया कि उनके बैंक खाते और आधार कार्ड का उपयोग एक गंभीर अपराध में किया गया है। इसके बाद, ठग ने उन्हें वीडियो कॉल पर लिया और 'डिजिटल अरेस्ट' करने की धमकी दी। उसने सुरेंद्र और उनके परिवार के सदस्यों को किसी से भी बात न करने की चेतावनी दी। ठग ने पुलिस का रौब दिखाते हुए कहा कि यदि वे अपनी और परिवार की सुरक्षा चाहते हैं, तो उसे जैसा कहा जाए वैसा करें। डर के कारण, सुरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने ठग द्वारा बताए गए विभिन्न खातों में कई बार में कुल 34,45,000 रुपये की धनराशि स्थानांतरित कर दी। धोखाधड़ी करने वाले ने वीडियो कॉल के दौरान कुछ फर्जी पहचान पत्र और सरकारी लोगो वाले नोटिस भी भेजे ताकि पीड़ित को उस पर विश्वास हो जाए। ठग ने सुरेंद्र को यह भी धमकाया कि वे इस घटना की चर्चा या शिकायत किसी से न करें, अन्यथा उन्हें और उनके परिवार को जान से मार दिया जाएगा ।

# राजकीय इंटर कॉलेज लखैय्या कलां में वार्षिक उत्सव, पुरस्कार वितरण एवं पूर्व छात्र सम्मेलन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। राजकीय इंटर कॉलेज लखैय्याकलां में वार्षिक उत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह एवं पूर्व छात्र सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ हुई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शत्रोहन लाल आर्य, राम मिलन, मदन लाल मिश्र, डॉ. के.एल. गुप्ता सहित ग्रामसभा के अनेक गणमान्य नागरिक व अभिभावक उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने गीत, ग़ज़ल, नृत्य, लोकगीत, प्रहसन और नाट्य प्रस्तुति जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अतिथियों का मन मोह लिया। इसी क्रम में कक्षा 6 से 12 तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी प्रतिभा एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपने अनुभव साझा कर वर्तमान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया। विशिष्ट अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं, जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के अरुण, डॉ. आनंद, शुभम चौबे, राजित सिंह, फूलचंद, जगत कुमार, विजय यादव, रुपेश सहित सभी शिक्षक-कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने अतिथियों, अभिभावकों एवं पूर्व छात्रों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन जीव विज्ञान प्रवक्ता पंकज कुमार पांडेय द्वारा किया गया।

# एसएसबी ने चिकित्सा शिविर लगाकर किया ग्रामीणों का उपचार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । एसएसबी 59वीं वाहिनी नानपारा ने कमांडेंट कैलाश चन्द रमोला के निर्देशन में सीमा चौकी लम्बी फॉरेस्ट स्थित सोनगवा (वाइब्रेंट विलेज) में मानव चिकित्सा शिविर (ओपीडी) का सफल आयोजन किया। शिविर का संचालन वाहिनी के चिकित्साधिकारी एवं द्वितीय कमांड अधिकारी (चिकित्सा) डॉ. ए. लिंगय्या ने किया। ग्रामीणों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस शिविर में कुल 63 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 23 पुरुष, 32 महिलाएं और 8 बच्चे शामिल रहे। सभी लाभार्थियों को चिकित्सीय परामर्श, प्राथमिक उपचार और आवश्यक दवाइयां प्रदान की गईं। ग्रामीणों ने चिकित्सा शिविर के लिए एसएसबी का आभार जताते हुए कहा कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा समय-समय पर चलाए जा रहे ऐसे जनसेवा कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं। एसएसबी 59वीं वाहिनी ने आश्वासन दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनकल्याण तथा सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को आगे भी निरंतर रूप से जारी रखा जाएगा।

# श्रीमद भागवत कथा के समापन पर उमड़ा भक्ति का सागर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । क्षेत्र के गांव गड़ेहरी में राष्टीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष संतोष तिवारी के आवास पर चल रही श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने सुदामा चरित्र पर प्रकाश डाला और मित्र की परिभाषा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कथा का समापन नही होता बल्कि कथा विश्राम लेती है।श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन कथा स्थल पर श्रोताओं की भीड़ इस कदर उमड़ी कि जगह कम पड़ गयी। सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद भागवत कथा से वातावरण भक्तिमय नजर आया।कथा व्यास आचार्य संतोष जी महाराज ने कहा कथा प्रारम्भ होती है उसका समापन नही होता,कथा केवल विश्राम लेती है।उन्होंने कहा कि राजा दशरथ का जीवन सफल हो गया क्योंकि भगवान राघवेंद्र सरकार उनके आंगन में अवतरित हुये और अंत समय भी राम राम कहते हुये ही उनके प्राण निकले।अंत समय उसी के मुख से प्रभु का नाम निकलता हैं जो जीवन में प्रभु की कथा का श्रवण करता हैं जो भजन जीवन भर करेंगे वही अंत में प्रभु को पा सकता हैं।आचार्य संतोष जी महाराज ने कहा कि भगवान को पाने के लिये ज्ञान,कर्म और भक्ति के मार्ग है जिसमें सबसे सरल भक्ति मार्ग हैं। यजमान के साथ ही तिलोई की

## तिलोई की ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया आरती पूजन

ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने आरती पूजन कर कथा व्यास का फूल मालाओं से स्वागत किया। आयोजक संतोष तिवारी ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। उन्होंने बताया कि शनिवार को विशाल भण्डारा आयोजित किया जायेगा।इस मौके पर भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी, रिंकू त्रिपाठी, वीर सिंह,ध्रुवराज पासी, गुडडू सिंह,रामसुख, अनिल तिवारी, स्वामी चरण सिंह,जगदीश उपाध्याय, गुरुसेवक लाल श्रीवास्तव,कामता दीक्षित, दिवाकर सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत विधायक बाबूराम पासवान ने बांटे स्वीकृति पत्र उपस्थिति रही ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विकास खंड पूरनपुर के तहत आने वाले पात्र बीपीएल परिवारों को छत मुहैया करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 890 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए समारोह में पूरनपुर 129 विधानसभा के विधायक बाबूराम पासवान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर लाभार्थियों को पत्र वितरित किए कार्यक्रम पूरनपुर विधानसभा क्षेत्रों के बीपीएल परिवारों के चयनित लाभार्थियों के लिए आयोजित किया गया इस दौरान मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मंजूर हुए परिवारों को यह लाभ प्रदान किए गए विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार हर वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रमुखता से कार्यान्वयन किया जा रहा है वहीं



प्रदेश सरकार की ओर से भी हर वर्ग के हित में विभिन्न योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है वहीं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए कई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, ताकि प्रदेश के हर तबके के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाएं, ताकि वे इसका लाभ ले सकें

विधायक ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब परिवारों के लिए है इसके तहत आवास निर्माण के लिए 1,20,000 रुपये की धनराशि तीन किस्तों में स्वीकृत की जाती है। उन्होंने उन गरीब परिवारों से अपील की जो अभी तक इस योजना का लाभ नहीं ले पाए हैं।विधायक ने कहा कि ऐसे लोग ग्राम प्रधान, सचिव और बीडीओ से संपर्क कर अपने आवेदन कर सकते हैं। किसी भी परेशानी की स्थिति में वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। सरकार का लक्ष्य हर गरीब परिवार को मुख्यमंत्री आवास उपलब्ध कराना है इस अवसर पर विधायक बाबूराम पासवान,ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह,अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष परगट सिंह ,प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पाल सिंह,परियोजना निदेशक पवन कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी हेमंत यादव, सहायक विकास अधिकारी अजय देवल, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी सहित आवास योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे है।

# डीएम ने एसआईआर को लेकर मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर आज जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने विधानसभा गौरीगंज अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय पचेहरी के बूथ संख्या 335, 336 और 337, माडल प्राइमरी स्कूल मिश्रौली के बूथ संख्या 343 तथा विधानसभा अमेठी के प्राथमिक विद्यालय कुड़वा के बूथ संख्या 28, 29 व 32 का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।समस्त मतदेय स्थलों पर बीएलओ और बीएलए की संयुक्त बैठकें आयोजित की जा रही हैं जिससे किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल होने से वंचित न रहे और किसी अपात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल न हो जाये और स्वच्छ एवं पारदर्शी मतदाता सूची बनाई जा सके।जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी नाम गलत या संदेहास्पद लगे तो उसकी जांच अवश्य कर लें जो लोग मृतक या शिफ्टेड हैं उनकी भी जांच कर लें। बताते चलें कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार



मतदाता सूची को स्वच्छ एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विगत चार नवम्बर से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्रों का वितरण, संग्रहण, डिजिटाइजेशन का कार्य कराया जा रहा है गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य चारों विधानसभाओं में लगभग पूर्ण हो गया है। जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ और बीएलए की संयुक्त बैठकें आयोजित कराई जा रहीं हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रगतिशील किसान हरिशंकर मौर्य के खेत का जिला गन्ना अधिकारी ने किया भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने ग्राम सैदपुर के प्रगतिशील गन्ना किसान हरिशंकर मौर्य के खेत का भ्रमण किया। हरिशंकर मौर्य द्वारा दो एकड़ गन्ने के खेत मे सहफसली के रूप मे मटर बोया है। गन्ना किस्म कोशा. 13235 के साथ मटर की ए. पी.-3 प्रजाति दो एकड़ मे बोई गयी है। गन्ने की बुवाई चार फीट पर की गयी है तथा गन्ने की दो लाइन के बीच मे मटर की दो लाइन बोई गयी है। मौर्य द्वारा बताया गया कि वह गन्ने की अधिक बुवाई शरदकाल मे ही करते है और गन्ने के साथ विभिन्न फसलों की सहफसली खेती करते है। सहफसली के रूप मे उगाई गयी फसल से पूरी लागत निकल आती है और गन्ना फसल से अतिरिक्त लाभ मिल जाता है। दलहनी फसलों से घरेलू दाल की जरूरत भी पूरी होती है साथ ही ज़मीन मे नाइट्रोजन स्थिरीकरण से ज़मीन की उर्वरता भी बढ़ती है। जनपद में अब तक 8000 हे. मे



18327 किसानो द्वारा शरदकालीन गन्ना बुवाई की जा चुकी है। शरदकालीन गन्ना बुवाई से एक तरफ अधिक पैदावार मिलती जिससे आमदनी में इजाफा होता है तो दूसरी ओर अधिक चीनी पर्ता मिलने के कारण चीनी मिलो को भी फायदा है। गन्ने के साथ जब दलहनी फसले किसान बोता है तो उसे घरेलू दाल की जरूरत पूरी होती है साथ ही जमीन की उर्वरता मे भी सुधार होता है। कल्ले अधिक और सशक्त बनते है। यही कारण है की जनपद पीलीभीत के गन्ना किसान आर्थिक विविधता के लिये गन्ने के साथ मटर, मसूर, राजमा, चना, बांकला की खेती करते है। कुछ किसान आलू, फूलगोभी, पातगोभी, सरसो, अलसी, मूली, शलजम, लहसुन, धनिया की भी खेती करते है। सहफसली से गन्ने की जड़ो के बीच वायुसंचार बढ़ता है और मिट्टी की संरचना मे सुधार होता है। गन्ने मे प्रकाश और और हवा का संचार बढ़ने से रोग कीट कम लगते है। इस अवसर पर राम भद्र द्विवेदी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत, रोहतास उपाध्याय गन्ना पर्वेक्षक उपस्थित रहे।

## सीएमओ ने जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। महानिदेशक परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार चौदह दिसम्बर को पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया जायेगा।अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता हेतु शुक्रवार को जिला मुख्यालय सहित सभी सीएचसी पर रैलियां निकाली गई। इसी क्रम में जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से छात्राओं द्वारा निकाली गई जन जागरूकता रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार चौदह दिसम्बर से पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया जा रहा है अभियान के दौरान जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी इसके लिये अभिभावकों को जागरूक करने के उददेश्य से आज रैलियां निकाली गई हैं। उन्होंने सभी से अपील भी किया है कि चौदह दिसम्बर को अपने जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक जरूर पिलवाएं।

## सांसद जितिन प्रसाद ने किर्गिस्तान में फंसे पीलीभीत के लोगों के लिये विदेश मंत्रालय से की वार्ता किया पत्रचार



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। गजरौला एवं पूरनपुर के 13 परिवारों के युवाओं के किर्गिस्तान में फँसे होने की सूचना पर उनके परिवार के लोगों को केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने दिल्ली में बुला कर विषय की जानकारी ली एवं युवाओं की सुरक्षित वापसी का आश्वासन दिया उन्होंने कहा प्रधानमंत्री और सरकार की ये प्राथमिकता है कि हर भारतीय नागरिक सुरक्षित रहे इसी सन्दर्भ में सम्बंधित विषय में विदेश राज्यमंत्री से पत्राचार किया गया है और पूर्ण विश्वास है। कि जल्द ही सबकी सुरक्षित अपने वतन वापसी सुनिश्चित होगी।

## खनन माफियाओं ने डंपर से किसान नेता की थार में मारी टक्कर मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई के रहने स्वराज सिंह पुत्र अर्जुन सिंह भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के प्रदेश सचिव है।किसान नेता स्वराज सिंह ने बताया कि उन्होंने जिले में हो रहे अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों की कई बार अधिकारियों से शिकायत चुके हैं। इसको लेकर डंपर चालक और खनन माफिया उनसे रंजिश मानते हैं 9 दिसंबर को अपनी थार से खुटार हाईवे पर जा रहे थे गाड़ी उनका भतीजा सतविंदर पाल सिंह चला रहा था पिपरिया दुलई मोड़ से आगे चीनीमिल की तरफ हाइवे पर डपर से आ रहे दो खनन माफियाओं ने जान से मारने की नियत से उनकी थार में टक्कर मार दी टक्कर मारने के बाद माफिया डंपर से उतरकर फरार हो गए शाम होते होते दोनों पक्षों में लिखित में समझौता हो गया है।

## सुपरवाइजर ने बीएलओ को एसआईआर कार्य समय से पूर्ण करने पर फूलमाला पहनाकर किया सम्मानित

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधानसभा क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय जहूरगंज में बीएलओ त्रिवेणी सिंह को एसआईआर स्पेशल समरी रिवीजन कार्य समय से पूर्व पूरा करने के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने 1106 निर्वाचकों की जानकारी का डिजिटाइजेशन निर्धारित समय सीमा से पहले सफलतापूर्वक किया।जिस पर उन्हें शुक्रवार को विद्यालय में सुपरवाइजर सौरभ ने त्रिवेणी सिंह को फूलमाला पहनाकर उनके उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा की और बधाई दी।निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, सभी बीएलओ को मतदाता सूची के संशोधन, सत्यापन और डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समय में पूरा करना था। त्रिवेणी सिंह ने इस जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए लक्ष्य को समय से पहले प्राप्त किया।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने त्रिवेणी सिंह के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि समयबद्धता, सतर्कता और तकनीकी दक्षता बीएलओ के कार्य के महत्वपूर्ण पहलू हैं। त्रिवेणी सिंह द्वारा लक्ष्य को समय से पहले पूरा करना अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक है और इससे मतदाता सूची सुधार कार्य को गति मिली है।सुपरवाइजर सौरभ साख्यधर ने इस अवसर पर कहा कि कर्मठ और ईमानदार बीएलओ निर्वाचन प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सभी कर्मचारी इसी प्रकार अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।इस कार्यक्रम में स्थानीय शिक्षक और कई अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने बीएलओ त्रिवेणी सिंह के प्रयासों की सराहना की।

## धार्मिक स्थल के रास्ते को लेकर हुए विवाद में हुई मारपीट क्रॉस मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव बख्तापुर मे धार्मिक स्थल के रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच हुऐ विवाद में जमकर मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गये दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस शिकायत दर्ज कराई प्राप्त शिकायत पत्र के आधार पर पुलिस ने दोनो ओर के करीब आधा दर्जन लोगो के खिलाफ गम्भीर से धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया बख्तापुर में धार्मिक स्थल के रास्ते को लेकर गांव के दो पक्ष आमने सामने आ गये और जमकर हाथापाई हुई गांव निवासी विश्वराज सिंह पुत्र अर्जुन सिंह ने बताया कि गांव में मंदिर को जाने वाले रास्ते पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया गया था इस प्रकरण में लगभग एक सप्ताह पूर्व पंचायत में दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था जिसके अनुसार अवैध निर्माण हटाने की बात कही गई थी गुरुवार दोपहर को अतिक्रमण हटाने की बात दोहराई इसी दौरान दोनों पक्षों में कहा-सुनी शुरू हो गई जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने विश्वराज सिंह और उनकी चाची सरस्वती देवी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए इधर विवाद में दूसरे पक्ष का भी एक व्यक्ति घायल हुआ है घटना के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की फिलहाल दोनो पक्षों से मुकदमा दर्ज कर लिया है जॉच जारी है।

## महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या अठारह दिसम्बर को अमेठी आयेंगी

अमेठी । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम आगामी अठारह दिसम्बर को प्रस्तावित है उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला आयोग की सदस्य प्रातः साढ़े दस बजे सर्किट हाउस गौरीगंज पहुंचेंगी तदोपरांत ग्यारह बजे से एक बजे तक तहसील गौरीगंज सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगी इसके बाद डेढ़ बजे जिला अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण तदोपरांत अपराह्न तीन बजे से छह बजे तक कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं वृद्धाश्रम का निरीक्षण करेंगी। घरेलू हिंसा या किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से पीड़ित महिलाएं अपनी समस्याएं महिला आयोग की सदस्य के समक्ष उपस्थित होकर कर सकती हैं।

# भारतीय परिवहन महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध भारतीय परिवहन महासंघ के नवमनोनीत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुणभान तिवारी का गृह जनपद आगमन पर जोरदार स्वागत हुआ। रोडवेज कर्मचारी संघ ने डीपीओ गेट पर उन्हें माल्यार्पण कर सम्मानित किया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संयोजक राकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद पार्क में स्थित अमर स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, जिसमें अरुणभान तिवारी सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद परिवहन निगम हाल में आयोजित समारोह में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए उन्हें संगठन का सशक्त नेतृत्व कर परिवहन मजदूरों की आवाज राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का आग्रह किया। जिला उपाध्यक्ष बी.सी. शुक्ला और क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सतीश मिश्रा ने कहा कि सुलतानपुर के मूल निवासी अरुणभान तिवारी को मिला यह पद पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। अब उत्तर प्रदेश और पूर्वांचल के परिवहन मजदूरों की समस्याएं राष्ट्रीय स्तर पर अधिक प्रभावी ढंग से उठाई जा सकेंगी। महिला पदाधिकारियों- जिनमें राष्ट्रीय मंत्री (आंगनबाड़ी संघ) रामावती और चिंतामणि शामिल रहीं। वे नई श्रम संहिताओं में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों तथा महिला मजदूरों को शामिल कर न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की मांग भी रखी। स्वागत समारोह में विश्वम्भर उपाध्याय, सिद्धनाथ तिवारी, पूर्व टीआई केके पांडेय, देवेंद्र मिश्र, दिनेश सिंह, शैलेन्द्र उपाध्याय समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सऊदी अरब से लौटा युवक का शव, गांव में मातम पसरा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## 16 माह पहले गया था कमाने सड़क हादसे में हुई थी गंभीर चोट

सुल्तानपुर। हलियापुर थाना क्षेत्र के नरगेसवा मजरे में शुक्रवार को मातम का माहौल तब गहरा गया,जब सऊदी अरब के दमाम में दुर्घटना का शिकार हुए युवक लल्लन (25) का शव देर रात गांव पहुंचा। घर में चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।परिजनों के मुताबिक लल्लन 17 सितंबर 2024 को अपने रिश्तेदार के साथ रोजी-रोटी की तलाश में सऊदी गया था। दमाम में वह मजदूरी कर रहा था। इसी दौरान आठ फरवरी 2025 को सड़क दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और कोमा में चला गया। लंबे समय तक इलाज चलने के बावजूद उसे होश नहीं आया। आर्थिक कमजोरियों के चलते परिवार उसे स्वदेश भी नहीं ला सका। 17 नवंबर को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार देर रात उसका शव लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा, जहां से परिजन उसे गांव ले आए। शुक्रवार सुबह से शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा।दोपहर में गांव के बगल स्थित जंगल में लल्लन को दफनाया गया। पिता विंध्यादीन, माता, बाबा देवी प्रसाद, पत्नी सुनीता और चार वर्षीय बेटे कार्तिक का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## हत्या मे दोषी 5 पड़ोसीयो को उम्रकैद की सजा

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के गांव ढका मे युवक की हत्या के मामले अपर सत्र न्यायधीश विजय कुमार ने फैसला सुनाया अदालत ने दोषियो को आजीवन कारावास की सजा और 34 हजार रूपये अदा करने का आदेश दिया है अर्थदंड अदा नहीं करने की दशा में अभियुक्त को अतिरिक्त सजा काटनी होगी जिला शासकीय अधिवक्ता नंदन बाबू गंगवार ने बताया कि गांव ढका निवासी ने कोतवाली में हत्या का मामला दर्ज कराया था गांव ढका मे दस वर्ष पूर्व गौकशी की मुखबिरी के संदेह मे वकील खा की शाहिदा उर्फ शाहिद खा और उनके भाइयों ने शहीद, आरिफ, रशीद, वाजिद , खालिद, आसिफ ने घर मे घुसकर ताबड़तोड गोली मारकर दिनदहाड़े हत्या कर दी थी जिसमें कुछ लोगो को गवाह बनाया था सबूतों के आधार पर सभी को सजाये सुनाई गई और दो साथी को तीन वर्ष की सजा और चार हजार रूपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# सीएचसी बेहाल, विशेषज्ञ डॉक्टरों का टोटा, मशीनें खराब, स्टाफ असुरक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। जिले के धनपतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति लगातार बदहाल होती जा रही है। लगभग एक लाख पचानवे हजार की आबादी वाले क्षेत्र के एक मात्र सीएचसी पर स्वास्थ्य सुविधाओं की घोर कमी के चलते मरीजों को इलाज के लिए अयोध्या व जिले का रुख करना पड़ रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी से लेकर जनरेटर व अल्ट्रासाउंड मशीन तक सब कुछ संकट में है।

विशेषज्ञों की कमी से बिगड़ा उपचार- सीएचसी धनपतगंज में स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग तथा अस्थि रोग विशेषज्ञ वर्षों से उपलब्ध नहीं हैं। प्रसूता महिलाओं, बच्चों और हड्डी संबंधी मरीजों को छोटी सी जांच के लिए भी दूर दराज के अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्राथमिक स्तर पर इलाज उपलब्ध होने पर कई गंभीर मामलों को बचाया जा सकता है, किंतु



विशेषज्ञ न होने से मरीजों की हालत बिगड़ने का खतरा बढ़ जाता है।

जनरेटर बंद, डिलीवरी तक अंधेरे में पताल में लगा जनरेटर कई वर्षों से खराब पड़ा है, जिस कारण बिजली कटते ही पूरा अस्पताल अंधकार में डूब जाता है। प्रसूति कक्ष से लेकर आपातकालीन उपचार तक चिकित्सकों को टॉर्च और मोबाइल की रोशनी में प्रसव करवाना पड़ता है, जिससे मरीज और नवजात दोनों जोखिम में रहते हैं।

### अल्ट्रासाउंड और एक्सरे सुविधा न होने से बाधित इलाज

सीएचसी में अल्ट्रासाउंड मशीन व एक्सरे मशीन मौजूद नहीं या निष्क्रिय हैं, जिसके चलते डॉक्टर निदान और उपचार में असहज स्थिति का सामना कर रहे हैं। गर्भवती महिलाओं और दुर्घटना ग्रस्त मरीजों को तत्काल जांच का लाभ नहीं मिल पा रहा।

### बाउंड्रीवॉल गिरने से सुरक्षा पर संकट

अस्पताल की लगभग 100 मीटर बाउंड्रीवाल गिर चुकी है, जिससे अस्पताल परिसर में जानवरों व असामाजिक तत्वों की आवाजाही बढ़ गई है और स्टाफ असुरक्षित महसूस कर रहा है। सीएमओ को पत्र, कार्रवाई नहीं सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरुणेश सिंह के अनुसार उपरोक्त समस्याओं को लेकर कई बार सीएमओ सुल्तानपुर को मांगपत्र भेजा गया, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। अस्पताल में दाई तक उपलब्ध नहीं है, जबकि पिछले तीन वर्षों से नसबंदी व प्रसव के लिए बाहरी डॉक्टर बुलाने पड़ रहे हैं। फिलहाल हालात जस के तस बने हुए हैं और क्षेत्र की जनता बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की राह देख रही है।

## लगभग 1.95 लाख आबादी का इलाज भगवान भरोसे, सीएमओ को भेजे गए पत्र पर कार्रवाई शून्य

## सम्पादकीय

# दुनिया की दिवाली

इसमें दो राय नहीं कि हमारी अमूर्त विरासतें प्राचीन और आधुनिक सभ्यता के बीच पुल का काम करती हैं। यह महज एक स्मृति नहीं, वरन एक निरंतर बहती जीवंत विस्तारित नदी की भांति है। इसी आलोक में दिवाली को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित किया जाना हर भारतीय के लिये गर्व व सुकून का विषय है। निस्संदेह, दिवाली हमारी सनातन संस्कृति व सभ्यता की आत्मा रही है। प्रकृति के अहसासों के अनुरूप अंधेरे के खिलाफ उजाले की जंग की प्रतीक। समाज में समता का संदेश की गरीब के घर भी भरपूर रोशनी पहुंचे। किसी भी समाज में कुम्हार, मूर्तिकार,खील बताशे वाले से लेकर व्यापारी के घर तक लक्ष्मी पहुंचे। उल्लेखनीय है कि दिवाली को यह स्थान मिलने से पहले कुंभ मेले समेत देश की 15 धरोहरें इस सूची में शामिल हैं। बता दें कि इस वर्ष 19 अक्तूबर को दीपोत्सव पर अयोध्या में सरयू की राम पैड़ी पर जब 26.17 लाख दीये जलाये गए थे तो इस उपलब्धि का प्रकाश पूरी दुनिया में फैला था। गिनीज बुक आफ विश्व रिकॉर्ड में आयोजन दर्ज हुआ था। इस के बाद ही संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन यानी यूनेस्को ने अमूर्त विश्व धरोहर सूची में दिवाली को शामिल किया है। इससे पहले कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला,छाऊ नृत्य, दुर्गा पूजा आदि इस सूची में शामिल है। उल्लेखनीय है कि भारत यूनेस्को की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की बीसवीं बैठक की दिल्ली में मेजबानी कर रहा है, जो 13 दिसंबर को समाप्त होगी। दिवाली को संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा मानकर देश के विभिन्न भागों में दस दिसंबर को दीपावली समारोह आयोजित करने का भी फैसला लिया गया था। मकसद यही था कि ताकि विश्व के सामने इस पर्व को मजबूत सांस्कृतिक पहचान के रूप में पेश किया जा सके। निस्संदेह, दिवाली न केवल संस्कृति-प्रकृति से जुड़ी है बल्कि ज्ञान व सनातन धर्म की भी पर्याय है। निस्संदेह, इस घोषणा से इस पर्व को वैश्विक मान्यता मिल सकेगी। दरअसल, यूनेस्को ऐसी सांस्कृतिक व पारंपरिक चीजों को इस सूची में शामिल करता है जो मूर्त रूप में तो नहीं होती, मगर किसी समाज में उसकी व्यापक मान्यता होती है। वास्तव में, यूनेस्को के ऐसे प्रयासों का मकसद यही रहा है कि आने वाले समय में दुनिया की महत्वपूर्ण सांस्कृति धरोहरें सुरक्षित रहें। जिससे भविष्य की पीढ़ियों को इसका लाभ मिल सके। दरअसल, इस घोषणा के बाद भारत दीपावली के निहितार्थ अंधकार से प्रकाश की ओर जाने के संदेश को पूरी दुनिया को दे सकेगा। इस बार की सूची में दुनिया की जीवित परंपराओं, सामाजिक प्रथाओं, त्योहारों, लोककला व परंपारिक ज्ञान प्रणालियों को सुरक्षित रखने वाली दुनिया की बीस अमूर्त विरासतों को इस सूची में जगह दी गई। कई पीढ़ियों से सहेजी गई विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सार्थक प्रयास है यूनेस्को की पहल। निस्संदेह, ये धरोहरें विश्व के विभिन्न समुदायों की पहचान का हिस्सा हैं। सही मायनों में वैश्वीकरण के दौर में सांस्कृतिक विविधत को अक्षुण्ण बनाये रखने में मददगार साबित होंगी। निश्चय ही भारतीय संस्कृति की अमिट धरोहर वाले पर्व दीपावली का विश्व धरोहर की सूची में शामिल होना भारतीयों के लिये गर्व की बात है। जिसकी बानगी दिल्ली व देश के अन्य भागों में दूसरी दिवाली मनाने के रूप में नजर आई। निश्चय ही इस फैसले से भारतीय सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर नई मान्यता मिलेगी। दुनिया इस पर्व की भावनात्मकता के इतर इसकी आध्यात्मिकता व सामाजिक समरसता के संदेश से रूबरू हो सकेगी। निस्संदेह, यह पर्व भारतीय संस्कृति और लोकाचार से गहरे तक जुड़ा है। अब हमारी भी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि दीपावली हमेशा समृद्ध विरासत बनी रहे। दुनिया में उजाले की अंधेरे पर जीत का संदेश निरंतर जाता रहे। जो शाश्वत मानवीय मूल्यों की रक्षा का संदेश भी है। विश्वास किया जाना चाहिए कि भारत की इस अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के गहरे संदेश का पूरी दुनिया अंगीकार कर सकेगी।

# मैकाले ने किस तरह ज़हरीली मानसिकता और अमानवीय रवैया दिखाया

**संस्कृत को पुराना बताकर और अंग्रेजी की तारीफ कर मैकाले का मकसद न सिर्फ पहली भाषा को बदलना था बल्कि उसके लिए नफरत के बीज भी बोना था। इससे एक तरह की सांस्कृतिक गुलामी पैदा हुई, जिसमें हिंदू समाज ने पश्चिमी मूल्यों को आँख बंद करके अपना लिया। संस्कृत के बाद में हुए पतन से सांस्कृतिक और बौद्धिक पूंजी का भारी नुकसान हुआ, जिससे भारत का सामाजिक माहौल अपरिवर्तनीय रूप से बदल गया। मैकाले की थोपी गई नीति ने भारत में एक तरह की अंग्रेजी भाषाई और सांस्कृतिक गुलामी को जन्म दिया।**

मैकाले कोई इंडोलॉजिस्ट नहीं था। वह कोई शिक्षाविद् या जाने-माने बुद्धिजीवी नहीं थे। फिर भी, उन्होंने भारत के सामाजिक और शैक्षिक ढांचे को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया। वह निःस्संदेह आत्महीनता की मानसिकता के सबसे बड़े दोषी थे, जो आज भी हिंदू समुदाय को परेशान करती है। उन्होंने हिंदू दिमाग में अपनी महान साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत के प्रति नफरत सफलतापूर्वक भर दी। संस्कृत को पुराना बताकर और अंग्रेजी की तारीफ कर मैकाले का मकसद न सिर्फ पहली भाषा को बदलना था बल्कि उसके लिए नफरत के बीज भी बोना था। इससे एक तरह की सांस्कृतिक गुलामी पैदा हुई, जिसमें हिंदू समाज ने पश्चिमी मूल्यों को आँख बंद करके अपना लिया। संस्कृत के बाद में हुए पतन से सांस्कृतिक और बौद्धिक पूंजी का भारी नुकसान हुआ, जिससे भारत का सामाजिक माहौल अपरिवर्तनीय रूप से बदल गया। मैकाले की थोपी गई नीति ने भारत में एक तरह की अंग्रेजी भाषाई और सांस्कृतिक गुलामी को जन्म दिया। गुरुकुल प्रणाली, जो पीढ़ियों से भारतीय शिक्षा की नींव रही थी, धीरे-धीरे हाशिये पर चली गई। संस्कृत, दर्शन, आयुर्वेद और शास्त्रीय कला जैसे पारंपरिक विषयों, जो गुरुकुल पाठ्यक्रम के लिए ज़रूरी थे, उसे नज़रअंदाज़ कर दिया गया। इस नीति के कारण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का धीरे-धीरे पतन हुआ। गुरुकुल प्रणाली न सिर्फ अकादमिक शिक्षा देती थी बल्कि नैतिक आदर्श, सांस्कृतिक परंपराएं और आध्यात्मिक अभ्यास भी सिखाती थी। मैकाले की नीति, जिसने पश्चिमी सिद्धांतों पर ज़ोर दिया, उसने इन तत्वों को खत्म कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षित अभिजात वर्ग में सांस्कृतिक पहचान का नुकसान हुआ। कई स्थानीय शिक्षक और बुद्धिजीवी जो पारंपरिक ज्ञान के संरक्षक थे, उन्हें हटा दिया गया। उनके कौशल और प्रतिभा को कम आंका गया, जिसके परिणामस्वरूप पारंपरिक शिक्षकों की स्थिति और संख्या में कमी आई। ध्यान समग्र शिक्षा से हटकर रटने और परीक्षा-उन्मुख पढ़ाई पर चला गया। गुरुकुल प्रणाली का छात्रों के पूर्ण विकास (लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए) पर ज़ोर शिक्षा के एक सीमित, उपयोगितावादी दृष्टिकोण में बदल गया। भारतीय समाज का एक बड़ा हिस्सा, खासकर उसका अभिजात वर्ग, बहुत ज़्यादा पश्चिमी हो गया। इसके परिणामस्वरूप अंग्रेजी में शिक्षित लोगों और पारंपरिक तरीकों का पालन करने वालों के बीच एक सामाजिक-सांस्कृतिक विभाजन पैदा हुआ। यह विभाजन आज भी बना हुआ है, जो सामाजिक-आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। अंग्रेजी पर ज़ोर देने से शैक्षिक और प्रशासनिक संदर्भों में स्वदेशी भाषाओं के उपयोग में गिरावट आई। इससे साहित्य और मौखिक परंपराओं के कई पारंपरिक रूपों का धीरे-धीरे विलुप्त होना शुरू हो गया। लगातार आने वाली पीढ़ियों में पहचान का संकट था, जो पश्चिमी प्रभावों और पारंपरिक रीति-रिवाजों के बीच बंटी हुई थीं। नतीजतन, बहुत से लोगों में अपनी जड़ों पर गर्व की कमी है और वे पश्चिमी जीवन शैली और आदर्शों को पसंद करते हैं। स्कूल सिस्टम का पश्चिमी तौर-तरीकों के साथ तालमेल होने से पश्चिमी ज्ञान प्रणालियों और तरीकों पर निर्भरता बढ़ गई। इससे क्रिएटिविटी और मौजूदा चिंताओं के लिए स्थानीय समाधानों के विकास में रुकावट आई। अंग्रेजी पढ़े-लिखे एलीट वर्ग को आर्थिक अवसरों तक ज़्यादा पहुंच मिली, जिससे सामाजिक और आर्थिक असमानता और बढ़ गई। जो लोग अंग्रेजी में माहिर नहीं थे, वे नुकसान में थे, जिससे गरीबी और हाशिए पर रहने का सिलसिला जारी रहा। भारतीय आंतरिक, अक्सर आसानी से उपलब्ध संसाधनों, जैसे पारंपरिक ज्ञान, समझ और प्राकृतिक संसाधनों से पूरी तरह अप्रभावित हैं, लेकिन वे बाहरी संसाधनों, जैसे पश्चिमी तरीकों, जानकारी और बाजारों के आदी हो गए हैं। एक अनुमान के अनुसार, प्राचीन भारत में एक समय 50 से ज़्यादा विश्वविद्यालय थे। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी विश्वविद्यालय, ओदंतपुरी, मिथिला विश्वविद्यालय, तेलहारा विश्वविद्यालय, शारदापीठ मंदिर विश्वविद्यालय, पुष्पगिरि विश्वविद्यालय, सोमपुरा विश्वविद्यालय और बिक्रमपुर विश्वविद्यालय कुछ जाने-माने संस्थान हैं। तक्षशिला के कुछ जाने-माने पूर्व छात्रों में व्याकरणविद् पाणिनी शामिल हैं, जिन्होंने क्लासिक पुस्तक अष्टाध्यायी लिखी थी और आचार्य चाणक्य, जिन्होंने अर्थशास्त्र की रचना की थी। इस पहले अध्ययन में, डब्ल्यू. एडम्स ने देखा कि 1830 के दशक के दौरान बंगाल और बिहार में लगभग 1,00,000 गाँव में स्कूल थे। मद्रास प्रेसीडेंसी के गवर्नर थॉमस मुनरो ने एडम्स से पहले देखा था कि ''हर गाँव में एक स्कूल था।'' प्रेंडरगास्ट ने देखा कि ''हमारे पूरे क्षेत्रों में शायद ही कोई गाँव हो, बड़ा या छोटा, जिसमें कम से कम एक स्कूल न हो और बड़े गाँवों में ज़्यादा।'' 1882 में डॉ. जी.डब्ल्यू. लीटनर के अवलोकन से पता चलता है कि पंजाब में लगभग साल 1850 में शिक्षा इसी स्तर तक फैली हुई थी। थॉमस मुनरो ने इन गुरुकुलों में पढ़ने वाले छात्रों के जातिगत डेटा भी एकत्र किए और उनमें से अधिकांश गैर-ब्राह्मण थे। कुछ इलाकों में, ब्राह्मणों की संख्या केवल 8% थी, जबकि सबसे ज़्यादा संख्या लगभग 37% थी। धर्मपाल की किताब ''द ब्यूटीफुल ट्री'' में यह सारी जानकारी है। गुरुकुल प्रणाली बच्चे की समग्र शिक्षा सुनिश्चित करती है। गुरुकुल प्रणाली द्वारा पढ़ाए जाने वाले मुख्य विषय इस प्रकार हैं: खगोल विज्ञान, दर्शनशास्त्र, गणित, विज्ञान, धर्मसूत्र (कानूनों का अध्ययन), अर्थशास्त्र (राजनीति विज्ञान), आयुर्वेद (चिकित्सा), धनुर्वेदम् (रक्षा अध्ययन), वेद, वेदांग। ये गुरुकुलों में पहले पढ़ाए जाने वाले कुछ ही पाठ्यक्रम हैं। संगीत और मिट्टी के बर्तन बनाने सहित और भी बहुत कुछ है। गुरुकुल प्रणाली के प्राथमिक लाभों में से एक कौशल का विकास है। गुरुकुल प्रणाली का लचीलापन इसे आज की तेज़ी से बदलती परिस्थितियों में एक व्यवहार्य विकल्प बनाता है। भारत में क्या हुआ? भारतीय शिक्षा के लिए रखे गए एक लाख रुपये की मामूली रकम से भी विदेशी ईसाई मिशनरी नाराज़ हो गए। जी.डी. ट्रेवेलियन के अनुसार ''लाइफ ऑफ लॉर्ड मैकाले'' (वॉल्यूम 1, पृष्ठ 164) में 1835 में एक नए भारत का जन्म हुआ। अंग्रेजों ने वित्तीय संसाधन कम कर दिए और कई नियम लागू किए, जैसे ''पक्की इमारत होनी चाहिए वगैरह।'' लेकिन, यह अंत नहीं था। उन्होंने टी.बी. मैकाले को बुलाया ताकि यह तय किया जा सके कि पैसे का इस्तेमाल कैसे किया जाए, शिक्षा का माध्यम क्या होना चाहिए और भारतीयों को शिक्षित करने का तरीका क्या होना चाहिए। मैकाले के शिक्षा संबंधी मिनट्स, जिसमें यह अनिवार्य किया गया था कि भारत पश्चिमी भाषा, अंग्रेजी के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करे, उसने वह कर दिखाया जो सिकंदर और पश्चिमी मिशनरी नहीं कर पाए थे।'' जिससे प्राचीन सभ्यता की मूलभूत नींव हिलने लगी। मैकाले ने कुछ और भी ज़्यादा नुकसानदायक किया जिसे ज़्यादा लोग नहीं समझते। उसने भारतीयों को पढ़ाने के लिए ''डाउनवर्ड फिल्ट्रेशन मेथड'' का इस्तेमाल किया। यह तकनीक क्या है? मैकाले की समस्या यह थी कि भारतीय बहुत ज़्यादा थे और अंग्रेज बहुत कम। वे भारतीयों को कैसे पढ़ाने वाले थे? इस देश को इस हद तक कैसे कमज़ोर किया जा सकता था कि वह अनजाने में ब्रिटिश राज का समर्थन करे? कहानी यह है कि एक बार जब वह ऊटी में अपने महल में थे, तो उन्होंने देखा कि एक भारतीय अधिकारी उनके घर के पास उनके ऑफिस के बाहर बैठे एक चपरासी के पैर छू रहा था और वह ज़ाहिर तौर पर हैरान रह गए। एक अधिकारी एक चपरासी के पैर क्यों छू रहा था? ''आप नहीं जानते, यह भारतीय समाज एक अजीब समाज है। यहां ब्राह्मणों का सम्मान किया जाता है और चपरासी उसी जाति का है।'' इसके बाद, मैकाले ने कुछ बदलाव किए जिन्हें पब्लिकेशन में अच्छी तरह से रिकॉर्ड और वेरिफाई किया गया है। हालांकि इसे बहुत बाद में डेवलप किया गया था लेकिन डाउनवर्ड फिल्ट्रेशन अप्रोच के तहत स्कूलों में ऊंची जाति को फायदा दिया गया। उन्होंने कहा, ''लेकिन हमारे सीमित साधनों से सभी को अंग्रेजी में पढ़ाना हमारे लिए नामुमकिन है।'' फिलहाल, हमें ऐसे लोगों का एक वर्ग बनाने की पूरी कोशिश करनी चाहिए जो बुद्धि, नैतिकता, पसंद और विचारों में अंग्रेजी हों, लेकिन खून और रंग में भारतीय हों। हमें यह तय करने के लिए कि वह अपने मकसद में कितना सफल हुआ, बस तब से भारत में पढ़े-लिखे वर्गों के इतिहास की जांच करने की ज़रूरत है। 12 अक्टूबर, 1836 को लिखे एक पत्र में, मैकाले ने अपने पिता को लिखा: ''हमारे इंग्लिश स्कूल बहुत अच्छी तरह से फल-फूल रहे हैं; हमें सभी को शिक्षा देना मुश्किल हो रहा है।'' इस शिक्षा का हिंदुओं पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। जिस भी हिंदू ने इंग्लिश शिक्षा प्राप्त की है, वह कभी भी अपने धर्म के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध नहीं रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि अगर हमारी शैक्षिक योजनाएँ पूरी हो गईं, तो 30 सालों में सम्मानित वर्गों में कोई मूर्तिपूजक नहीं रहेगा। यह हमारे धर्म परिवर्तन के प्रयासों के बिना ही पूरा हो जाएगा; मैं इस संभावना से बहुत खुश हूँ। थॉमस मैकाले द्वारा संस्कृत साहित्य के समृद्ध भंडार को पूरी तरह से खारिज करना या तो घोर अज्ञानता को दर्शाता है, या, अधिक संभावना है, इसकी गहराई और महत्व के प्रति जानबूझकर किया गया अनादर। उनका यह दावा कि संस्कृत साहित्य में सभी ऐतिहासिक सामग्री की तुलना सबसे बुनियादी इंग्लिश स्कूल की किताबों से नहीं की जा सकती, वेदों और उपनिषदों की कालातीत दार्शनिक शिक्षाओं को नज़रअंदाज़ करता है। भगवद गीता की महान शिक्षाओं को स्वीकार करने से उनका इनकार, एक ऐसा साहित्य जो सांस्कृतिक बाधाओं को पार करता है और कर्तव्य, धार्मिकता और स्वतंत्रता के मार्ग पर सार्वभौमिक सबक प्रदान करता है, उनके अत्यधिक पक्षपातपूर्ण दृष्टिकोण को दर्शाता है। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों में चित्रित जीवन, नैतिकता, राजनीति और शासन की समृद्ध विरासत को समझने में मैकाले की अक्षमता आश्चर्यजनक अदूरदर्शिता को दर्शाती है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र के प्रति उनका तिरस्कार, एक ऐसी पुस्तक जो राज्य-प्रशासन पर गहन अंतर्दृष्टि के मामले में मैकियावेली की द प्रिंस के बराबर है, और कुछ मायनों में उससे बेहतर भी है, गैर-यूरोपीय बौद्धिक उपलब्धियों में उनकी अरुचि को दर्शाता है। **–पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

# बाबरी मस्जिद के नाम पर मिलते करोड़ों के चंदे का नैरेटिव

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबर के नाम पर बन रही मस्जिद के लिए अब तक 2.4 करोड़ रुपए जुटाए जा चुके हैं। यह रकम केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं बल्कि देश-विदेश से भी आ रही है। यह तथ्य केवल आर्थिक दृष्टि से नहीं बल्कि सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से भी गंभीर सवाल खड़े करता है। बाबरी मस्जिद का मामला हमेशा संवेदनशील रहा है। अब उसी नाम और प्रतीक के माध्यम से फिर से व्यापक समर्थन जुटाया जा रहा है, यह संकेत देता है कि राजनीतिक इस्लाम अपने उद्देश्य में लगातार सक्रिय है। जिहाद, राजनीतिक इस्लाम की नींव है। यह सिद्धांत दुनिया को दो हिस्सों में बांटता है- मुस्लिम और गैर-मुस्लिम। इसी आधार पर दारुल-इस्लाम और दारुल-हरब की अवधारणाएँ बनीं, जहाँ मुस्लिमों और गैर-मुस्लिमों के लिए अलग शासन और नियम तय होते हैं। यही दोहरी नैतिकता राजनीतिक इस्लाम की पहचान है। कुरान, हदीस और सीरा- तीनों में इस दोहरी नैतिकता की बार-बार पुष्टि होती है। मुहम्मद ने कहा था कि ल्लसारी दुनिया केवल मुसलमानों के लिए है; तुम सुरक्षित रहोगे, अगर इस्लाम स्वीकार कर लोङ्क (सहीह बुखारी, 4:53:392)। इसका मतलब यह नहीं कि केवल आस्था का प्रश्न है बल्कि यह राजनीतिक और वैचारिक नियंत्रण का संदेश है। गैर-मुस्लिम समुदाय की परंपराओं को शिर्क और बुतपरस्ती के रूप में देखा गया और उसे समाप्त करने के लिए जिहाद को आवश्यक बताया गया। जिहाद केवल हिंसा का नाम नहीं है। यह संघर्ष का व्यापक स्वरूप है। इसका उद्देश्य केवल हथियार उठाना नहीं बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी ढांचे पर धीरे-धीरे नियंत्रण स्थापित करना भी है। उदाहरण के तौर पर- सड़क या सार्वजनिक स्थानों में नमाज, मंदिरों और धार्मिक आयोजनों पर आपत्ति, हलाल भोजन की मांग, शादी और पारिवारिक मामलों में धार्मिक दबाव, शरिया आधारित विवाद निपटान की मांग- ये सभी अहिंसक जिहाद के स्वरूप हैं। हिंसक और अहिंसक, सीधे और छल-कपट के माध्यम से जिहाद चलता रहता है। सहीह बुखारी और कुरान के आंकड़े बताते हैं कि जिहाद का अधिकांश उल्लेख हथियारबंद संघर्ष से जुड़ा है। कुरान का नौवां अध्याय (अल-बारा) और आयतें 9:5, 9:29, 9:41, 9:73, 9:123- सभी स्पष्ट रूप से युद्ध के निर्देश देती हैं। यहां स्पष्ट रूप से दिखता है कि राजनीतिक इस्लाम का लक्ष्य केवल धर्मांतरण नहीं बल्कि नियंत्रण और सत्ता स्थापित करना है। इतिहास भी इस तथ्य की पुष्टि करता है। सिंध पर मुहम्मद बिन कासिम के आक्रमण से लेकर दिल्ली सल्तनत और मुग़ल साम्राज्य तक, भारत में जिहाद लगातार दिखाई देता है। बीसवीं सदी में मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन और विभाजन की राजनीति में भी यही प्रवृत्ति रही। हिंसा, धमकी और दबाव- सभी जिहाद के औजार रहे हैं। आज भारत में राजनीतिक इस्लाम केवल हिंसा या आतंकी गतिविधियों तक सीमित नहीं है। यह न्यायालयों पर दबाव, सार्वजनिक प्रदर्शन, धार्मिक मांगें, हलाल और शरीयत आधारित कानूनों की मांग, राष्ट्रीय प्रतीकों की अवमानना, शिक्षा और सामाजिक व्यवहार पर प्रभाव- सभी के माध्यम से भी सक्रिय है। यह एक दीर्घकालिक और सतत प्रक्रिया है जिसे केवल ल्लधार्मिक आस्थाङ्क कहकर हल्के में नहीं लिया जा सकता। इतिहास और ग्रंथ-साक्ष्य से स्पष्ट है कि जिहाद की सफलता तीन स्तंभों पर आधारित रही- दोहरी नैतिकता, समर्पण की मांग और हिंसा या दबाव का निरंतर प्रयोग। मुहम्मद के समय व्यापारी कारवां पर हमले और लूटे गए माल का वितरण, अनुयायियों की संख्या बढ़ाने के लिए रणनीतिक उपाय थे। यह प्रक्रिया समय के साथ विकसित हुई और राजनीतिक इस्लाम की सफलता का आधार बनी। वर्तमान में भारत में इस मुद्दे पर अकादमिक और सार्वजनिक विमर्श की कमी है। पाठ्यक्रमों में इस्लामी आक्रमणों, जनसंख्या परिवर्तन और सांस्कृतिक ध्वंस का कोई विस्तृत उल्लेख नहीं होता। इसका परिणाम यह है कि समाज असावधान रहता है और राजनीतिक इस्लाम की प्रक्रिया को समझने में असमर्थ रहता है। इसके अलावा, जब गैर-मुस्लिम समुदाय जिहाद पर चर्चा करने या उसका विश्लेषण करने से डरता है, तब राजनीतिक इस्लाम और अधिक सशक्त होता है। यह 'गलत व्याख्या' या 'अत्यधिक प्रचार' के बहाने इतिहास और सिद्धांत की वास्तविकताओं से आँखें मोड़ने जैसा है।

## सेहत मंत्र

# सेहत के लिए वरदान समान हैं बथुआ की पत्तियां

ठंड का मौसम वास्तव में आपकी सेहत के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। दरअसल, इस मौसम में आपको कई तरह की हरी पत्तेदार सब्जियां खाने का मौका मिलता है और यह तो हम सभी जानते हैं कि हरी सब्जियां सेहत के लिए कितनी लाभकारी हैं। इन हरी पत्तेदार सब्जियों में एक है बथुआ। सर्दियों में लोग अक्सर बथुआ को कभी रायता तो कभी परांठे के रूप में खाते हैं। डायटीशियन के अनुसार, बथुआ के पत्तों में अमीनो एसिड की उच्च मात्रा पाई जाती है। अमीनो एसिड्स शरीर के लिए बेहद जरूरी माने जाते हैं, क्योंकि यह कोशिका निर्माण और कोशिका की मरम्मत के लिए आवश्यक हैं। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप हेल्थ कॉन्शियस हैं, तब भी आप बथुआ का सेवन बेहद आसानी से कर सकते हैं। दरअसल, अन्य सभी हरी सब्जियों की तरह, बथुआ में कैलोरी काफी कम पाई जाती है। 100 ग्राम बथुआ से आपको लगभग 43 कैलोरी की मिलती है। आमतौर पर हम फाइबर की महत्ता को शरीर के लिए समझ नहीं पाते, लेकिन यह आपके लिए बेहद जरूरी है। दरअसल, यह आपको लंबे समय तक फुल रखता है, जिसके कारण आप ओवर ईटिंग से बच जाते हैं। साथ ही फाइबर पाचन तंत्र के लिए भी बेहद लाभदायक माना जाता है। बथुआ में भी फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में आपको इसका सेवन जरूर करना चाहिए। बथुआ में कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन ए, सी और बी 6 से भरपूर होता है। ये सभी सूक्ष्म पोषक तत्व आपके शरीर की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप बथुआ को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो इससे आपके लिवर को भी काफी लाभ प्राप्त होता है। इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि इसे ब्लड प्यूरिफायर के रूप में जाना जाता है। यह आपके लिवर को टॉक्सिन्स से बचाने में आपकी मदद करेगा।

## धर्म मंत्र

# 51 शक्ति पीठों में शामिल माता 'तारा तारिणी' का मंदिर

भारत को मंदिरों का देश कहा जाता है। हमारे देश में शायद ही ऐसा कोई छोटा-बड़ा शहर हो, जहां पर एकाधिक मंदिर ना हों। मंदिर हमारी आस्था, हमारी प्राचीन परंपरा के केंद्र रहे हैं, और मंदिर इस बात को सुनिश्चित करते हैं कि हर अवस्था में मनुष्य का आध्यात्मिक संबल बना रहे। साथ ही पर्यटन की दृष्टि से भी मंदिरों का हमारी संस्कृति में खास महत्व है। बेहद प्रसिद्ध प्राचीन मंदिरों को देखने के लिए लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं, और वहां से अच्छी यादें, अच्छी सीख ले कर जीवन में थोड़ा बहुत ही सही सकारात्मक अवश्य होते हैं। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह दो जुड़वा देवियों 'तारा और तारिणी' देवी को समर्पित है। दूसरी जो सबसे बड़ी खासियत यह है कि भारत में आदि शक्ति के 51 शक्तिपीठों में से तारा तारिणी मंदिर भी एक पीठ माना जाता है, जिसे कल्याणी धाम के नाम से जाना जाता है। यह मंदिर उड़ीसा के ब्रह्मपुर में स्थित है। यह मंदिर जिस पहाड़ी पर स्थित है, उस पहाड़ी का नाम ही 'तारा तारिणी' पहाड़ी ही है। बगल में 'रुशिकुल्या' नदी बहती है। जैसा कि हम सबको पता ही है कि, जिन-जिन स्थानों पर देवी सती के अंग गिरे थे, उन स्थानों को शक्तिपीठ माना गया है। बात अगर तारा और तारिणी मंदिर की करें, तो इस स्थान पर देवी के स्तनों की पूजा होती है। वैसे इस मंदिर को लेकर एक कथा स्थानीय स्तर पर प्रचलित है, जिसके अनुसार एक ब्राह्मण जिनका नाम 'वासु प्रहरजा' था, वह देवी के बड़े भक्त थे।

पर्यटन



# भारत में स्कीइंग के शौकीनों के लिए बेहतरीन गंतव्य स्थल

स्कीइंग, मनोरंजन, खेल, और परिवहन का एक तरीका है, जिसमें एक जोड़ी लंबे, सपाट रनर्स का उपयोग करके बर्फ पर चलना शामिल होता है, जिसे स्की कहा जाता है और यह आपके जूते या बूट से जुड़ा होता है। प्रतिस्पर्धी स्कीइंग को अल्पाइन, नॉर्डिक और फ्रीस्टाइल घटनाओं में विभाजित किया गया है। स्पीड स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग जैसी प्रतियोगिताओं में भी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। सीधे शब्दों में स्कीइंग बर्फ पर फिसलने के लिए स्की का उपयोग करके परिवहन का एक साधन है। कई प्रकार की स्कीइंग स्पर्धाओं को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति और अंतर्राष्ट्रीय स्की महासंघ द्वारा मान्यता प्राप्त है। उत्तरी भारत में शक्तिशाली हिमालय है, जो लोगों को यहां स्कीइंग करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करता है। भारत में प्रमुख स्कीइंग गंतव्य हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और जम्मू और कश्मीर में स्थित हैं। यदि आप बर्फ से प्यार करते हैं और स्कीइंग का आनंद लेना चाहते हैं, तो हम आपको भारत के शीर्ष स्कीइंग स्थलों के बारे में बताते हैं, जो आपको एक अद्भुत और साहसिक अनुभव प्रदान करते हैं। पहलगाम जम्मू और कश्मीर में अनंतनाग जिले का एक ख़ूबसूरत शहर है। यह शहर हिमालय के पश्चिमी क्षेत्र से घिरा हुआ है। पहलगाम यहाँ के शानदार मार्गों के कारण ट्रेकर्स के लिए प्रसिद्ध है। सर्दियों के दौरान भारी बर्फबारी होती है, जो इसे एक आदर्श स्कीइंग स्पॉट में बदल देती है। पहलगाम में मुख्य स्कीइंग बिंदु अरु है जो थोड़ी दूरी पर स्थित है और यहां स्कीइंग करते समय परमानंद को महसूस करने के लिए एक आदर्श स्थान है। गुलमर्ग एक शहर, एक हिल स्टेशन, एक लोकप्रिय स्कीइंग गंतव्य और भारत के जम्मू और कश्मीर के बारामूला जिले में स्थित एक अधिसूचित क्षेत्र समिति है। यह शहर पश्चिमी हिमालय में पीर पंजाल रेंज में स्थित है और गुलमर्ग वन्यजीव अभ्यारण्य की सीमाओं के भीतर स्थित है।

# राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने में माँ कैकेयी ने समर्पित कर दिया अनुराग, भाग व सुहाग : अतुल कृष्ण भारद्वाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

टिकैतनगर सिरौलीगौसपुर। कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज जी ने भगवान श्री राम के वनवास दुखद और भावपूर्ण क्षणों का वर्णन किया तो श्रोताओं की आंखों से आंसू छलक पड़े। जब भगवान राम ने अपने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए वनवास जाने का निर्णय लिया, तो पूरे अयोध्या में शोक की लहर फैल गई। राजा दशरथ, माता कौशल्या, लक्ष्मण, सीता और पूरे अयोध्या के लोग राम के वनवास से बहुत दुखी हुए। पूज्य व्यास जी ने राम वनवास का इतना भावपूर्ण वर्णन किया कि सभी श्रद्धालु श्रोता रो पड़े। भगवान श्रीराम ने अपने कुल की मर्यादा को ध्यान में रखकर व अपने पिता के वचन की रक्षा के लिए प्रसन्न होकर सारा राज-



पाट त्याग कर वन चले गये। इससे हमें सीख लेनी चाहिए कि हमें स्वयं की चिंता न करते हुए यदि जरूरत पड़े तो अपने परिवार, समाज व देश के लिए सब कुछ त्याग देना चाहिए । कथा व्यास जी ने विविध चौपाईयों के माध्यम से कहा है कि राजा दशरथ दर्पण में अपना बुढापा देखकर यह निर्णय लिया है कि



अपने समस्त राजपाठ को राम को सौंपकर हमें तपस्या करने चल देना चाहिए भगवान की भक्ति में मन लगाना चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होने कहा कि आज के बुजुर्गों को राजा दशरथ से प्रेरणा लेनी चाहिए और शरीर में ताकत रहते ही व आंख की रोशनी रहते ही सारी जिम्मेदारी अपने उत्तराधिकारी को सौंपकर भगवान के सुमिरन में लग जाना चाहिए।

## राम वन गमन भावपूर्ण छणों की कथा सुन छलक पड़े आंसू

भाई हो तो लक्ष्मण जैसा-

कथा प्रसंग में व्यास जी ने कहा कि भाई हो तो लक्ष्मण जैसा जब भगवान श्रीराम वनवास जा रहे थे तब लक्ष्मण ने अपनी माता से कहा कि में भी वनवास जाना चाहता हूँ, तो माँ ने कहा कि मैं तो सिर्फ जन्म ही दी हूँ लेकिन असली माता-पिता श्री सीताराम हैं। लक्ष्मण भाई श्रीराम के प्रति समर्पित थे। इसलिए व्यास जी ने कहा कि भाई हो तो लक्ष्मण जैसा।

जब भगवान श्रीराम लखन एवं सीता सहित वन गमन के लिए निकले तो सभी अयोध्यावासी अपने अपने घरों से भगवान के पीछे निकल पड़े। पूज्य व्यास जी द्वारा जब यह प्रसंग सुनाया गया तो पंण्डाल में उपस्थित सभी श्रोताओं के आँखों से आँसू छलक पड़े। रामचरित्र मानस में माँ कैकेयी बहुत ही महान पात्र है यदि माँ कैकेयी नहीं होती तो रामकथा बाल काण्ड में ही समाप्त हो जाती है। कैकेयी माँ ने ममता में साहस भर कर पुत्र के प्रति कठोर स्नेह का दर्शन कराया है। माँ कैकेयी अगर राम को वनवास नहीं कराती तो अखण्ड भारत का स्वरूप मर्यादा से ओत-प्रोत करके रामराज्य की स्थापना नहीं हो पाती। ममता में तनिक कठोरता का होना अनिवार्य है। श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम बनाने में माँ कैकेयी ने अपना अनुराग, भाग और सुहाग सब कुछ समर्पित कर दिया।

माता सीता पति धर्म के लिए अयोध्या का समूचा सुख छोड़ दिया।

# अधिवक्ता परिषद की बैठक न्याय प्रवाह के अधिकाधिक सदस्य बनाने पर बल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## घुस पैठिया बाहर निकालने का समर्थन

बाराबंकी। अधिवक्ता परिषद जिला इकाई की बैठक सिविल कोर्ट परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अधिवक्ता परिषद के जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा ने विदेशी घुस पैठियों को शीघ्र बाहर निकालने के सरकार के फैसले का स्वागत किया,श्री शर्मा ने कहा की कूड़ा बिनने वाले अधिकंास विदेशी घुस पैठिए है,श्री शर्मा ने कहा कि इन्हे बाहर करने के लिए प्रशासन की मदद की जाय।वरिष्ट अधिवक्ता राज किशोर सोनी ने कहा कि कूड़ा बिनने वाले तथा रात में पहरा देने वाले कथित नेपाली चौकीदार भी घुस पैठिये से कम नहीं हैं।उन्होंने कहा कि ऐसे लोग रैकी कर अपराध कारित कराते हैं।मंत्री ज्ञान प्रकाश शुक्ल वा कोषाध्यक्ष रवि रंजन श्रीवास्तव ने न्याय प्रवाह पत्रिका की सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। मंत्री लेटीगेशन शुभम मिश्रा एडवोकेट वा प्रभाकर गुप्ता एडवोकेट ने



भी सदस्यता बढ़ाने को आवश्यक बताया। अंत में अध्यक्षता कर रहे कौशल किशोर त्रिपाठी ने कहा कि इस सप्ताह न्याय प्रवाह के पांच सदस्य अवश्य बनाए जाय। अध्यक्ष श्री त्रिपाठी ने कहा कि घुसपैठियों को निकालने का जो फैसला सरकार ने किया उसका अधिवक्ता परिषद जिला इकाई समर्थन करती है।

# भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति –कथा व्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विकास खंड क्षेत्र के गौसापुर गांव में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह में शुक्रवार को दूसरे दिन नैमिष धाम से पधारे कथा व्यास शास्त्री रामजी वाजपेई ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती। जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवान नाम के जप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे कर्म करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि कर्म ही प्रधान है, बिना अच्छे कर्म के कुछ संभव नहीं है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है।इसलिए सभी को अच्छे कर्मो के प्रति आकृष्ट होना चाहिए। एक मार्ग दमन का है तो दूसरा उदारीकरण का।



दोनों ही मार्गो में अधोगामी वृत्तियां निषेध हैं जैसे कि गोकर्ण ने कथा कही, किन्तु उसके दुराचारी भाई धुंधकारी ने मनोयोग से उसे सुना तो मोक्ष को प्राप्त हो गया। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए आत्मा तृप्ति नहीं होती है। भागवत कथा सुनते ही ज्ञान और वैराग्य जाग जाए।इस मौके पर मास्टर अमर सिंह यादव, हरिलाल यादव,सुरेश यादव ,निर्मल, कोमल, रमाकंात,कमलेश कुमार,सुरेन्द्र कुमार,नीरज यादव सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा के साथ भजन संगीत का आनंद लिया।

### फतेहपुर में दो दिवसीय तब्लीगी इज्तेमा आज से

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में होने वाले सालाना दो दिवसीय तब्लीगी इज्तेमा की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी हैं। मालूम हो कि बेलहरा रोड पर स्थित निजामुद्दीन कोल्ड स्टोरेज में हर साल की तरह इस साल भी दो दिवसीय तब्लीगी इज्तेमा का आयोजन किया गया है। इज्तेमा का आगाज़ शनिवार को सुबह 9 बजे से होगा। इज्तेमा की अलग-अलग नशिस्तो में उलमा ए कराम के बयानात होंगे। इज्तेमा में शिरकत करने के लिए इलाक़े से जमातों का आगमन शुरू हो गया है। आने वाले लोगों के लिए खाने पीने की व्यवस्था भी की गई है। शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इज्तेमा के जिम्मेदारों द्वारा अलग-अलग टीमें बनाई गई है। रविवार को सुबह करीब 11 बजे दुआ के साथ इज्तेमा का समापन होगा।

### किशोरी का अपहरण मामले में चार साल की सजा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विशेष अपर सत्र न्यायाधीश,प्रण विजय सिंह ने नाबालिग के अपहरण के मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद आरोपित को दोषी करार देते हुए उसे 4 वर्ष के कठोर कारावास तथा ?10000 के अर्थदण्ड से दंडित किया। कोर्ट ने आदेश में लिखा कि अर्थदण्ड जमा होने पर पूरी धनराशि पीड़िता पाने की अधिकारिणी होगी।साथ ही कहा कि अभियुक्त द्वारा अर्थदंड जमा न करने पर उसे 6 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना पड़ेगा। विशेष लोक अभियोजक अजय सिंह व योगेंद्र सिंह ने बताया कि 12 मई 2022 को थाना जहांगीराबाद के एक गांव की वादिनी ने तहरीर देकर बताया था कि उसकी 15 वर्षीया नाबालिग पुत्री को ग्राम पलिया मसूदपुर थाना जहांगीराबाद का रचित उर्फ छोटू बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया है।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना के उपरांत पीड़िता के बयानों के आधार पर अभियुक्त छोटू के विरुद्ध शादी का झांसा देकर भगाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आधार पर पोक्सो एक्ट और आईपीसी की विभिन्न धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था।अभियोजन द्वारा कोर्ट में 6 गवाह पेश किए थे।कोर्ट में पीड़िता ने रचित उर्फ छोटू के द्वारा उसे ले जाना बताया गया लेकिन अन्य कथनों में विरोधाभास पाते हुए कोर्ट ने अन्य गवाहों के बयान और दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद छोटू को अपहरण की धारा में दोषी करार देकर उसे उक्त दंड से दंडित किया तथा अन्य धाराओं में दोष मुक्त कर दिया।

### ललौरीखेड़ा सभागार मे सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद शाखा पीलीभीत के जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में विकासखंड ललौरीखेड़ा के सभागार कक्ष में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय संगठन के पदाधिकारी ने प्रतिभा किया आयोजित बैठक को संबोधन करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष हरपाल सिंह ने पदाधिकारी को अवगत कराया कि सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति नवंबर 2009 में हुई थी वर्ष 2010 में लगने वाली वेतन वृद्धि न लगाकर जुलाई 2011 में लगाई थी जिससे सभी कर्मचारियों की एक वेतन वृद्धि छोटी हुई है और साथवे वेतन आयोग लागू होने पर सभी कर्मचारियों का फिक्सेशन गलत तरीके से किया गया था जिससे उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों से पीलीभीत के कर्मचारियों को कम वेतन मिल रहा है जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने अपनी संबोधन में कर्मचारियों को अवगत कराया की प्रथम एसीपी का लाभ 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा होने के उपरांत 2019 में लाभ दिया गया था लेकिन वेतन विसंगति को दूर नहीं किया गया था द्वितीय एसीपी का लाभ 16 वर्ष की संतोष जनक सेवा पूर्ण करने के उपरांत जनवरी 2026 में द्वितीय एसीपी का लाभ दिया जाना है लेकिन विभाग द्वारा सफाई कर्मचारियों की द्वितीय एसीपी लगाने हेतु अभी तक कोई भी एसीपी कमेटी का गठन नहीं किया गया है और ना ही वेतन विसंगति को दूर किया जा रहा है जबकि कर्मचारियों द्वारा अपनी अपनी चरित्र प्रविष्टियां जिला मुख्यालय पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत के माध्यम से पहुंचा दी गई है संगठन के ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी में बैठक कर रणनीति तैयार कर ली है और बैठक सर्व समिति से निर्णय लिया गया है जनवरी 2026 में द्वितीय एसीपी का लाभ एवं वेतन विसंगति दूर करने के लिए हर स्तर पर अपनी समस्या को उच्च अधिकारियों से से वार्ता कर समस्या का समाधान कराएंगे साथ ही ऐसे कर्मचारी जो मृतक आश्रित के रूप में सेवा कर रहे हैं उन्हें 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं लेकिन अभी तक उनकी प्रथम एसीपी नहीं लगी है कुछ ऐसे कर्मचारी प्रथम एसीपी लगने से वंचित रह गए हैं जो एसीपी लगने के दौरान उनकी 10 वर्ष की संतोष जनक सेवा पूर्ण नहीं थी ।

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज जनपद न्यायाधीश ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आज 13 दिसंबर को प्रातः 10:00 बजे से आयोजित होने वाली ळ्राष्ट्रीय लोक अदालतळ्' के प्रचार प्रसार के लिए शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया। जन जागरूकता फैलाने के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में चौपहिया वाहन तथा दो पहिया वाहनों की रैली सुदूरवर्ती क्षेत्र तक प्रचार के लिए रवाना की गई। इस मौके पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश विजय कुमार गुप्ता तथा लोक अदालत के नोडल अधिकारी नीरज श्रीवास्तव समेत दर्जनों न्यायिक अफसर व कर्मचारी मौजूद रहे। बाइक पर दर्जनों पैरालीगल वालेंटियर्स प्रचार का पम्पलेट्स लगाकर प्रचार वाहन संग क्षेत्र में निकले और बताया कि 13 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में शामिल होकर अपने मामलों/वादों का सुलह समझौते द्वारा निस्तारण करवाएं।

# तेइस करोड़ की लागत से बन रहे सीएम कंपोजिट मॉडल विद्यालय का सघन निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। तहसील क्षेत्र के हलियापुर में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री कंपोजिट मॉडल विद्यालय के कार्य की गुणवत्ता परखने के लिए शुक्रवार को लखनऊ प्लानिंग विभाग की टीम ने मौके पर पहुँचकर सघन निरीक्षण किया। लगभग तेइस करोड़ साठ लाख रुपये की लागत से बन रहे इस आधुनिक विद्यालय परिसर के प्रत्येक खंड का अधिकारी रवि शंकर ने बारीकी से परीक्षण किया।टीम ने निर्माण स्थल पर उपयोग हो रही ईंट, सीमेंट, मोरंग, बालू और सरिया जैसे प्रमुख सामग्री के नमूने एकत्र किए, जिन्हें लैब में भेजकर गुणवत्ता जांच कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य मानकों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए और निर्धारित समयसीमा में ही पूरा कराया जाए।निरीक्षण के दौरान बीईओ बल्दीराय श्याम बिहारी, डीसी निर्माण हरि शंकर, रमेश मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। रवि शंकर ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक व उच्च



स्तरीय शैक्षणिक सुविधाएँ प्रदान करने का महत्वपूर्ण प्रयास है,इसलिए निर्माण के हर चरण पर विशेष सतर्कता बरतना अनिवार्य है।

### संजय सेतु मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर जारी

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। घघरा नदी पर स्थित पांच दशक पुराने संजय सेतु की मरम्मत का कार्य शुक्रवार को तेजी से जारी रहा।एनएच के अवर अभियंता मनोज चौहान की टीम ने पुल के 63 जॉइंट्स में से कई छोटे जॉइंट और पाँच बड़े जॉइंट ठीक किए साथ ही माइक्रो मसाले से जॉइंट्स को मजबूत कराया।इस दौरान पुल के दोनों ओर लंबा जाम रहा यातायात संभालने के लिए रामनगर व जरवल रोड थाने की पुलिस टीमें तैनात रही।अनुमान है की शनिवार को मरम्मत कार्य पूर्ण होते ही यातायात सामान्य हो जाएगा।

### मनरेगा में फर्जी हाजिरी पर रोजगार सेवक से नौ हजारतीनसौपैंतालिस रुपये की वसूली

अमेठी । मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाने के मामले में विकास क्षेत्र भेंटुआ की ग्राम पंचायत अमेयमाफी में कार्यरत संविदा ग्राम रोजगार सेवक ओमप्रकाश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। आयुक्त ग्राम्य विकास ने आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत ळ्फर्जी मनरेगा हाजिरी का खेल शानदार और अच्छे तरीके से खेला जा रहा हैळ्ळ का संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए थे। जिला विकास अधिकारी/उपायुक्त (श्रम एवं रोजगार) वीरभानु सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत अमेयमाफी में एनएनएमएस के अंतर्गत बरतला—रामपाटी रोड से अनिल के मशीन तक संपर्क मार्ग पर मिट्टी कार्य किया जा रहा था। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित रोजगार सेवक द्वारा एक ही श्रमिक की दो अलग-अलग मास्टर रोल संख्या (1726 एवं 1727) पर उपस्थिति दर्शाई गई थी। जांच में अनियमितता सही पाए जाने पर आयुक्त ग्राम्य विकास के निर्देशानुसार खंड विकास अधिकारी भेंटुआ द्वारा संबंधित रोजगार सेवक के मानदेय से ?9345.60 की अर्थदंड स्वरूप कटौती की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही रोजगार सेवक ओमप्रकाश को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा पुनरावृत्ति पाई जाती है तो उनकी संविदा तत्काल समाप्त कर दी जाएगी।

### शार्ट सर्किट से लगी आग से गृहस्थी खाक

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के थाना कमालगंज में शुक्रवार को बिजली के शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। इसकी वजह से घर का पूरा सामान जलकर स्वाहा हो गया।

ग्राम हुसैनगंज निवासी राकेश राजपूत के घर में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटों को देख आस पास के गांवों के लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची भोजपुर चौक पुलिस ने आग बुझाने में सहयोग किया। राकेश ने बताया कि आग लगने से उसके घर मे न तो खाने के लिए अनाज बचा है न ही पहनने व ओढ़ने बिछाने के कपड़े बचे हैं । आग से लाखों की क्षति हुई है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि आग से कोई जनहानि नही हुई है। क्षति का आंकलन आग बुझने के बाद हो सकेगा।

### एडॉप्ट फाउंडेशन संस्था ने क्रिसमस से पहले मनाई भगवान यीशु की सिल्वर जुबली, गरीबों को बांटा राशन किट

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद के बर्रा आठ स्थित एडॉप्ट फाउंडेशन ने आगामी त्यौहार क्रिसमस से पूर्व भगवान यीशु का सिल्वर जुबली वर्ष बड़ी धूमधाम मलिन बस्ती के बच्चों के साथ मनाया। बस्ती के सभी परिवारों को राशन सामग्री पास्ता, सिंवई बांटी गई। यह जानकारी शुक्रवार को एडॉप्ट फाउंडेशन चेयरपर्सन मरियम मैकर्टिस ने दी। एडॉप्ट फाउंडेशन की चेयरपर्सन मरियम मैकर्टिस ने बताया कि मरियमपुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अध्यापिका इशिता मैकार्टिस ने एडॉप्ट फाउंडेशन के अधीन बच्चे व उनके परिवार वालों को भगवान यीशु के जन्म से पहले सिल्वर जुबली राशन बांट कर उनके बीच मनाया है। साथ ही संस्था में रह रहे बच्चों के लिए आर्थिक मदद भी प्रदान की है। चेयरपर्सन मरियम मैकर्टिस ने बताया कि क्रिसमस पर्व तो पूरा विश्व मनाता है। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु से यही प्रार्थना है कि हमारे लोगों को हमारी बस्ती के सभी लोगों को अच्छा रखें और पूरे देश में सभी के ऊपर अपना हाथ बनाए रखें। समाज एक दूसरे के प्रति प्रेम का व्यवहार करें। अंत में संस्था के ऑर्डिनेटर नितिन कुमार ने बच्चों के लिए प्रार्थना की। साथ ही सभी को इस विशेष दिन के लिए धन्यवाद दिया।





# अंडर-19 एशिया कप में वैभव सूर्यवंशी का तूफानी शतक, भारत ने यूएई के खिलाफ बनाए 433 रन

एजेंसी

दुबई। पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2025 की शुरुआत भारतीय टीम के तूफानी प्रदर्शन के साथ हुई, जहां मात्र 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने धमाकेदार बल्लेबाज़ी करते हुए 95 गेंदों पर 171 रन ठोक दिए। उनके इस विस्फोटक शतक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को आईसीसी एकेडमी ग्राउंड में खेले गए ग्रुप-ए मुकाबले में यूएई के खिलाफ 50 ओवर में 6 विकेट पर 433 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। यूएई के कप्तान यायिन राई ने भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। हालांकि, भारत की शुरुआत खराब रही और कप्तान आयुष म्हात्रे सिर्फ 4 रन बनाकर तीसरे ओवर में आउट हो गए। इसके बाद सूर्यवंशी को एरॉन जॉर्ज का साथ मिला और दोनों ने मिलकर यूएई गेंदबाज़ों की जमकर



खबर ली। शुरुआती संभलकर खेलने के बाद सूर्यवंशी ने गियर बदला और आक्रामक मोड में जाते हुए मात्र 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने पारी के दौरान 9 चौके और 14 छक्के जड़ते हुए यूएई के गेंदबाज़ों पर कहर बरपाया। सूर्यवंशी ने अंडर-19 एशिया कप में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। यह रिकॉर्ड इससे पहले अफगानिस्तान के दरविश रसूली (10 छक्के, 2017) के नाम था। सूर्यवंशी ने 56 गेंदों में शतक, 84 गेंदों में 150 रन पूरे किए और अंत में 95 गेंदों में 171 रन बनाकर रन आउट हुए। यह पारी युवा वनडे क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। पहला रिकॉर्ड 2002 में इंग्लैंड के खिलाफ अंबाती रायुडू (177) के नाम है। भारत की पारी में एरॉन जॉर्ज (69), विहान मल्होत्रा (69), वेदांत त्रिवेदी (38), अभियज्ञान कुंडु (32) और कनिष्क चौहान (28) ने भी अहम योगदान दिया। भारत ने यूएई को जीत के लिए 434 रन का विशाल लक्ष्य दिया है।

# गिल की खराब फॉर्म एक बुरा संकेत, इससे टीम प्रबंधन पर दबाव बढ़ रहा है: इरफान पठान

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि शुभमन गिल की खराब फॉर्म न केवल उन पर व्यक्तिगत रूप से बल्कि टीम प्रबंधन पर भी दबाव बढ़ा रही है। पठान ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि संजू सैमसन को वापस लाकर पहले की तरह के सफल बल्लेबाजी संयोजन को बहाल करना भी उतना आसान नहीं होगा, क्योंकि केरल के इस खिलाड़ी को भी अपनी लय वापस पाने में कुछ समय लगेगा। भारत के लिए टी20 में सलामी बल्लेबाज के तौर पर सैमसन काफी सफल रहे थे। इसके बाद जब गिल को टी20 उप-कप्तान बनाया गया तो सैमसन की जगह उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतारा गया। भारत की टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान गिल हालांकि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। पठान ने कहा, ''शुभमन गिल कह



सकते हैं कि उन्होंने एक बहुत अच्छी गेंद पर अपना विकेट गंवाया। अगर गिल फॉर्म में होते तो वे उस गेंद को आसानी से खेल लेते। वे फॉर्म में नहीं हैं। जहां तक कप्तान सूर्यकुमार यादव की बात है तो मुझे लगता है कि उन्हें अपने ऑफ साइड के खेल पर ध्यान देने की जरूरत है। जब वे आउट हुए तो वे पूरी तरह से गलत पोजीशन में थे। उन्होंने कहा, '' गिल का रन नहीं बना पाना एक बुरा संकेत है और इससे उन पर और टीम प्रबंधन पर दबाव बढ़ जाता है। वे सोच रहे होंगे कि क्या किया जाए। यह स्थिति और खराब नहीं होनी चाहिए। पठान ने कहा, ''अगर उनसे फिर भी रन नहीं बन पा रहे हैं तो आप संजू सैमसन को वापस लाकर उनसे तुरंत अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद नहीं कर सकते, खासकर तब जब वह भी लय में न हों। इससे कई सवाल पैदा हो गए हैं। अगर वे सैमसन को वापस अंतिम एकादश में शामिल करते हैं, तो उनके लिए रन बनाना बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने सूर्यकुमार की मुश्किलों का भी जिक्र किया, जो कप्तानी संभालने के बाद से कोई बड़ा स्कोर नहीं बना पाए हैं। पठान ने कहा, ''सूर्या पर दबाव होगा क्योंकि वह कप्तान हैं और कप्तान होने के नाते अंतिम एकादश में आपकी जगह स्वतः ही पक्की हो जाती है। एक खिलाड़ी के तौर पर अगर आपने एक साल में रन नहीं बनाए हैं, तो आप दबाव में होते हैं। उन्होंने कहा, ''विश्व कप (अगले साल फरवरी-मार्च में) से पहले उन्हें अपनी फॉर्म में वापसी करनी होगी। उन्हें बल्लेबाजी की सही स्थिति और बेहतर शॉट चयन की जरूरत है। सूर्या लेग साइड की तरफ सीधी गेंद पर आउट हो रहे हैं। जब आप इस तरह से आउट हो रहे हैं तो आपको ऑफ साइड में अधिक खेलने की कोशिश करनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### पीटी उषा की सरकार से भारत में डोपिंगरोधी किट के उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील

**नयी दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य पी टी उषा ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत स्वदेशी डोपिंगरोधी परीक्षण किटों के उत्पादन को बढ़ावा देने का आग्रह किया और कहा कि इससे न केवल लागत कम होगी बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी। उषा ने राज्यसभा में यह मुद्दा उठाया और कहा कि परीक्षण किट आयात करने से परिणामों में देरी होती है और ऐसे में विदेशी कंपनियों पर निर्भरता बढ़ जाती है। एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार वर्तमान में दो स्विस कंपनियां बर्लिंगर और लॉकक्रॉन भारत में इन परीक्षण किटों की आपूर्ति कर रही हैं। उषा ने कहा, ''मैं इस सदन का ध्यान एक ऐसे मामले की तरफ खींचना चाहती हूं जो हमारे खिलाड़ियों की गरिमा और हमारे राष्ट्र की वैश्विक छवि को प्रभावित करता है। भारत को डोपिंग मुक्त खेल राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करने के लिए 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत डोपिंगरोधी किटों के स्वदेश में उत्पादन को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, ''डोपिंग बड़ा खतरा है जो निष्पक्ष खेल, खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और विश्व मंच पर हमारे देश की प्रतिष्ठा को लगातार खतरे में डाल रहा है। अभी हम उच्च गुणवत्ता वाले अधिकतर डोप परीक्षण किटों को आयात कर रहे हैं। इसमें काफी लागत आती है, परीक्षण में देरी होती है और बाहरी कंपनियों पर निर्भरता बढ़ जाती है। भारत 2036 में ओलंपिक की मेजबानी के लिए बोली लगा रहा है और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश को अपने डोपिंग रिकॉर्ड में काफी सुधार करना होगा। इस समस्या से निपटने में भारत की स्थिति खराब है और डोपिंग के मामले में वह नियमित रूप से दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल रहता है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने एक सप्ताह पहले राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा था कि सरकार डोपिंग विरोधी उपायों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके बाद ही अब उषा का यह बयान सामने आया है। खेल मंत्री ने कहा था कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अपनी परीक्षण क्षमता में काफी वृद्धि की है और वर्तमान वर्ष में 7751 डोप परीक्षण करने की योजना है, जो 2024 में किए गए 7474 और 2023 में किए गए 5794 परीक्षणों की तुलना में अधिक है। उषा ने कहा कि स्वदेशी डोप परीक्षण किटों का होना बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा क्योंकि इससे अनुसंधान, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा, ''भारत आत्मनिर्भर बन सकता है और विश्व भर में डोपिंगरोधी उपकरणों का आपूर्तिकर्ता भी बन सकता है। इस तरह की पहल से न केवल लागत कम होगी बल्कि परीक्षण में तेजी आएगी, पारदर्शिता बढ़ेगी और खेल के सभी स्तरों में डोपिंग पर रोक लगाने का तंत्र मजबूत होगा। डोपिंग रोधी एजेंसियों की कार्यप्रणाली से अच्छी तरह से अवगत मंत्रालय के एक सूत्र ने उषा के बयान का स्वागत किया लेकिन साथ ही कहा, ''डोपिंग रोधी किट बेहद संवेदनशील होती हैं, जिनमें मामूली टूट-फूट भी परीक्षण के परिणामों पर संदेह पैदा कर सकती है। हमें उनके सुझाव के अनुसार योजना पर काम करना चाहिए, लेकिन यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार में सर्वश्रेष्ठ किट ही उपलब्ध हों।

### टीम चाहती है कि गिल आईपीएल की तरह बल्लेबाजी करें: टेन डोएशे

**मुल्लांपुर।** भारतीय टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने कहा कि स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल ने टी20 में वापसी के बाद से खुद पर बहुत अधिक बोझ ले लिया है और टीम चाहती है कि वह आईपीएल की तरह ही खुलकर बल्लेबाजी करें। गिल ने सितंबर में एशिया कप में टी20 टीम में वापसी की थी। उन्होंने शीर्ष क्रम में संजू सैमसन की जगह ली, लेकिन वह रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिससे अगले साल फरवरी मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टीम में उनकी जगह को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में हार के बाद टेन डोएशे संवाददाताओं से कहा कि गिल को सबसे छोटे प्रारूप में थोड़ा सहज होने की जरूरत है और उन्होंने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिर में इसके संकेत दिखाए थे। टेन डोएशे ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''इंग्लैंड में जिस तरह से उन्होंने कप्तानी संभाली और जिस तरह से उन्होंने आगे बढ़कर नेतृत्व किया उसकी कुछ झलक टी20 टीम में उनके इरादों में दिखती है। उन्होंने कहा, ''अगर कुछ था तो वह कुछ ज्यादा ही परवाह करने वाले खिलाड़ी हैं और अपनी भूमिका को लेकर शायद कुछ थोड़ा ज्यादा सख्त हो गए। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिर में हमारी बातचीत उस जिम्मेदारी को कम करने और स्वच्छंद होकर खेलने से जुड़ी थी। विशेषकर उस भूमिका में जहां आपको लगता है कि आपको टीम में अपनी जगह को सही साबित करने की जरूरत है। टेन डोएशे ने कहा, ''हम नहीं चाहते कि वह ऐसा करे। हम चाहते हैं कि जिस तरह से उन्होंने आईपीएल में खुलकर बल्लेबाजी की थी, यहां भी वह इस तरह की आजादी से खेलें। हमें उसकी प्रतिभा पर भरोसा है और हमें विश्वास है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। सूर्या (कप्तान सूर्यकुमार यादव) के साथ भी ऐसा ही है। नीदरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर ने सूर्यकुमार का भी समर्थन किया, जो पिछले साल कप्तानी संभालने के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। टेन डोएशे ने कहा, ''सूर्या बेहतरीन खिलाड़ी हैं और हमें उन जैसे खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें हैं। अगर आप भारत की तरफ से नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना चाहते हैं, तो आप पर रन बनाने का दबाव होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा, ''काफी समय से वह उस तरह का प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा कि हम उनसे अपेक्षा कर रहे हैं लेकिन हमारे लिए यह चिंता का विषय नहीं है। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए हम उनसे यही उम्मीद करते हैं कि वह मैदान पर उतरें और आक्रामक बल्लेबाजी करें। जैसा कि मैंने पहले कहा कि हम इन दो मैच में उनके प्रदर्शन को लेकर चिंतित नहीं है। हमें विश्वास है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। भारत ने बल्लेबाजी के लिए अच्छी परिस्थितियों में 213 रन लुटा दिए। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और उन्होंने अपने-अपने चार ओवरों में क्रमशः 54 और 45 रन लुटाए। क्विंटन डिकॉक का छक्का लगाने के बाद अर्शदीप ने 11वें ओवर में सात वाइड गेंद की। टेन डोएशे ने कहा, ''मुझे लगता है कि गेंदबाजों के लिए आज का दिन अच्छा नहीं रहा। उनका दिन खराब रहा। हमने इस बारे में पहले ही थोड़ी बातचीत कर ली है। ब्रेक के बाद पहली ही गेंद पर छक्का (अर्शदीप द्वारा किया गया 11वां ओवर) लगा इसके बाद मुझे लगता है कि हम अपनी रणनीति से भटक गए। आज रात हम अपनी रणनीति पर सही तरह से अमल नहीं कर पाए। श्रृंखला के पहले मैच में अक्षर के पांचवें नंबर पर और गुरुवार को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में सहायक कोच ने कहा, ''हम विभिन्न संयोजनों पर काम कर रहे हैं। विश्व कप से पहले हमें कुछ मैच खेलने हैं और हम केवल यह देख रहे हैं कि हम बल्लेबाजी को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं।''

### स्पेन से हारकर दसवें स्थान पर रही भारतीय महिला जूनियर टीम

**सैंटियागो।** भारत को एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के अंतिम क्लासिफिकेशन मैच में स्पेन से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह से वह प्रतियोगिता में दसवें स्थान पर रहा। भारत की तरफ से एकमात्र गोल कनिका सिवाच ने 41वें मिनट में किया जबकि स्पेन की तरफ से नतालिया विलनोवा (16वें) और एस्थर कैनालेस (36वें) ने एक-एक गोल किया। पहले क्वार्टर में काफी रोमांचक खेल देखने को मिला। इस दौरान स्पेन एक समय गोल करने के बेहद करीब पहुंच गया था लेकिन भारतीय गोलकीपर निधि ने दो अवसरों पर शानदार बचाव करके गोल नहीं होने दिया। स्पेन को 14वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे निधि ने एक बार फिर से बचा दिया। दूसरे क्वार्टर के शुरुआती क्षणों में स्पेन ने जवाबी हमला किया और नतालिया विलनोवा ने गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी। भारतीय टीम ने इसके बाद आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन स्पेन की रक्षापंक्ति ने उसकी एक नहीं चलने दी।

भारत का तरफ से सोनम ने 36वें मिनट में गोल कर दिया था लेकिन स्पेन ने वीडियो रेफरल लिया जिसके बाद यह गोल रद्द कर दिया गया। स्पेन ने इसके बाद दूसरा गोल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली। भारत को 41वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले। सिवाच ने स्पेनिश गोलकीपर को छकाकर भारत का खाता खोला। भारत ने अंतिम क्वार्टर में बराबरी का गोल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी लेकिन स्पेन की रक्षापंक्ति ने कुछ शानदार बचाव करके अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए जीत हासिल की।

### भारत, न्यूजीलैंड ने एफटीए वार्ता तेज करने के तरीकों पर चर्चा की

नयी दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द आगे बढ़ाने के तरीकों पर शुक्रवार को बातचीत की। न्यूजीलैंड के वाणिज्य मंत्री टॉड मैकक्ले इस समय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ एफटीए वार्ता में प्रगति की समीक्षा के लिए भारत दौरे पर हैं। गोयल ने बैठक के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-न्यूजीलैंड एफटीए के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की और पारस्परिक हितों को ध्यान में रखते हुए वार्ता को आगे बढ़ाने के उपायों पर विचार किया। दोनों देशों के बीच एफटीए पर आधिकारिक बातचीत 16 मार्च, 2025 को शुरू हुई थी और अब तक इसके चार चरण पूरे हो चुके हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-न्यूजीलैंड द्विपक्षीय वस्तु व्यापार 1.3 अरब डॉलर रहा, जो इसके एक साल पहले की तुलना में करीब 49 प्रतिशत अधिक है। न्यूजीलैंड का औसत आयात शुल्क केवल 2.3 प्रतिशत है। प्रस्तावित एफटीए से व्यापार प्रवाह बढ़ने, निवेश संबंध मजबूत होने, आपूर्ति-शृंखला को लचीला बनाने और उद्योगों के लिए स्थिर ढांचा तैयार होने की उम्मीद है। भारत और न्यूजीलैंड ने इससे पहले वर्ष 2010 में व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर चर्चा शुरू की थी। हालांकि नौ दौर की बातचीत के बाद 2015 में वार्ता स्थगित हो गई थी। भारत से न्यूजीलैंड को निर्यात होने वाले उत्पादों में परिधान और घरेलू वस्त्र, दवाएं, रिफाइंड पेट्रोल, कृषि उपकरण, वाहन, लौह-इस्पात, कागज उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, झींगे, हीरे एवं बासमती चावल शामिल हैं। वहीं, न्यूजीलैंड से भारत कृषि उत्पाद, खनिज, सेब एवं कीवी फल, भेड़-बकरी का मांस, दुग्ध उत्पाद, कोकिंग कोल, लकड़ी, ऊन एवं कबाड़ धातु का मुख्य रूप से आयात करता है।


उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/पी०एस०, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचनाः-

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-Int-248107-1-25-1 (Advertising-Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-TPNR-OH-594-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-ML-OH-591-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-BBK-OH-587-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-IntExt-96839-1-24-1(Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-IntExt-174932-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-IntExt-108892-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-IntExt-132756-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-IntExt-131082-1-24-3 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-IntExt-250808-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-IntExt-155465-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 13:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-IntExt-155464-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 13:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-IntExt-197330-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 13:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-IntExt-121998-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.12.2025 समय 13:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-Digil-66-24-4 (Misc-Static-Services-Digital Lockers at Station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | MSS-LKO-PFM-RCR-133-25-1 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-RCR-140-25-1 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.12.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | MSS-LKO-BOY-RCR-143-25-1 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | MSS-LKO-AME-RCR-142-25-1 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.12.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-548-25-2 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.12.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OH-537-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-LKO-PRG-OSD-539-24-1 (Advertising-On Station Premise(Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-LKO-PYGS-OSN-492-24-3 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | MSS-LKO-RBL-MFC-138-25-1 (Misc-Static-Services-Multi Functional Complex) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | MSS-LKO-AME-MFC-139-25-1 (Misc-Static-Services-Multi Functional Complex) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.12.2025 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | ADVT-LKO-AY-OH-605-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.12.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24.12.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24.12.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3860/2025

# मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गिनाईं दो साल की उपलब्धियां, कहा-मप्र से खत्म किया नक्सलवाद

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने 12 दिसंबर को अपने कार्यकाल के दो साल पूरे कर लिए। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को इस अवधि के प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को बताया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के साथ जिला स्तर की उपलब्धियों की पुस्तक और ग्राउंड लेबल-सरकार की योजनाओं की पुस्तक का भी विमोचन किया ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को राजधानी भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को अपने कार्यकाल की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ला और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने दो साल की समीक्षा की और आगामी तीन वर्ष के कार्यों का लक्ष्य तय किया है। हमने तय किया कि मंत्री विभागवार प्रेजेंटेशन दें। लॉ एंड ऑर्डर को लेकर सबसे बड़ी प्रॉब्लम थी। 35 साल पुरानी माओवाद की चुनौती से निपटने का केंद्रीय गृह मंत्री ने लक्ष्य तय किया। इसके बाद मंडला, बालाघाट, डिंडोरी लाल आतंक से मुक्त होते गए। उन्होंने



कहा कि छत्तीसगढ़ से लगे मध्यप्रदेश के कई इलाके नक्सलवाद से प्रभावित रहे, जहां एक साथ 17-17 पुलिसकर्मियों की हत्या तक कर दी गई। यहां तक कि एक मंत्री को घर से निकालकर थाने के पास कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई थी। उस समय समानांतर थाने, समानांतर अदालत और समानांतर सत्ता चलने लगी थी। उन्होंने बताया कि जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में डेडलाइन तय की, तब सभी को लगा कि यह संभव होगा भी या नहीं। लेकिन कई पुलिस अधिकारी स्वयं आगे आए और बालाघाट में ड्यूटी की मांग की, जिससे नक्सलवाद खत्म करने में बड़ी मदद मिली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंडला, बालाघाट और डिंडोरी में नक्सली समस्या खत्म करना प्रदेश के लिए एक बड़ा उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि ह्लहमारे जवानों और आम नागरिकों ने इसकी बड़ी कीमत चुकाई है, मैं उन सभी को सलाम करता हूं।ह्न साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अब जरूरत है कि व्यवस्था को इतना मजबूत बनाया जाए कि यह समस्या दोबारा सिर न उठा सके। नदी जोड़ो अभियान पर उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से प्रदेश में सिंचाई का रकबा तेजी से बढ़ रहा है। परस्पर सौहार्द के तहत राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों राज्यों में पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदी का पानी पहुंचने से बड़ी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन की शिप्रा नदी में दो तरह की चुनौतियां थीं। पिछले सिंहस्थ में साधु-संतों ने गंभीर नदी के पानी से स्नान किया था। स्नान तो हुआ और सिंहस्थ संपन्न हुआ, लेकिन शिप्रा नदी का पानी उपलब्ध नहीं था। इस बार जल संसाधन विभाग ने व्यवस्था कर दी है कि सिंहस्थ में शिप्रा नदी के जल से स्नान हो सके। उन्होंने कहा पार्वती कालीसिंध चंबल, केन बेतवा और ताप्ती नदी जोड़ो परियोजनाएं नए युग की शुरुआत है। गंभीर और खान नदी को जोड़कर परियोजना बनाई है। ऊपर खेती होगी और नदी का टनल बनकर सिंचाई का कार्य कर रहे हैं। इसके लिए लगभग 800 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई है। मध्यप्रदेश में एक राज्य के अंदर दो नदियों को जोड़ने का अभियान भी शुरू किया गया है। इसके तहत गंभीर और खान नदी को मिलाने के लिए टनल बनाकर नदी से नदी जोड़ने का काम किया गया है। ऊपर खेती होती है और नीचे नदी की धारा बहती है।

उन्होंने बताया कि 2025 उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया गया है। इस दौरान कई उद्योगपतियों ने कहा हम ग्वालियर, जबलपुर पहली बार आए। ऊर्ज़ा विभाग में अभूतपूर्व काम हुआ है। पहली पीएम मित्र पार्क की सौगात सबसे पहले हमें मिली। 55 पीएम एक्सीलेंस कॉलेज, मेडिकल कॉलेज की श्रृंखला मप्र में बनी। मिल मजदूरों को भुगतान कराया। भोपाल की पहचान अब ह्नक्लीनह्न भोपाल की हो गई है। हर पर्यटन और धार्मिक क्षेत्र के लिए हेलीकॉप्टर सेवा, टूरिज्म के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर की हुकुम चंद मिल का जिक्र करते हुए कहा कि 300 से 400 करोड़ के बकाया में उलझी मिल का निराकरण होने के बाद अब 70 से 80 हजार करोड़ का प्रोजेक्ट यहां लगने वाला है। उन्होंने कहा कि भोपाल गैस त्रासदी के कचरे का निष्पादन करने का काम उनकी सरकार ने किया है। उन्होंने बताया कि सबसे सस्ती बिजली हमारे यहां मिल रही है। बीहड़ में सोलर की परिकल्पना, सायबर तहसील सेवा, चित्रकूट, ओरछा का कायाकल्प, हर साल जलगंगा अभियान, गौ संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ। दूध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का लक्ष्य, गौमाता के लिए राशि बढ़ाकर 40 रुपए की गई। मध्य प्रदेश साइंस सिटी, रिसर्च सिटी बनेगा और यहां ई बस चलेंगी।

## प्रधानमंत्री ने शिवराज पाटिल के निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली,। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पाटिल ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में समाज और राष्ट्र सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शिवराज पाटिल का जाना राजनीति और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने पाटिल के साथ अपने वर्षों पुराने अनेक संवादों को याद किया और बताया कि कुछ महीने पहले पाटिल ने उनके आवास पर मुलाकात भी की थी।द प्रधानमंत्री ने कहा कि शिवराज पाटिल ने विधायक, सांसद, केन्द्रीय मंत्री, महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष और लोकसभा अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। सार्वजनिक जीवन में उनकी प्रतिबद्धता, समाज कल्याण के प्रति उनका समर्पण और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी अटूट आस्था हमेशा याद रखी जाएगी। प्रधानमंत्री ने पाटिल के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## जुबिन प्रकरण : एसआईटी ने कोर्ट में दाखिल की 2,500 पन्नों की चार्जशीट, सात लोगों के नाम शामिल

गुवाहाटी। असम के सांस्कृतिक प्रतीक व गायक जुबीन गर्ग की मौत के हाई-प्रोफाइल जांच में असम पुलिस की विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को इस मामले में 2,500 पृष्ठों का आरोपपत्र कोर्ट में दाखिल किया है। वहीं, दस्तावेजों सहित आरोपपत्र में कुल पृष्ठों की संख्या करीब 12 हजार है। इस मामले में सात लोगों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं में आरोपित बनाया है। असम पुलिस की विशेष जांच दल (एसआईटी) प्रमुख मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने शुक्रवार को जुबिन गर्ग मामले से जुड़े आरोपपत्र अदालत में दाखिल किए जाने की जानकारी दी। कोर्ट में दाखिल अरोपपत्र में आपराधिक साजिश और गैर-इरादतन हत्या से लेकर हत्या और लापरवाही से मौत का कारण बनने जैसे आरोपों को कानूनी आधार बनाया गया है। जुबीन गर्ग सिंगापुर नॉर्थ ईस्ट इंडिया फ़ेस्टिवल में हिस्सा लेने गए थे, जहां 19 सितंबर, 2025 को सिंगापुर में डूबने से मौत हो गई थी। इस घटना बाद यह एक हाई-प्रोफाइल मामला बन गया। शुरूआत में इसे दुर्घटना माना जा रहा था, लेकिन अब असम पुलिस हत्या मानकर जांच कर रही है। इस संबंध में पहले भी कई गिरफ्तारियां हुई हैं। एसआईटी प्रमुख ने बताया कि इस मामले में सात लोग न्यायिक हिरासत में हैं। इसमें नॉर्थ ईस्ट इंडिया उत्सव के आयोजक और कार्यक्रम का नेतृत्व करने वाले श्यामकानु महंत महंत के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 61, 103, 308, 318 और 238 के तहत आरोप लगाए गए हैं। गर्ग के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 3 (6/7/8), 61(2), 103(1) और 316(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह, संगीतकार शेखरज्योति गोस्वामी पर धारा 3, 61, 103, 318 और 316 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। जुबीन के चचेरे भाई व डीएसपी संदीपान गर्ग के खिलाफ बीएनएस की धारा 105 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उनके दो निजी अंगरक्षकों परेश बैश्य और नंदेश्वर बोरा के खिलाफ क्रमशः धारा 61, 316(5) तथा 61(2), 316(5) के तहत केस दर्ज किया गया है।

# हरियाणा : फिर से दंगल की दुनिया में उतरेंगी विनेश फोगाट, सन्यास खत्म करने का ऐलान

एजेंसी

जींद। ओलंपियन और जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने शुक्रवार को संन्यास वापस लेने का ऐलान करते हुए 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में फिर खेलने की इच्छा जताई।

राजनीति में एंट्री कर चुकी विधायक विनेश फोगाट ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि लोग पूछते रहे कि क्या पेरिस अंत है। बहुत समय तक मेरे पास इसका जवाब नहीं था। मुझे मैट से, प्रेशर से, उम्मीदों से, यहां तक कि अपने सपनों से भी दूर जाने की ज़रूरत थी। मुझे अपने सफ़र के बोझ को समझने में समय लगा, उतार-चढ़ाव,



दिल टूटना, त्याग, मेरे वो रूप जिन्हें दुनिया ने कभी नहीं देखा और कहीं न कहीं उस सोच में, मुझे सच पता चला, मुझे अब भी यह खेल पसंद है। मैं अब भी मुकाबला करना चाहती हूं। मैं ओलंपिक-2028 की ओर वापस कदम बढ़ा रही हूं। जुलाना विधायक विनेश फौगाट ने सोशल मीडिया पर शेयर की पोस्टल में लिखा, इस बार मैं अकेली नहीं चल रही हूं, मेरा बेटा मेरी टीम में शामिल हो रहा है, मेरा सबसे बड़ा मोटिवेशन, ओलंपिक्स के इस रास्ते पर मेरा छोटा चीयरलीडर है।

## केंद्रशासित प्रदेश दमण और दीव में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

दमण । केंद्रशासित प्रदेश दमण और दीव के दमण के धाभेल स्थित आठियावाड़ विस्तार में गुरुवार की देर शाम एक दुखद घटना घटी, जहां तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल छा गया है। सूत्रों के अनुसार चार बच्चे तालाब में नहाने पहुंचे थे, जब पानी में उतरते ही अचानक वे गहराई में चले गए। स्थानीय युवाओं ने तुरंत दौड़कर एक बच्चे को पानी से बाहर निकाल लिया। बाहर लाए गए बच्चे ने बताया कि उसके तीन साथी अभी भी तालाब में हैं। यह सुनते ही पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें तेजी से मौके पर पहुँचीं। जिला प्रशासन के अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे।

# चेक गणराज्य के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश से मुलाकात की

एजेंसी

नई दिल्ली । द चेक गणराज्य के सीनेट के उपसभापति डॉ. जित्का सेटलोवा के नेतृत्व में संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को संसद में राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश से भेंट की। बैठक के दौरान हरिवंश ने दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध, व्यापार, रक्षा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डाला। ऐतिहासिक संबंधों पर जोर देते हुए राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा कि वर्ष 1921 और 1926 में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की यात्राओं ने दोनों देशों के बीच पारस्परिक सम्मान और बौद्धिक जुड़ाव की सुदृढ़ नींव रखी। उनकी विरासत को याद रखने के लिए वर्ष 2004 में प्राग में टैगोर की एक आवक्ष मूर्ति लगाई गई और एक सड़क का नाम 'ठाकुरोवा' रखा गया। उन्होंने स्मरण किया कि चार्ल्स यूनिवर्सिटी में भारत-विद्या (इंडोलॉजी) विभाग की स्थापना किए जाने से संस्कृति, भाषाओं और साहित्य में हमारी साझी रुचि झलकती है, जो वर्तमान पीढ़ियों को प्रेरित करती रहती है। दोनों देशों के बीच व्यापार और रक्षा क्षेत्र में नियमित रूप से बातचीत होती रही है। जनवरी 2024 में चेक प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने भारत का दौरा किया, जिसके दौरान नवाचार पर रणनीतिक साझेदारी को अपनाया गया।

हरिवंश ने कहा कि इस दौरे से द्विपक्षीय संबंधों को नई तेज़ी मिली है।

व्यापार और निवेश को द्विपक्षीय संबंधों के महत्वपूर्ण स्तंभों के रूप में उजागर करते हुए उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि भारत-चेक गणराज्य के बीच द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य में दोनों पक्षों को व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत करने के लिए सहयोग करना चाहिए।

# पेज एक का शेष

### केंद...

अधिकारियों को ब्लॉक मैपिंग में मदद करेगा। वहीं मंत्रिमंडल के इस साल 30 अप्रैल को लिए गए निर्णय के तहत इस बार जनगणना में जाति आधारित आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे। सरकार का कहना है कि देश की सामाजिक विविधता को समझने और नीतियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए यह कदम जरूरी है। जनगणना 2027 से जुड़े कामों के लिए लगभग 18,600 तकनीकी कर्मचारियों की अस्थायी नियुक्ति की जाएगी, जिससे करीब 1.02 करोड़ मानव-दिवस का रोजगार उत्पन्न होगा। डिजिटल डेटा प्रबंधन और विश्लेषण से जुड़े कार्यों में लगी यह टीम भविष्य में भी बेहतर रोजगार अवसरों के लिए सक्षम होगी।

यह देश की 16वीं और स्वतंत्रता के बाद 8वीं जनगणना होगी। यह गांव, वार्ड और शहर स्तर तक विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएगी। इसमें आवास, सुविधाएं, धर्म, भाषा, शिक्षा, आर्थिक गतिविधि, प्रवासन और प्रजनन जैसे कई महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक पहलुओं का विस्तृत डाटा एकत्र किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि जनगणना 2027 के परिणामों को पहले की तुलना में काफी कम समय में जारी किया जाए और इसे ह्लक्लिक पर उपलब्ध सेवाह्न के रूप में राज्यों और मंत्रालयों तक पहुंचाया जाए।

उल्लेखनीय है कि हर दस साल में देश में जनगणना कराई जाती है। इस हिसाब से 2021 में जनगणना की जानी थी लेकिन कोविड के कारण नहीं हो पायी। 16 जून को सरकार ने जनगणना 2027 की अधिसूचना जारी की थी। जनगणना की तारीख एक मार्च 2027 होगी।

### कोलसेतु....

नीलामी के आधार पर दीर्घकालिक कोयला लिंकेज के आवंटन की अनुमति देगी, जिसमें कोयले की आवश्यकता वाला कोई भी घरेलू खरीदार लिंकेज नीलामी में भाग ले सकता है। इस विंडो के तहत कोकिंग कोल ऑफर नहीं किया जाएगा।

एनआरएस के लिए कोयला लिंकेज की नीलामी की मौजूदा नीति में एनआरएस जैसे सीमेंट, स्टील (कोकिंग), स्पंज आयरन, एल्युमीनियम और अन्य उर्वरक (यूरिया) को छोड़कर सहित उनके कैप्टिव पावर प्लांट्स (सीपीपी) के लिए सभी नए कोयला लिंकेज का आवंटन नीलामी के आधार पर दिए जाएंगे। एनआरएस लिंकेज की वर्तमान नीति के अनुसार, सब-सेक्टर केवल निर्दिष्ट अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए हैं।

### किसानों...

4०09 लाख करोड़ रुपये दिये गये हैं। फसल बीमा योजना के तहत किसानों को 1०9 लाख करोड़ रुपये की मदद दी गयी है। किसान क्रेडिट कार्ड पर 15 लाख करोड़ रुपये के ऋण दिये गये हैं। फसल बीमा योजना लागू न करने के लिए पंजाब सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि यदि ऐसा किया होता तो हाल की बाढ़ से पीड़ित किसानों के नुकसान की कुछ भरपाई हो सकती थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर राज्य में फसल बीमा योजना लागू करने की मांग की है।

### राहुल ...

की थी। इस मामले में पिछले पांच साल से अदालती कार्यवाही चल रही है। दिसम्बर 2023 में राहुल गांधी के पेश न होने पर तत्कालीन जज ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल गांधी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दी थी। 26 जुलाई 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में अपना बयान दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और इसे राजनीतिक साजिश करार दिया था। उनके बयान के बाद कोर्ट ने वादी को साक्ष्य प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

### सनातन...

धर्म के खिलाफ गलत बयान देते हैं। जब प्रधानमंत्री ने अयोध्या में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा की तो डीएमके सरकार ने इसका कड़ा विरोध किया।ह्न

उन्होंने कहा कि ह्लमद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच के थिरुप्परनकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम जलाने की इजाज़त देने के साफ निर्देशों के बाद भी राज्य सरकार ने जानबूझकर कोर्ट के आदेश को नज़रअंदाज़ किया। सदियों पुरानी परंपरा बनाए रखने के लिए इकट्ठा हुए शांतिप्रिय हिंदू भक्तों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। यह सिर्फ धार्मिक भावनाओं पर हमला नहीं बल्कि कोर्ट की खुली अवमानना ??और संविधान के तहत मिले धर्म की आज़ादी के बुनियादी अधिकार का गंभीर उल्लंघन है। अनुराग ठाकुर ने सवाल किया कि हिंदुओं के साथ उनके ही देश में इतना खुला भेदभाव क्यों किया जा रहा है? क्या तमिलनाडु में अब अपने धर्म का पालन जुर्म है । अनुराग ठाकुर ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके सरकार से देशभर के करोड़ों हिंदू भक्तों से तुरंत माफ़ी मांगने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार से तमिलनाडु में हिंदू परंपराओं पर हो रहे सुनियोजित अत्याचार का संज्ञान लेने और भारत के हर कोने में हिंदुओं के धार्मिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी अपील की।

### इंडिगो...

अधिक उड़ानें रद्द हुई थीं। लगातार उड़ानें रद्द होने से हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं। केंद्र सरकार पहले ही कंपनी को यात्रियों के रिफंड में तेजी लाने और टिकटों के बढ़ते दाम पर नियंत्रण रखने के निर्देश दे चुकी है।

### सीबीआई ...

दी कि उनके सोशल सिक्योरिटी नंबर (एसएसएन) का उपयोग मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग डिलीवरी में हुआ है और उनका बैंक खाता फ्रीज कर दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने पीड़ितों को अपने पैसे सुरक्षित करने के लिए 8.5 मिलियन डॉलर को क्रिप्टोकरंसी वॉलेट्स और विदेशी बैंक खातों में ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया। सीबीआई ने 10 और 11 दिसंबर 2025 को दिल्ली, नोएडा और कोलकाता में छापेमारी की, जिसमें 1.88 करोड़ रुपये नकद और 34 इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (मोबाइल फोन, लैपटॉप, पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क) सहित कई आपराधिक सबूत बरामद किए गए। सीबीआई ने बताया कि मामले की जांच जारी है, जिसमें अपराध की आय का पता लगाने और अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क के अन्य दोषियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### उत्तर...

बुलाया गया है। हालांकि मतदान की स्थिति में वही सांसद, विधायक, पदाधिकारी मतदान करेंगे, जिनके नाम संगठन की ओर से जारी मतदाता सूची में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष को लेकर लग रहे कयासचुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने के साथ ही प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। पार्टी स्तर और उससे जुड़े संगठनों में नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। कोई जाति के आधार पर तो कोई संगठन कौशल और क्षेत्र के आधार पर नाम बता रहा है। बहरहाल अब इतना तो साफ है कि नए प्रदेश अध्यक्ष का चेहरा एक-दो दिन में सामने आ जाएगा।

### राज्य...

किस पंकज कुमार सिंह संजय कुमार यादव संजय कुमार सिंह अमित मिश्रा गुरुदत्त मिश्रा गुरु तेग सिंह,दिनेश वर्मा राम भगवान वर्मा बबलू कश्यप को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

बाराबंकी पहुंचे योगी आदित्यनाथ किया प्रगतिशील किसानों को सम्मानित

बाराबंकी योगी बोले- बुंदेलखंड पानी को तरसता नहीं:बाराबंकी को बताया- ईस्ट यूपी का गेट-वे,

पद्मश्री किसान रामसरन बोले- मैं सवा लाख का चश्मा पहनता हूं ।

बाराबंकी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार (12 दिसंबर) को बाराबंकी पहुंचे। यहां जैदपुर के गांव दौलतपुर में पद्मश्री प्रगतिशील किसान रामसरन वर्मा के फार्म हाउस पर 'खेती की बात खेत पर' किसान सम्मेलन में शामिल हुए। किसान पाठशाला के 8वें संस्करण का शुभारंभ किया। सीएम ने उन्नत खेती की बात की। साथ ही लखनऊ में विकसित हो रहे सीड पार्क के बारे में बताया। कहा कि हम लोगों को धरती माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखना है। इसके लिए कम से कम उर्वरक प्रयोग करें।

मंच से पद्मश्री किसान रामशरण वर्मा ने कहा कि मैंने खेती और सरकार की बदौलत ही आज सवा लाख रुपए का चश्मा पहन रखा है। मजदूरों को 2 करोड़ की मजदूरी सालाना दे रहा हूं। ये सब खेती और सीएम योगी की बदौलत संभव हो सका है।

मंच से योगी ने कहा- किसान पहले जिन सुविधाओं के लिए तरसता था, आज वो सारी सुविधाएं मिल रही हैं। जो बुंदेलखंड पानी को तरस रहा था आज वहां सिंचाई के हर साधन उपलब्ध हैं। हमें खेती करते समय एक बात ध्यान में रखनी चाहिए कि ये धरती माता हमें पेट भरने के लिए अनाज देती हैं, इनका स्वास्थ्य भी ठीक होना चाहिए। तभी किसान उन्नत होंगे। इसलिए उर्वरक का उपयोग कम से कम करें।

योगी ने कहा- पीएम मोदी ने उन्नत खेती के जिस अभियान को आगे बढ़ाया है ये उसका ही परिणाम है, पीएम मोदी का कहना है कि किसान की आमदनी तभी होगी, जब लागत कम और मुनाफा ज्यादा होगा। रामशरण वर्मा आज एक एकड़ में ढाई सौ कुंतल आलू पैदा कर रहे हैं, ये उनकी उन्नत खेती का का ही परिणाम है। आज यहां मैंने प्रदेश के कोने कोने से आए कई किसानों को सम्मानित किया है। वे सभी उन्नतशील किसान हैं। जिन्होंने तकनीक और नवाचार की मदद से खेती को उन्नत बनाया है।

आज यूपी का किसान उन्नत शील खेती की तरफ आगे बढ़ा है। पिछले 8 साल से एमएसपी का भुगतान प्राप्त हो रहा है। आज किसानों के लिए सौर पंप, माइक्रो इरिगेशन का काम हो रहा है। यूपी में 9 क्लाइमेटिक जोन हैं, पहले बिचौलियों का वर्चस्व था। आज डीबीटी सुविधा है यानी सीधे किसानों के खाते में पैसा भेजा जा रहा है।

सीएम ने कहा- देश में यूपी गेहूं उत्पादन में 35 प्रतिशत योगदान दे रहा है। देश में सबसे ज्यादा गन्ना यूपी में हो रहा है। अकेले 55 प्रतिशत गन्ने का उत्पादन यूपी में हो रहा है। हमने गन्ने की एमएसपी 400 रुपए कर दी है। दो लाख 92 हजार करोड़ का गन्ने का भुगतान हो चुका है। प्रदेश में 122 चीनी मिले चल रही हैं।

योगी ने कहा- खेती को प्रोत्साहित करना होगा। जो तकनीक और नवाचार रामशरण वर्मा ने किया है वैसे ही आप लोगों को भी करना है। राम शरण ने एक नया मॉडल दिया है खेती को। ये उन्होंने लखनऊ के सचिवालय में बैठकर नहीं बल्कि अपनी खेत पर किया है। इसलिए हम यहां किसान की बात खेत पर करने आए हैं।

सीएम ने कहा- देश में यूपी गेहूं उत्पादन में 35 प्रतिशत योगदान दे रहा है। देश में सबसे ज्यादा गन्ना यूपी में हो रहा है। अकेले 55 प्रतिशत गन्ने का उत्पादन यूपी में हो रहा है। हमने गन्ने की एमएसपी 400 रुपए कर दी है। दो लाख 92 हजार करोड़ का गन्ने का भुगतान हो चुका है। प्रदेश में 122 चीनी मिले चल रही हैं।

योगी ने कहा- खेती को प्रोत्साहित करना होगा। जो तकनीक और नवाचार रामशरन वर्मा ने किया है वैसे ही आप लोगों को भी करना है। राम शरण ने एक नया मॉडल दिया है खेती को। ये उन्होंने लखनऊ के सचिवालय में बैठकर नहीं बल्कि अपनी खेत पर किया है। इसलिए हम यहां किसान की बात खेत पर करने आए हैं।

पद्मश्री किसान राम शरन बोले- आज मैंने एक लाख 25 हजार का चश्मा पहना है, साल में 40 से 50 यात्राएं विदेश की करता हूं। आलू-टमाटर, गेहूं और केला की खेती करता हूं, 300 एकड़ में फसल उगा रहा हूं, सरकार की मदद से ही अपने मजदूरों को सलाना 2 करोड़ रुपए मजदूरी दे रहा हूं। ये सब सीएम योगी की देन है।

सूर्य प्रताप शाही ने कहा- यहां दौलतपुर गांव में किसानों के घर दौलत बरस रही है। यहां राम शरण वर्मा की मदद से गेहूं, गन्ने, आलू टमाटर समेत कई फसलों की खेती हो रही है। आज मोदी-योगी सरकार की मदद से बाराबंकी में उन्नत खेती हो रही है। किसानों की आमदनी अब तीन गुना होने की तरफ बढ़ रही है।

राम शरण वर्मा ने 5 एकड़ से खेती शुरू की थी। आज वो तीन से साढ़े तीन सौ एकड़ में खेती कर रहे हैं, यहां के किसानों के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगी है, उसे जरूर देखें। आलू टमाटर के साथ वो शिमला मिर्च की खेती कर रहे हैं। बाराबंकी में केले के टिशू कल्चर के अलग से योजना लाने जा रहे हैं।

सूर्य प्रताप शाही ने कहा- यहां दौलतपुर गांव में किसानों के घर दौलत बरस रही है। यहां राम शरण वर्मा की मदद से गेहूं, गन्ने, आलू टमाटर समेत कई फसलों की खेती हो रही है। आज मोदी-योगी सरकार की मदद से बाराबंकी में उन्नत खेती हो रही है। किसानों की आमदनी अब तीन गुना होने की तरफ बढ़ रही है।

राम शरण वर्मा ने 5 एकड़ से खेती शुरू की थी। आज वो तीन से साढ़े तीन सौ एकड़ में खेती कर रहे हैं, यहां के किसानों के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगी है, उसे जरूर देखें। आलू टमाटर के साथ वो शिमला मिर्च की खेती कर रहे हैं। बाराबंकी में केले के टिशू कल्चर के अलग से योजना लाने जा रहे हैं।

बता दें कि इस प्रगतिशील किसान सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश भर के किसानों को एक मंच पर लाना है। यहां आधुनिक कृषि तकनीक, वैज्ञानिक खेती के तरीके और सफल मॉडलों को साझा किया जाएगा। मुख्यमंत्री किसानों से सीधा संवाद कर कृषि क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों और योजनाओं की जानकारी भी देंगे।

### यूपी डिफेंस...

उसमें से 2,040 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि का अधिग्रहण पूरा हो चुका है। वर्तमान में आवंटन के लिए 1,598.92 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है। अलीगढ़ में सबसे ज्यादा 24 कंपनियों को भूमि मिली है, जबकि कानपुर में सबसे अधिक 210 हेक्टेयर जमीन 5 कंपनियों को आवंटित की गई है। झांसी में 17 कंपनियों को 571 हेक्टेयर और लखनऊ में 16 कंपनियों को 131 हेक्टेयर से अधिक भूमि दी जा चुकी है। चित्रकूट, अलीगढ़ फ़ेज-2 और आगरा नोड में भी भूमि आवंटन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।

अब तक हुए 197 एमओयू

अब तक कॉरिडोर के लिए कुल 197 एमओयू हो चुके हैं। उनमें 172 औद्योगिक एमओयू हैं। इन सभी एमओयू के जरिए 34,844.49 करोड़ रुपये का प्रस्तावित निवेश आ रहा है, जिससे प्रदेश में 52,658 नौकरियां सृजित होने का अनुमान है। अगले चरण में 110 से अधिक कंपनियों के साथ एमओयू की प्रक्रिया पाइपलाइन में है। इन 110 प्रस्तावित औद्योगिक इकाइयों से 22,847 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश और 38,000 से अधिक रोजगार सृजन की संभावना है।

यूपीडा के एसीईओ एचपी शाही के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप डिफेंस कॉरिडोर तेजी से प्रगति कर रहा है। मुख्यमंत्री ने इसे ह्लएक जिला-एक उत्पादह्न और ह्लमेक इन इंडियाह्न के साथ जोड़ते हुए कई बार कहा है कि यूपी डिफेंस कॉरिडोर न सिर्फ उत्तर प्रदेश को, बल्कि पूरे देश को रक्षा विनिर्माण का ग्लोबल हब बनाएगा। ब्रह्मोस मिसाइल जैसे बड़े प्रोजेक्ट की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लखनऊ नोड में स्थापित हो चुकी है, जो इस कॉरिडोर की रणनीतिक अहमियत को और बढ़ा रही है। डिफेंस कॉरिडोर के जरिए प्रदेश अब रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में गुजरात और तमिलनाडु जैसे राज्यों को कड़ी टक्कर दे रहा है। आने वाले कुछ महीनों में और बड़ी घोषणाएं होने की संभावना है, जिससे उत्तर प्रदेश ह्लट्रिलियन डॉलर इकॉनमीह्न के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ेगा।

### नेशनल....

की चुनौतियों और अवसरों पर विशेषज्ञ अपनी राय साझा करेंगे। कार्यक्रम में सीजेआई न्यायमूर्ति सूर्यकांत के अलावा न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार माहेश्वरी, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति जमशेद बुर्जोर पारदीवाला, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति संजय करोल जैसे सुप्रीम कोर्ट के दिग्गज न्यायाधीश भाग ले रहे हैं, इसके अतिरिक्त, विभिन्न हाईकोर्ट्स के मुख्य न्यायाधीश और वरिष्ठ न्यायाधीश भी शामिल हैं, जिनमें जस्टिस संदीप मेहता, जस्टिस नोंगमेइकपम कोटेश्वर सिंह, जस्टिस मनमोहन, जस्टिस कृष्णन विनोद चंद्रन, और जस्टिस विजय बिश्नोई प्रमुख हैं।

# मुख्यमंत्री ने सिख दंगा पीड़ित 36 परिवारों के परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में 1984 के सिख दंगों से प्रभावित 36 परिवारों के परिजनों को मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस) के नियुक्ति पत्र सौंपे गए। यह केवल नौकरी देने का कार्यक्रम नहीं था, बल्कि उन परिवारों के लंबे इंतजार और संघर्ष को सम्मान देने की एक ठोस पहल है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि 1984 सिख दंगा हमारे इतिहास का एक अत्यंत दर्दनाक अध्याय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पीड़ित परिवारों को न्याय और सम्मान दिलाने के निरंतर प्रयास किए गए हैं। उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए हमारी सरकार प्रभावित परिवारों को सम्मानजनक आजीविका और सुरक्षित भविष्य देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर लाल किले पर आयोजित समागम हमारे लिए सेवा और कर्तव्य का अवसर था। आज उसी सेवा के लिए परिवारों से मिला स्नेह और सम्मान मेरे लिए अत्यंत भावुक क्षण रहा। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले 19 परिवारों को नियुक्ति पत्र दिए गए थे और आज 36 और परिवारों को नौकरी प्रदान की गई है। ये नियुक्तियां इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार उनके साथ खड़ी है और उन्हें सम्मान के साथ आगे बढ़ने का हर अवसर उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मदद नहीं, जिम्मेदारी है। यह औपचारिकता नहीं, सम्मान है और यह अतीत को याद रखते हुए भविष्य को सुरक्षित करने का एक सच्चा प्रयास है।

# नित्यानंद स्वामी का संपूर्ण जीवन जनसेवा को समर्पित रहा: धामी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के प्रथम मुख्यमंत्री नित्यानंद स्वामी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। धामी ने कहा कि नित्यानंद स्वामी का संपूर्ण जीवन जनसेवा को समर्पित रहा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री धामी ने अपने सरकारी आवास पर उत्तराखंड के प्रथम मुख्यमंत्री नित्यानंद स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया। इसके बाद सोशल मीडिया के कई मंचों पर मुख्यमंत्री ने नित्यानंद को श्रद्धांजलि देते हुए फोटो पोस्ट कर लिखा कि नित्यानंद स्वामी के नेतृत्व में नवगठित राज्य के प्रशासनिक ढांचे को मजबूत आधार मिला। उत्तराखंड के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने में उनका योगदान अविस्मरणीय है।

# हत्या के मामले में 11 साल से फरार आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने रनहौला थाना क्षेत्र में 11 साल पहले हुई हत्या के मामले को सुलझाते हुए फरार आरोपित लखन सिंह उर्फ अंश कुमार उर्फ राजू (43) को उत्तर प्रदेश के कासगंज से गिरफ्तार किया है। अदालत ने 2014 से फरार चल रहे आरोपित को भगोड़ा घोषित किया था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि 21 नवंबर, 2014 को रनहौला थाना क्षेत्र में खेडी बाबा ब्रिज, हॉली कॉन्वेंट स्कूल के पास नाले के किनारे 40-45 वर्षीय अज्ञात पुरुष का शव मिला था। उसके चेहरे, सिर और शरीर के कई हिस्सों पर गहरी चोटें थीं। बाद में मृतक की पहचान राकेश उर्फ भगत के रूप में हुई और हत्या के आरोप में लखन सिंह का नाम सामने आया। लेकिन घटना के बाद से वह फरार था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम लंबे समय से पुराने और अनसुलझे संगीन मामलों पर काम कर रही थी। इसी दौरान पता चला कि 2014 का यह हत्या मामला अभी तक अनसुलझा है और आरोपित 11 साल से फरार है। इंस्पेक्टर पुखराज की टीम को आरोपित के बारे में अहम जानकारी मिली। इसके बाद टीम ने राजस्थान, हरियाणा और उप्र में कई जगह लगातार छापेमारी की। तकनीकी निगरानी और स्थानीय जांच के बाद आरोपित की मौजूदगी कासगंज में पक्की हुई। जिसके बाद पुलिस टीम ने छापा मारकर आरोपित को दबोचा। जांच में पता चला है कि 2014 में अदालत ने आरोपित को भगोड़ा घोषित कर दिया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार ठिकाने बदलता रहा।वह कभी राजस्थान, कभी हरियाणा तो कभी उप्र के अलग-अलग जिलों में जाकर मजदूरी करता था। गिरफ्तार आरोपित लखन सिंह मूल रूप से राजस्थान के करौली का निवासी है। उसने पांचवीं तक पढ़ाई की और बाद में दिल्ली के नजफगढ़ आकर पीओपी का काम करने लगा।

# मुख्यमंत्री ने कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को शालीमार बाग के विभिन्न ब्लॉकों में कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके साथ ही क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी कार्य समयबद्ध तरीके से और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, लेन सुधार करने और जल निकासी प्रणाली को मजबूत करने के लिए व्यापक कार्य जारी हैं। साथ ही अटल कैंटीन, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सार्वजनिक शौचालय, वॉटर एटीएम, जिम, सीसीटीवी कैमरे, स्विमिंग पूल और नए पार्क जैसी सुविधाओं का विकास भी तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग को स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम सेवाओं से युक्त एक आदर्श मॉडल विधानसभा के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री




आज शंकराचार्य मार्ग स्थित आश्रम में आयोजित श्री विद्या महायज्ञ में सहभागिता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पावन आयोजन में बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता विशेष रूप से प्रेरक रही। उन्होंने कहा कि जब हमारी नई पीढ़ी धर्म, सेवा और संस्कारों से जुड़ती है, तभी समाज की जड़ें और अधिक मजबूत होती हैं। आश्रम में सेवा में संलग्न सभी वरिष्ठजनों की निष्ठा और समर्पण अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां ललिता महतारी की कृपा हम सभी पर बनी रहे और हमें समाज, राष्ट्र तथा गौ माता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और सेवा भाव से करते रहने की शक्ति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि गौ माता को भोजन कराना केवल एक कर्म नहीं, यह उस सोच का प्रतिबिंब है जहां जीवन के हर रूप के प्रति आदर और संरक्षण का भाव निहित है। यही भावना हमारे सनातन सांस्कृतिक मूल्यों की आधारशिला है, जहां सेवा को आस्था से जोड़ा जाता है और परंपरा को समाज-निर्माण से। गौ सेवा के इस भाव के साथ हम एक संवेदनशील, संतुलित और संस्कारयुक्त समाज के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ते हैं।

# पटना को स्मार्ट, स्वच्छ और आधुनिक शहर बनाने की पहल, बनेंगे 25 वेंडिंग जोन

पटना। पटना को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आधुनिक शहर बनाने की दिशा में ठोस पहल की गई है। पटना में 25 नये वेंडिंग जोन विकसित करने, जल निकासी-जलापूर्ति-सीवरेज नेटवर्क की जीआईएस मैपिंग को तेज गति से पूर्ण करने, ठोस कचरा प्रबंधन हेतु नये वाहनों के क्रय एवं संग्रहण प्रणाली को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने, तथा राम चक बैरिया एसडब्लूएम प्रोजेक्ट के कलेक्शन से लेकर डिस्पो़जल तक सभी चरणों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

पटना की बढ़ती आबादी और शहरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए साफ़-सफाई, जलापूर्ति, सीवरेज एवं स्वच्छता जैसे जन महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों को समयबद्ध और परिणाम आधारित कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

# पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, दो युवकों की मौत व कई घायल

हल्द्वानी। जिले में कालाढूंगी के पास बाजपुर मार्ग पर शुक्रवार तड़के एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार कार बाजपुर की ओर जा रही थी। रास्ते में कालाढूंगी के पास बाजपुर मार्ग स्थित गड़प्पू क्षेत्र में अचानक वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने हादसा होते ही पुलिस को सूचना दी। कालाढूंगी पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को बाजपुर अस्पताल भेजा। गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश की नंबर प्लेट वाली कार पर सवार दो लोगों की मौत हो गई है। खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी थी।

# स्वास्थ्य शिक्षा तथा रोजगार बिहार सरकार की प्राथमिकता : नीतीश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नवादा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को नवादा जिले के रजौली प्रखंड इलाके में पहुंचकर एक दर्जन योजनाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य तथा रोजगार में बढ़ोतरी बिहार सरकार की प्राथमिकता है। उनके साथ बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा मंत्री विजय कुमार चौधरी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 11:00 बजे दिन में रजौली इंटर स्कूल के मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरे ।उतरने के साथ थी उन्होंने रजौली इंटर स्कूल का निरीक्षण किया। छात्र-छात्राओं से उनकी समस्याएं भी सुनी ।छात्राओं ने बताया कि साइकिल पोशाक तथा शिक्षा प्रोत्साहन राशि से हम सबों का काफी विकास हुआ है ।जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के विकास



के लिए कई व्यापक योजनाएं भी बनाई गई है। इसे शीघ्र अमली जामा पहनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रजौली स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई कर मरीजों की बेहतर सेवा की बात कही। मुख्यमंत्री फुलवरिया जलाशय के पास पहुंचकर मछली पालन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की बड़ी प्राथमिकता रोजगार भी है। जिसके तहत मछली पालन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सोलर प्लांट से विद्युत उत्पादन के संयंत्रों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस संयंत्र को चालू किया जाए ,ताकि राजौली के इलाके में बेहतर विद्युत उत्पादन हो सके। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग ,जीविका दीदियों द्वारा बनाए गए स्वयं सहायता समूह सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए 50 से अधिक स्टालों का निरीक्षण कर उन्होंने उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए । नवादा के जिलाधिकारी रवि प्रकाश तथा मगध प्रमंडल के कमिश्नर सफीना ए एन ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री को सरकार द्वारा चलाए जा रहे कई योजनाओं की जानकारी देते हुए बेहतर अमली जामा की बात बताई।जीविका के महिलाओं ने कहा कि हमसब सरकार के साथ शत प्रतिशत साथ निभाने को तैयार है। अपने 30 मिनट के कार्यक्रम के बाद नीतीश कुमार हेलीकॉप्टर से पटना को रवाना हो गए।

प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बेहतर स्टॉल तथा चक चौबंद व्यवस्था कर खुश कर दिया। कम समय में ही दिन-रात तैयारी कर प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने में आहम भूमिका निभाई। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यमंत्री बिना सूचना के पहुंचकर अगर स्वास्थ्य व्यवस्था तथा शिक्षा व्यवस्था का जायजा लेते तो उन्हें सच्चाई का ज्यादा पता चलता।

# एनसीसी कैडेटों समेत हजारों लोगों को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने राजधानी में सड़क सुरक्षा को लेकर बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक मुख्यालय) सत्यवीर कटारा की देखरेख में पूरे दिल्ली में अलग-अलग वर्गों के लिए सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का मकसद लोगों में ट्रैफिक नियमों, महिलाओं की सुरक्षा और अनुशासित सड़क उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि इस पहल के तहत स्कूलों के छात्र-छात्राओं, साइकिल चालकों, ऑटो-टैक्सी चालकों, सार्वजनिक परिवहन स्टाफ और आम राहगीरों तक संदेश पहुंचाया गया। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना तभी संभव है, जब हर नागरिक यातायात नियमों का पालन करते हुए जिम्मेदार ड्राइविंग करे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान का एक प्रमुख आयोजन सफदरजंग एन्क्लेव स्थित एनसीसी कैंप में किया गया। यहां 520 से अधिक एनसीसी कैडेटों और 10 सैन्य अधिकारियों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कैडेटों को पैदल यात्री सुरक्षा, सही ड्राइविंग व्यवहार, सड़क अनुशासन और नियमों के पालन की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि युवाओं को सड़क सुरक्षा से जोड़ने का उद्देश्य उन्हें भविष्य में जिम्मेदार चालक बनाना है, ताकि वे न केवल स्वयं सुरक्षित रहें बल्कि दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।वहीं दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि वह आगे भी ऐसे अभियानों को जारी रखेगी, ताकि राजधानी की सड़कें सभी नागरिकों के लिए सुरक्षित और सुगम बन सकें।

# विशेष बच्चों को मातृत्व देना सबसे बड़ा पुण्य: रेखा आर्या

- देश भर से आए दत्तक माता-पिता सम्मानित
- चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के विशेष पोस्टर का अनावरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। राज्य की महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने शुक्रवार को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को गोद लेने वाले माता-पिताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के विशेष पोस्टर का अनावरण भी किया।

दत्तक ग्रहण माह के अवसर पर संस्कृति विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री आर्या ने कहा कि विश्व में कोई बच्चा अनाथ न रहे, सबको उचित पोषण और मातृत्व मिले यह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कोई दंपति जब किसी अनाथ को गोद लेने का विचार करता है तो यह उन पर ईश्वर की विशेष अनुकंपा के कारण ही संभव होता है। मंत्री ने कहा कि अपना खून ही बुढ़ापे की लाठी बनेगा, यह रूढ़िवादी सोच है। किसी भी बच्चे के लिए माता-पिता का सम्मान व आत्मीयता, उनका खून का रिश्ता नहीं बल्कि बच्चों को दिए गए संस्कार तय करते हैं। मंत्री ने बताया कि अभी तक प्रदेश में कुल 185 बच्चों को दत्तक ग्रहण कराया गया है। जिनमें से 29 को एनआरआई माता-पिता ने गोद लिया है। इनमें 9 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे भी शामिल हैं। मंत्री ने यह संख्या और बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सचिव चंद्रेश कुमार, निदेशक बंशीलाल राणा, सीपीओ अंजना गुप्ता व सभी जनपदों के जिला प्रोबेशन अधिकारी शामिल रहे। मंत्री रेखा आर्या ने देश के विभिन्न राज्यों से आए दत्तक माता-पिता को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया।

# काउंसलिंग से सुलझे कई पारिवारिक विवाद, 11 महीनों में 147 शिकायतों का निपटारा

नई दिल्ली। महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित व सहयोगी माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यरत दिल्ली पुलिस की स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वुमन एंड चिल्ड्रेन (एसपीयूडब्लूएसी) ने इस वर्ष शानदार कार्यप्रदर्शन दर्ज किया है। 1 जनवरी 2025 से 30 नवंबर 2025 के बीच यूनिट को कुल 180 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 147 का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एसपीयूडब्लूएसी को 1 जनवरी से 30 नवंबर तक कुल 180 शिकायतें मिली। जिसमें पुलिस ने 147 शिकायतों को निपटरा किया। एसपीयूडब्लूएसी ने इनमें से काउंसलिंग के जरिए सुलह करवा कर 35 मामले सुलझाए। जबकि 70 मामलों में मुकदमा दर्ज किया। इसी क्रम में करीब 27 मामलों की फाइल बंद की। इतना ही नही पुलिस ने आपसी सहमति से 15 मामलों को भी निपटारा करवाया। पुलिस अधिकारी के अनुसार एसपीयूडब्लूएसी की काउंसलिंग सेवाओं ने कई परिवारों को फिर से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई है। पीड़ितों को सुरक्षित वातावरण में अपनी परेशानियों को साझा करने और समाधान पाने का अवसर मिल रहा है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063